P-01:28 paga09_jhn.qxd 11/12/2025 8:45 PM Page 1

www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 295
नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 13 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 दक्षिण-पश्चिम जिले में वाहन चोरी के दो ...
06 कहां तक बहेगी ऐसे 'ज्ञान' की अविरल धारा
आतंकी कनेक्शन यूपी से जुड़ा, योगी ने ... 12

## राष्ट्रपति मुर्मु बोत्सवाना पहुंचीं, दोनों देशों ने व्यापार, स्वास्थ्य और प्रोजेक्ट चीता पर सहयोग बढ़ाने का किया फैसला



उत्तम भारत संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बोत्सवाना के राष्ट्रपति ड्यूमा गिडियन बोकॉ के साथ गाबोरोन में वार्ता करके व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा, डिजिटल तकनीक और वन्यजीव संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने बोत्सवाना को प्रोजेक्ट चीता के अगले चरण के तहत भारत को चीता भेजने पर धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, यह भारत की ओर से बोत्सवाना की पहली राष्ट्रपति स्तरीय यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु अपने अंगोला और बोत्सवाना के राजकीय दौरे के अंतिम चरण में सोमवार (11 नवंबर 2025) को गाबोरोन पहुंचीं। उनके साथ जल शक्ति और रेल राज्य मंत्री वी. सोमन तथा सांसद पभुर्भाई नगरभाई वसावा

> ✔ उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मु के शिक्षा, लैंगिक समानता और सामाजिक उत्थान के प्रयासों की सराहना की

और डी. के. अरुणा भी मौजूद थे। वार्ता के दौरान दोनों देशों ने व्यापार और निवेश, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, कौशल विकास और रक्षा सहयोग को नई दिशा देने पर बल दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत, बोत्सवाना के साथ अपने संबंधों को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और अफ्रीका के साथ साझेदारी को सशक्त करने के लिए भारत-अफ्रीका फोरम समिट के ढांचे में मिलकर कार्य करेगा। राष्ट्रपति बोकॉ ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि भारत ने बोत्सवाना के विकास में हमेशा प्रेरणा और सहयोग दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मु के शिक्षा, लैंगिक समानता और सामाजिक उत्थान के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर दोनों देशों के बीच फामाकीपिया (औषध संहिता) पर एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए, जिससे बोत्सवाना के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती भारतीय दवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। भारत ने बोत्सवाना के अनुरोध पर एंटी-रेट्रोवायरल (एआरवी) दवाओं की आपूर्ति करने की भी घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों के इतिहास में महत्वपूर्ण पड़ाव है, विशेषकर साल 2026 में होने वाली राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ को ध्यान में रखते हुए।

## रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में की जनसुनवाई, कहा: जनसंवाद ही सुशासन की आत्मा



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान राजधानी के विभिन्न इलाकों से आए नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने जनता की समस्याएं, शिकायतें और सुझाव बड़ी गंभीरता से सुने तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के स्पष्ट निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई हो, ताकि लोगों को उनके अधिकारों और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से बात की और उनके सुझावों और समस्याओं को जल्द से जल्द निपटान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का प्रयास है कि शासन-प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को समाप्त किया जाए और जनभागीदारी से शासन को और अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंवाद ही सुशासन की आत्मा है। जनता से जुड़ना, उनकी बातें सुनना और समाधान देना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। इसी संवाद से हमारे सुशासन का संकल्प और मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में यह जनसुनवाई कार्यक्रम दिल्ली सरकार के जनसहभागिता और पारदर्शी शासन के प्रयासों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल के माध्यम से सरकार जनता के द्वार तक पहुंचने और उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान का संकल्प लेकर काम कर रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एलएनजेपी अस्पताल में दिल्ली विस्फोट के घायलों से की मुलाकात

साजिश के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।



शैलेन्द्र शर्मा

**नई दिल्ली।** भूटान की दो दिवसीय यात्रा से लौट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गए। उन्होंने घायलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों ने भी उन्हें घायलों की स्थिति की जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, एलएनजेपी अस्पताल जाकर दिल्ली में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। साजिश के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान से देशवासियों को संदेश देते हुए कहा था कि इस षड्यंत्र के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत की एजेंसियां इस पूरी साजिश की तह तक जाएंगी और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा था, आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने पूरे देश को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों के दुख को भली-भांति समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि वह सोमवार रातभर इस घटना से जुड़ी सभी एजेंसियों और वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में थे। उन्होंने कहा, विचार-विमर्श जारी है, जानकारियों के तार जोड़े जा रहे हैं। हमारी एजेंसियां षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इस कायराना हरकत में शामिल किसी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। सोमवार शाम लगभग 6:52 बजे दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक के पास सफेद हुंडई आई20 कार में शक्तिशाली विस्फोट हुआ। यह धमाका ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी कार में हुआ, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 लोग घायल हुए।

## अब से जारी होने वाले सभी ई-पासपोर्ट होंगे: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि अब से जारी होने वाले सभी पासपोर्ट, ई-पासपोर्ट होंगे, जिनमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और एंटीना लगे होंगे, ताकि नागरिकों की जानकारी अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के मानकों के अनुसार सुरक्षित रहे। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम पीएसपी वी2.0 के साथ जुड़ा एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो देशभर में पासपोर्ट सेवाओं को आधुनिक, सुरक्षित और तेज बनाने की दिशा में उठाया गया है। विदेश मंत्रालय ने अपने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी वी2.0), ग्लोबल पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (जीपीएसपी वी2.0) और ई-पासपोर्ट के सफल क्रियान्वयन की घोषणा की। इन पहलों से पासपोर्ट सेवाएं अब और अधिक तेज, पारदर्शी और डिजिटल रूप से एकीकृत हो गई हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएसपी वी2.0 को 26 मई 2025 को देशभर के 37 पासपोर्ट कार्यालयों, 93 पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पीएसके) और 450 डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पीओपीएसके) में सफलतापूर्वक लागू किया गया। इसके बाद जीपीएसपी वी2.0 को 28 अक्टूबर 2025 से विश्वभर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में शुरू किया गया। नया पीएसपी वी2.0 एक डिजिटल रूप से एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र है, जो पासपोर्ट सेवाओं से जुड़े सभी हितधारकों को जोड़ता है। इसमें एआई (एआई) आधारित चैट व वॉइस बॉट्स की सुविधा दी गई है ताकि नागरिक आवेदन प्रक्रिया या शिकायतों के दौरान तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।

## औद्योगिक कॉरिडोर में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईआर और एनआईसीडीसी के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** देश में औद्योगिक विकास को वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार से जोड़ने के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के साथ राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम (एनआईसीडीसी) नेबुधवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर हस्ताक्षर विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन कार्यरत सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी और एनआईसीडीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजत कुमार सैनी की उपस्थिति में नई दिल्ली स्थित सीएसआईआर मुख्यालय में किए गए। इस अवसर पर डॉ. विभा मल्होत्रा साहनी, प्रमुख, प्रौद्योगिकी प्रबंधन निदेशालय (सीएसआईआर) और विकास गोयल, महाप्रबंधक (कॉरपोरेट रणनीति और विपणन, एनआईसीडीसी) ने दस्तावेजों का आदानझ्रप्रदान किया। वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे। इसके तहत स्मार्ट शहरों में अनुसंधान केंद्र, औद्योगिक नवाचार हब और प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे उद्योग, शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। साझेदारी के अंतर्गत औद्योगिक स्वचालन, जैव प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत सामग्री, डिजिटल निर्माण, रोबोटिक्स, एयरोस्पेस, अवसंरचना अभियांत्रिकी, रसायन, औषधि निर्माण, चिकित्सीय उपकरण, वैज्ञानिक यंत्र, कृषि प्रसंस्करण और सतत विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## दिल्ली विस्फोट मामले में अबतक 15 गिरफ्तार, तीन को लिया हिरासत में

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके में जैश-ए-मोहम्मद के लिए कथित तौर पर काम करने वाले एक डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और तीन को हिरासत में लिया गया है। ये गिरफ्तारियाँ जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की हैं और अब तक कुल 56 डॉक्टरों से पूछताछ की जा चुकी है। इस मॉड्यूल पर सोमवार शाम 6:52 बजे लाल किले में हुए विस्फोट का आरोप है।

अस्पताल के सूत्रों ने एक मीडिया संस्थान को बताया कि मृतकों के शरीर पर किसी विस्फोटक सामग्री के होने का प्रमाण नहीं मिला, हालांकि जांचकताओं को संदेह है कि विस्फोट में एक संशोधित विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया होगा। इस पूरे प्रकरण की शुरूआत श्रीनगर के नौगाम पुलिस थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले एक आपत्तिजनक पोस्टर से हुई। इससे पहले 19 अक्टूबर को धमकी के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया और जांच शुरू की गयी। जाँच के शुरूआती चरण में 20 से 27 अक्टूबर के बीच शोपियाँ से मौलवी इरफान अहमद वाघ और गंदेरबल के वाकुरा से जमीर अहमद की गिरफ़्तारी हुई।

सहारनपुर से पांच नवंबर को डॉक्टर आदिल की गिरफ़्तारी हुई, जिसके बाद सात नवंबर को अनंतनाग अस्पताल से एक एके-47 राइफल और अन्य गोला-बारूद बरामद हुआ। फिर, आठ नवंबर को फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय से और राइफलें, पिस्तौलें और गोला-बारूद बरामद हुए। बाद में हुई पूछताछ में मॉड्यूल के और सदस्यों का पता चला, जिसके परिणामस्वरूप डॉक्टर मुजम्मिल की गिरफ़्तारी हुई और हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा से जब्त किया गया। नौ नवंबर को फरीदाबाद के धोज निवासी मद्रासी नाम के एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया गया। इसके बाद फरीदाबाद के ढेरा कॉलोनी स्थित अल फलाह मस्जिद के इमाम हाफि ज मोहम्मद इश्तियाक के आवास से 10 नवंबर को 2,563 किलोग्राम विस्फोटक बरामद हुए। इसके अतिरिक्त छापों में 358 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और टाइमर बरामद किए गए, जिससे विस्फोटकों की कुल मात्रा लगभग 3,000 किलोग्राम हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन अभियानों के दौरान अल फलाह विश्वविद्यालय का कर्मचारी और कथित मॉड्यूल का सदस्य डॉक्टर उमर मोहम्मद भूमिगत हो गया।

राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास ही 10 नवंबर की शाम को दिल दहलाने वाला विस्फोट हुआ, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआईए) और फोरेंसिक टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और घटनास्थल से डीएनए नमूने, विस्फोटक अवशेष और अन्य साक्ष्य एकत्र किए गए।

लाल किले के विस्फोट स्थल से जांच दल को एक कटा हुआ हाथ मिला है, जिसके बारे में संदेह है कि वह डॉ. उमर मोहम्मद का था, जिस पर आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। इसकी पुष्टि के लिए उसकी माँ के डीएनए नमूनों की जाँच की जा रही है।



## फरीदाबाद : अलफलाह विश्वविद्यालय का दावा, पकड़े गए डाक्टरों का ड्यूटी के अलावा नहीं कोई संबंध

**आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद पहली बार वीसी ने जारी किया बयान**

**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए विस्फोट और फरीदाबाद से विस्फोटक बरामद होने की घटना के बाद हरियाणा के फरीदाबाद जिले के धौज गांव में स्थित अलफलाह यूनिवर्सिटी ने बुधवार को पहली बार अधिकारिक बयान जारी किया है। विवि प्रबंधन ने डाक्टरों की गिरफ्तारी के मामले में अपना पक्ष रखा है। वाइस चांसलर प्रो. भूपिंदर कौर आनंद ने बयान जारी करते हुए कहा कि हमारे दो डॉक्टर (डॉ. मुजम्मिल और शाहीन सईद) हिरासत में हैं। उनकी ड्यूटी के अलावा यूनिवर्सिटी का इससे कोई संबंध नहीं है। यूनिवर्सिटी के अंदर किसी भी तरह का केमिकल या विस्फोटक नहीं रखा जाता है। हमारी लैब का इस्तेमाल सिर्फ एमबीबीएस के छात्रों को पढ़ाने और ट्रेनिंग देने के लिए होता है। विवि प्रबंधन की तरफ से किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। हर काम कानून के हिसाब से किया जाता है। यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) भूपिंदर कौर आनंद ने कहा कि अल-फलाह ग्रुप 1997 से कई कॉलेज और स्कूल का संचालन करता है। 2009 में इसे खुद के कोर्स चलाने की अनुमति मिली और 2014 में यह यूनिवर्सिटी बन गई। इसे यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (जीसी) ने भी मान्यता दी है। अल-फलाह अस्पताल 2019 से मेडिकल कॉलेज चला रहा है और यह भारतीय यूनिवर्सिटीज के संगठन का सदस्य भी है। उन्होंने बताया कि हमारी यूनिवर्सिटी एमबीबीएस के छात्रों को पढ़ाती है। यहां से पास हुए डॉक्टर आज देश के बड़े अस्पतालों में काम कर रहे हैं। हमने 2023 में कुछ विषयों में पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल कोर्स (एमडी/एमएस) भी शुरू किए हैं। हाल में जो बुरी घटनाएं हुई हैं, उनसे हमें बहुत दुख हुआ है और हम उनकी कड़ी निंदा करते हैं। हम उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्हें इन घटनाओं से नुकसान हुआ है। हमें पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियां पकड़ कर ले गई हैं। हम साफ कर देना चाहते हैं कि यूनिवर्सिटी का इन लोगों से कोई रिश्ता नहीं है, बस इतना है कि ये लोग यहां काम करते थे। यूनिवर्सिटी उन झूठी खबरों से परेशान है जो कुछ वेबसाइटों पर फैलाई जा रही हैं।

## मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई सम्पन्न : 12 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

> ✔ पक्के मकान ध्वस्त होने पर पर्वतीय क्षेत्रों में तीन लाख और मैदानी क्षेत्र में 2 लाख 80 हजार रुपए देने की व्यवस्था थी, जिसे बढ़ाकर 5 लाख और कच्चे मद की तय धनराशि के साथ एक लाख रुपए मुख्यमंत्री राहत मद से दिया जाएगा।



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। धामी मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट बैठक के दौरान राज्य स्थापना की रजत जयंती के विशेष अवसर पर, मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य को प्रदान किए गए मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। मंत्रिमंडल ने कहा कि राष्ट्रपति और पीएम मोदी के प्रेरक मार्गदर्शन ने सतत विकास, लोक कल्याण और नवाचार के पथ पर आगे बढ़ने के उत्तराखंड के संकल्प को और सुदृढ़ किया है। कैबिनेट ने उपनल कार्मिकों को मिनिमम वेतनमान और डीए देने के लिए एक उपसमिति बनाने का निर्णय लिया गया है। कमेटी बनाने के लिए सीएम को अधिकृत किया गया है।ऐसे में अगले कुछ दिनों में कमेटी का गठन होने के बाद दो महीने का समय कमेटी को दिया जाएगा। कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव में 'देवभूमि परिवार योजनाा' को मंजूरी दी है। जिसके तहत हर परिवार की यूनिक आईडी बनायी जाएगी।कैबिनेट ने तय किया कि इस योजना के तहत राज्य के प्रत्येक परिवार का एक डिजिटल परिवार पहचान नंबर तैयार किया जाएगा।

इससे न केवल सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण को सुविधा मिलेगी, बल्कि सरकार की योजनाओं की बेहतर निगरानी और सीधी पहुंच भी सुनिश्चित होगी। मंत्रिमंडल ने आपदा प्रभावित परिवारों को मदद के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग के तहत उत्तरकाशी समेत प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में आई आपदा के प्रभावितों को सहायता से संबंधित फैसला लिया गया है।मृतकों को एसडीआरएफ मद से मिलने वाले चार लाख की धनराशि को 5 लाख किया गया है। पक्के मकान ध्वस्त होने पर पर्वतीय क्षेत्रों में तीन लाख और मैदानी क्षेत्र में 2 लाख 80 हजार रुपए देने की व्यवस्था थी, जिसे बढ़ाकर 5 लाख और कच्चे मद की तय धनराशि के साथ एक लाख रुपए मुख्यमंत्री राहत मद से दिया जाएगा। कैबिनेट ने स्थानीय निकायों में लोक स्वास्थ्य से संबंधित तमाम नीतियों के लिए पीएमयू के गठन को मंजूरी दी गई है । पीएमयू के गठन का उद्देश्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यों का पर्यवेक्षण करना, केंद्रीय और राज्य वित्त आयोग की ओर से स्वास्थ्य के लिए प्राप्त धनराशि की मॉनिटरिंग, नागरिक स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित मानव संसाधन उपलब्ध कराना एवं प्रशिक्षण देना और स्वास्थ्य संबंधित शहरी निकायों के तहत संचालित योजनाओं का पर्यवेक्षण करना है।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 11/12/2025 9:46 PM Page 1



# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती पर निकाली गई एकता यात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर आयोजित चंदौसी विधानसभा क्षेत्र की एकता-यात्रा (यूनिटी- मार्च) का शुभारंभ गांधी पार्क, चंदौसी से राज्यमंत्री गुलाब देवी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। राज्यमंत्री ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड में हुआ था। वे एक वकील, स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता थे। भारत की स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में कार्य किया, और 552 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में सफलतापूर्वक एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस योगदान के कारण उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है।

यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के हजारों पदाधिकारी और कार्यकर्ता, स्कूलों के छात्र व छात्राओं, सामाजिक संस्थाओं के लोगों द्वारा भारत माता की जय,सरदार पटेल जी अमर रहे के उदघोष हाथों में तिरंगा झंडा लेकर गांधी पार्क से स्टेशन रोड,भगत सिंह प्रतिमा, शक्ति नगर पहुंचकर यात्रा के प्रथम पड़ाव पर भूदेव शर्मा ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की चर्चा की यात्रा इसके बाद विकास नगर चौराहा, बहजोई रोड होते हुए चह स्कूल के पास यात्रा के दूसरे पड़ाव पर रुककर पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह पप्पू जी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जीभके द्वारा देश के एकीकरण में एवं विभिन्न रियासतों के विलय में उनकी भूमिका को विस्तार से बताया।यात्रा को आगे बढ़ाते हुए मॉडल लॉ कॉलेज के प्रांगड़ में समाप्त किया गया। समापन में राज्यमंत्री गुलाब देवी ने सभी का आभार प्रकट किया और यात्रा की सार्थकता के बारे में बताया और कहा कि एकता यात्रा के द्वारा यह संदेश हम सब को दिया जाता कि भारत के विकास में उसकी सुरक्षा में हम सब को एक होकर खड़े रहना है। समापन में बोलते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन दर्शन को पढ़ना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए, विपक्षी पार्टियों ने कभी पटेल जी को सम्मान नहीं दिया भाजपा सरकार ने जो सम्मान दिया है वो उन्हें पहले से मिल जाना चाहिए था। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया ने किया। यात्रा में जिला प्रवासी क्षेत्रीय कार्यकारणी सदस्य गोविंद चौधरी, जिला संयोजक विपिन गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह, नरेंद्र सिंह, मंजू दिलेर, अंकुर अग्रवाल, ललित मोहन शर्मा, गिरराज मौर्य, हरवेश राघव, हिरदेश राणा, तरुण कुमार नीरज, रोहित दिवाकर, चंद्रसेन दिवाकर, राजेश शंकर राजू, देवेंद्र गुप्ता, लता वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, सुरेश सैनी, मुकुल रस्तोगी, अंकित जैन, परमेश्वर लाल सैनी, सिवेंद्र, राजकुमार यादव, पुष्पलता पाल, राजकुमार ठाकरे, ओमवीर खड़ागवंशी, कमल कुमार कमल, मनोज दिवाकर, गिरीश बंधु, आमोद वार्ष्णेय, विनोद कुमार बिन्नी, सुधीर मल्होत्रा, रामजी तोमर, टी एस पाल, सुशील पाल, अभिनव शर्मा, पप्पू मौर्य, शुभम अग्रवाल, यश मदान, आकाश आहूजा आदि उपस्थित रहे।

# घर-घर जाकर कल्कि भक्तों से संगठन करेगा जुड़ने का आह्वान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) द्वारा प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर, कोट पूर्वी में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम श्री कल्कि भगवान के कल्याणकारी महामंत्र का 11 बार उच्चारण किया गया।

बैठक में श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा सगठन विगत 33 वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करते हुए निरन्तर सक्रिय है और भगवान श्री कल्कि जी की अलख घर-घर में जगाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में आज की बैठक में यह तय किया गया है कि संगठन द्वारा नगर और गांव में घर-घर जाकर भगवान श्री कल्कि जी के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे, जिससे हमारा संगठन अधिक मजबूत हो और सनातन धर्म और समाज की सेवा करता रहें। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक सुभाष त्यागी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री कल्कि संगठन आज समाज का एक सक्रिय संगठन है और जिस प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में हम बैठक कर रहे हैं, वह समस्त विश्व में रह रहें कल्कि भक्तों के लिए आस्था का केंद्र है और इस आस्था के केंद्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हमारा संगठन सदैव तत्पर रहा है और रहेगा। गगन वार्ष्णेय ने कहा कि संगठन द्वारा घर-घर जाकर कल्कि भक्तों से संगठन से जुड़ने का आह्वान करेगा ताकि सभी के सहयोग से हमारा देश और समाज मजबूत हो सके। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजवीर सिंह, गोपाल शर्मा, अनुराग रस्तोगी, नवीन सक्सेना, संजय गुप्ता पोली, संजीव शुक्ला, अभिषेक शर्मा, आकाश चौहान, प्रियांशु अग्रवाल, सुषमा गुप्ता, आशीष गुप्ता, नवरत्न वार्ष्णेय, अमित पवार, सुमित रस्तोगी, अर्जुन शर्मा, सौरभ अग्रवाल, राजुल गुप्ता, अक्षय गुप्ता, हर्षित शर्मा, आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा व संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता विकास कुमार वर्मा ने किया।

# हैण्डीक्राफ्ट कारखाने मे अचानक लग उठी आग से मचा हड़कम्प

*** आग से लाखों का भारी नुकसान, अफ्सरो ने मौके पर पहुंचकर किया निरीक्षण**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** हैण्डीक्राफ्ट कारखाने मे अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया। बमुश्किल तमाम कई घण्टो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की लपटो मे लाखों का माल जलकर राख हो गया। गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करते हुए घटना की जानकारी की।

जनपद सम्भल के थाना हयातनगर क्षेत्र के उपनगरी सरायतरीन के होली चौक मंगलपुरा निवासी अजीम और वसीम पुत्रगण यूनुस का मौहल्ला भूड़ा दौलतपुरी मार्ग पर मुल्लाजी इंतेज़ार के मकान मे किराये पर कैमिकल से हैंडी क्राफ्ट आईटम बनाने का कार्य होता है। कारखाने में मशीनों और बिजली चलित अन्य उपकरणों से हैंड्री क्राफ्ट के आईटमों को तैयार किया जाता है। बुधवार की दोपहर घनी आबादी के बीचो-बीच संचालित कैमिकल के कारखाने में कारीगर काम का रहे थे कि तभी अचानक कारखाने में रखे ज्वलनशील पदार्थ में आग लग गई। आग ने कुछ देर मे भयंकर रूप ले लिया। आसमान मे दूर तक काला धुंआ उठाने लगा। घटना से मौहल्ले वासियों मे हड़कम्प मच गया। आग लगने की जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ आलोक कुमार भाटी व हयात नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अलावा एफ्एसओ ए के ओझा दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंच गए। इससे पूर्व स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग का रौद्र रूप बढ़ता जा रहा था। मौके पर पहुंचे दमकल के वाहनों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

इस बीच आग भयंकर होते ही चन्दौसी और गुन्नौर से भी दमकल के वाहनों को बुलवा लिया गया। सभी वाहनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग से घिरे कारखाने के अंदर जाने का रास्ता न होने से काबू में नहीं आ पा रही थी। कारखाने के अंदर रखा ड्रम में ब्लास्ट होते ही आसपास के लोगों की दहशत और बढ़ गयर। बढ़ती जा रही आग पर काबू पाने को पड़ोसी घरों की ओर से दीवार आदि को तोड़ा गया। दमकल कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से करीब दो घंटे के अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक आग में कारखाना पूरी तरह जल चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कारखाने में लगी मशीनों पर कारीगर काम कर रहे थे अचानक मशीन पर रगड़ से निकली चिंगारी/शार्ट सर्किट से कैमिकल ने आग पकड़ ली और उसने रौद्र रूप ले लिया। अग्निकांड में हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आबादी के बीच ज्वलनशील पदार्थ के कारखाने संचालित होने से बड़े सवाल खड़े कर दिये है। सूचना मिलने के बाद नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी और उपजिलाधिकारी ने पहुंचकर जानकारी ली।

# सामूहिक रूप से वंदे मातरम को गाकर पैदा किया देशभक्ति का जुनून

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर में छात्र-छात्राओं, शिक्षक मंडल एवं ग्राम प्रधान के साथ भारतीय इतिहास संकलन समिति ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम को गाकर इसे देशभक्ति का जुनून पैदा करने वाला गीत बताया। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम करोडो भारतीयों में देशभक्ति का जुनून पैदा करने वाला राष्ट्रीय गीत है। उन्होंने कहा कि आजादी के दीवाने परवाने वंदे मातरम गाते हुए फांसी के फंदे पर झूल गए। भवानीपुर के ग्राम प्रधान विष्णु कुमार ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ संपूर्ण देश में धूमधाम से मनाई जा रही है। हम सबको राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझकर सीखकर निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कर्तव्य पालन को ही सर्वश्रेष्ठ धर्म बताया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा ने वंदे मातरम को भारत भारतीयता का प्रतीक बताकर इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतुल कुमार शर्मा, ग्राम प्रधान विष्णु कुमार तथा अभिभावक चौधरी किशन वीर सिंह, चरन सिंह आदि ने भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा तथा लेखक प्रमुख उमेश सैनी को शौल ओढ़ाकर माल्यार्पण करके तथा पुस्तक भेंट करके अभिनंदन स्वागत किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं अभिभावक शिक्षक मंडल ग्राम प्रधान एवं इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने आस्था श्रद्धा के साथ गर्व और गौरवपूर्ण अंदाज में राष्ट्रीय गीत सामूहिक रूप से गाया। कार्यक्रम में उमेश सैनी, चौधरी विष्णु सिंह, सेवाराम सिंह यादव, अतुल कुमार शर्मा, चौधरी किशनवीर सिंह, चरन सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका तृषा लोधी ने किया।

# 'ऑपरेशन सवेरा 'नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर 'अभियान में दो चढ़े पुलिस



*** सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नकुड।** थाना नकुड़ पुलिस का नशे की तस्करी पर करारा प्रहार–नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 50 ग्रा द्वारा मादक पदार्थों / नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी / बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में 'ऑपरेशन सवेरा '- 'नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन मे, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर अभियुक्त परवेज पुत्र जरीन निवासी ग्राम पथरवा थाना बेहट जनपद सहारनपुर को ग्राम चढ़ाव के बाहर स्थित जिन्दा हसन के आम के बाग से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के *कब्जे से 50 ग्राम अवैध स्मैक, 2100/- रुपए नकद व 01 इलेक्ट्रॉनिक काँटा* बरामद । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 513/25 धारा 8/21 NDPS ACT के पंजीकृत किया गया है । अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में FORWARD AND BACK-WARD लिंको की जाँच की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाहीके( किये जा रहा है ।

# आसपा के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद ने लिया युवती की शिकायत पर संज्ञान

*** न्याय और दोषियों पर कार्यवाही के लिए डीएम व एसपी को भेजा गया पत्र**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** पुलिस पर उत्पीड़न करने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुए युवती ने आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से गुहार लगाई। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कड़े कदम उठाने और आवश्यक कार्यवाही करने की मांग को पत्र लिखा है।

बताते चलें कि आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चन्द्रशेखर आज़ाद एडवोकेट ने जिलाधिकारी, सम्भल को पत्र भेजा हैं साथ ही उक्त पत्र की बात पुलिस अधीक्षक को भी प्रति भेजी गई है। जिसमे कहा गया कि ग्राम ठिल्लुपुरा, थाना नखासा, जनपद सम्भल द्वारा एक विस्तृत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्होंने छेड़छाड़ एवं बलात्कार के प्रयास के बाद, स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा पक्षपातपूर्ण व्यवहार, अनुचित दबाव, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, मारपीट और झूठे मुकदमे दर्ज करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, थाने में पुलिस द्वारा की गई मारपीट के कारण पीड़िता सोनम को गंभीर चोटें आई हैं और उसे खून की उल्टियाँ हो रही हैं। वर्तमान में वह चिकित्सा उपचाराधीन है और परिवार भयभीत अवस्था में होना बताया। प्रकरण संवेदनशील एवं गंभीर प्रकृति का मनानते हुए अफ्सरों से मांग करते हुए अवगत कराया गया कि पीड़िता की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति का चिकित्सीय परीक्षण कराकर, उसे तत्काल आवश्यक उपचार एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि वास्तविक तथ्यों का पता चल सके। पुलिस कर्मियों द्वारा अनुचित आचरण, शक्ति का दुरुपयोग या जातीय टिप्पणी की पुष्टि होती है, तो उनके विरुद्ध विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। पीड़िता एवं उसके परिवार की सुरक्षा एवं सम्मान की रक्षा हेतु स्थानीय प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएँ। जांच एवं कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट कार्यालय को प्रेषित की जाए। पत्र मे उक्त मामले में न्यायोचित, पारदर्शी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाकर पीड़िता एवं उसके परिवार को न्याय के लिए कहा गया है।

# ऑनलाइन माध्यम से गोष्ठी की गई

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** आज पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर द्वारा परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के साथ ऑनलाइन माध्यम से गोष्ठी की गई। उक्त गोष्ठी में डी आई जी सहारनपुर द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा की गई ऑनलाइन गोष्ठी के क्रम मे प्रशिक्षणरत आरक्षीगण के प्रशिक्षणोपरान्त जनपद आगमन करने पर थाना स्तर पर तैनाती हेतु तैयारियों की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जान की परवाह न कर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल कूदे आग बुझाने

*** स्थानीय लोगों ने दिखाया हौंसला कहीं तोड़ी दीवार तो कहीं से फैंकी पानी से भरी बाल्टीयां**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** हैण्डीक्राफ्ट कारखाने मे लगी आग से आसपास के इलाके मे हड़कम्प मच गया। आग इतनी भयंकत थी की दूर तक धुआ पहुंचा तो लोग बुझाने को दौड़ पड़े। सूचना शहर विधायक इकबाल महमूद के पुत्र सुहैल इकबाल को लगी तो वह भी मौके पर जा पहुंचे। विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने आग की लपटो को देखने के बाद स्थानीय लोगों और दमकल विभाग के साथ बुझाने मे जुट गये। आग इतनी भयंकर थी की पास जाने को भी कोई तैयार नहीं थी। लेकिन कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाई और आग बुझाने का काम किया। वहीं आग की लपटो की परवाह न कर विधायक पुत्र सुहैल इकबाल ने भी आग बुझाने के लिए समर सेबिल थाम बुझाते नज़र आये। धुंऐ के आग कुछ देर को तो पास टिक पाना बड़ा ही मुश्किल था लेकिन खुद की जान की परवाह न करते हुए सुहैल इकबाल ने जिस तरह आग को बुझाने के लिए आगे बढ़े तो लोगों का हौंसला बढ़ गया और वह भी आग बुझाने के लिए तमाम साधन मे जुट गये। कहीं से दीवार तोड़ी गई तो कहीं छत के ज़रिये पानी भकर बाल्टीयां फैंकी गई। बमुश्किल कई घण्टो बाद आग पर काबू पाया गया वरना आग दूसरे मकानों को भी अपनी चपेट मे ले सकती थी।

# बाल विवाह रोकने के लिए एसपी ने जिले के सभी अधिकारियों को जारी किये निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** जनपद सम्भल मे लगातार बाल विवाह जैसे अपराध को रोकने के लिए लगातार अभियान चल रहा है। लोगों को जागरूक कर इस अपराध को रोकने और इसे खिलाफखड़ा होने का आहवान किया जा रहा है। वहीं एसपी ने भी बाल विवाह जैसे अपराधों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

जानकारी अनुसार बताते चलें कि जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने एक अनूठी पहल की है। जिसके तहत जिला प्रोवेशन अधिकारी, पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विधालय निरीक्षक और समस्त क्षेत्राधिकारी तथा सभी थाना प्रभारियों को एक आधिकारिक पत्र जारी कर बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जिसमें बाल विवाह को सामाजिक कुप्रथा बताते हुए इसे रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कार्रवाई पर जोर दिया गया है। और संभल में वर्तमान समय में भी ऐसे तथ्य संज्ञान में आ रहे हैं कि लगातार बाल विवाह हो रहे हैं। इसके लिए उपर्युक्त विषय के संबंध में जनपद में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान/सचिव/आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं चाइल्डलाइन के द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। बाल विवाह के खिलाफपिछले कई बर्षो जिले में काम कर रहे प्रयत्न संस्था (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन) के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने पिछले दिनों अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के साथ सभी थानों एवं जिला स्तरीय अधिकारीयों के साथ बैठक कर एक कार्ययोजना तैयार की थी जिसमें ग्राम प्रधान/सचिव/आशा/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/चाइल्ड लाइन टीम व बाल संरक्षण अधिकारियो द्वारा उपर्युक्त विषय पर ग्राम सचिवालयों में आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, बाजार चौराहों में एवं सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया था। और जनपद में होने वाले बाल विवाहों की सूचना सम्बन्धित थानों पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी/चाइल्ड लाइन नंबर 1098/डायल-112 या प्रयत्न संस्था (जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन) की टीम को देने का सुझाव दिया था जिससे बाल विवाह के खिलाफ प्रभावी रोकथाम की जा सके। साथ ही उपरोक्त सभी विभाग प्रत्येक माह आयोजित होने वाली मासिक मीटिंग में उक्त विषय पर प्रगति आख्या एस पी कार्यालय स्थित थाना ए एच टी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें जिससे अभियान को गति मिल सके। संभल पुलिस की इस पहल को सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने सराहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्राम स्तर पर जागरूकता और समन्वित कार्रवाई से बाल विवाह जैसी कुरीति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। संभल पुलिस की यह मुहिम जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में बाल अधिकारों की रक्षा के लिए एक मिसाल बन सकती है।

# कम्पनी बाग में भव्य सहारनपुर खादी महोत्सव का विधायक नगर ने किया उद्घाटन

*** 20 नवम्बर तक लगेगी प्रदर्शनी**

*** स्वदेशी उत्पादों को अपनाते हुए दें बढावा - राजीव गुम्बर**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, सहारनपुर द्वारा भव्य सहारनपुर खादी महोत्सव, 2025-26 का आयोजन कम्पनी बाग, बेहट रोड, सहारनपुर में 11 नवम्बर से 20 नवम्बर 2025 तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक नगर राजीव गुम्बर द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के उपरान्त राजीव गुम्बर द्वारा प्रदर्शनी में विभिन्न शहरों एवं राज्यों से आयी उत्कृष्ट इकाईयों का भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा महात्मा गांधी जी की मूर्ति का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

इस अवसर पर आर्य कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विधायक राजीव गुम्बर द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढावा देते हुए अपनाने का आग्रह किया गया तथा अलग-अलग राज्यों एवं जनपदों से आयें उद्यमियों को प्रेरित किया गया एवं स्टॉलों में लगे उत्पादों की सराहना की गयी। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनी के आयोजक परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा विधायक राजीव गुम्बर एवं अन्य अधिकारी, बन्धुओ व उपस्थित आंगनवाडी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रदर्शनी में 13 नवम्बर 2025 को सायं 5.30 बजे ''खादी एक विचार'' आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, मुजफ्फरनगर सोम प्रकाश, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, शामली जुगल किशोर, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक श्री आर0एस0 भदौरिया व खादी ग्रामोद्योग विभाग के सेवानिवृत्त तथा वर्तमान स्टॉफ उपस्थित रहें।

# जागरूकता अभियान चलाकर बताये गये यातायात का पालन करने को नियम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी के कुशल नेतृत्व में जनपद संभल में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भगत जी इंटरनेशनल स्कूल बहजोई में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संकेतों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से प्रश्नोत्तर किए गए तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत बालियान, प्रभारी यातायात द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने, यातायात नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया। चौधरी सराय चौराहा, कोतवाली संभल में निरीक्षक अपराध, कोतवाली संभल व यातायात प्रभारी, जनपद संभल द्वारा यातायात माह नवम्बर 2025 के अंतर्गत आम जनमानस को एकत्रित कर यातायात नियमों से अवगत कराते हुए पालन करने की हिदायत दी गई तथा सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया।

## सम्बंध विच्छेद

मैने अपने पुत्र मोनू कुमार पुत्र दिनेश कुमार तथा उसकी पत्नी सलोनी द्वारा आए दिन परिवार के साथ अत्याचार व दुर्व्यवहार करने चलते सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके गलत कृत्य से हमारा कोई सम्बंध नहीं है।

**दिनेश कुमार पुत्र लल्लू सिंह**
**निवासी ग्राम रझा थाना एचौड़ा कम्बोह तहसील व जिला सम्भल**

# राजधानी दिल्ली की हवा दमघोंटू, एक्यूआई 400 से ऊपर बरकरार

लिशा शर्मा

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। बुधवार को फिर से राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में धुंध की परत छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गीता कॉलोनी-लक्ष्मी नगर रोड इलाके में बुधवार सुबह एक्यूआई 413 दर्ज किया गया। इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आसपास का क्षेत्र भी जहरीली धुंध की घनी परत में लिपटा हुआ है और इस क्षेत्र में एक्यूआई 408 बना हुआ है। इसके अलावा, वायु गुणवत्ता सूचकांक अलीपुर में 431, आनंद विहार में 438, अशोक विहार में 439, चांदनी चौक में 449, द्वारका सेक्टर-8 में 422, आईटीओ में 433, जहांगीरपुरी में 446, आरके पुरम में 432 और रोहिणी में 442 है। इसी बीच, दिल्ली में बुधवार से



कक्षा 5 तक के प्राथमिक छात्रों के लिए हाइब्रिड मोड लागू हो रहा है।

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)-3 के बाद यह फैसला लिया गया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को घोषणा की कि जीआरएपी चरण-3 के मद्देनजर सुरक्षा उपाय तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, कक्षा 5 तक, बुधवार से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी। स्कूलों में हाइब्रिड मोड लागू रहेगा। दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने एक परिपत्र में कहा, शिक्षा विभाग, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वे कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए हाइब्रिड मोड, यानी फिजिकल और ऑनलाइन (जहां भी ऑनलाइन मोड संभव हो) दोनों में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक कक्षाएं संचालित करें। शिक्षा निदेशक वेदिता रेड्डी ने कहा, सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह जानकारी छात्रों के माता-पिता और अभिभावकों तक तुरंत पहुंचाने का निर्देश दिया जाता है।

## श्री बाबोसा भगवान मिंगसर महोत्सव 2025 की जोरदार तैयारियां दिल्ली में प्रारंभ

दीया शर्मा

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** परम आराधिका मंजू बाईसा के पावन सान्निध्य एवं परम श्रद्धेय प्रकाश जी कोठारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोज्य श्री बालाजी बाबोसा भगवान के वार्षिक मिंगसर महोत्सव 2025 की जोरदार तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इसका मुख्य कार्यक्रम सोमवार 24 नवम्बर 2025 को जेएमडी टेंट, जापानी पार्क के समक्ष,रोहिणी दिल्ली में सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल भजन संध्या एवं श्री बाबोसा भगवान के महाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में देश के सुविख्यात भजन गायक भजनों की अमृत वर्षा करेंगे, वहीं देश की 21 पावन नदियों के जल से महाभिषेक भी होगा। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इसके साथ कई गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे । इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रथम चरण में मंगलवार 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 9 बजे से श्री बाबोसा भगवान सर्व सिद्धि मनोकामना पूर्ण 11 मंगलवारीय व्रतों का उद्यापन समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें विशाल हवन कुंड में परम आराधिका मंजू बाईसा ने सामूहिक पूर्णाहुति देकर व्रतों का उद्यापन किया। श्री बालाजी बाबोसा धार्मिक सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रमों में देश-विदेश के श्रद्धालु शामिल होगें। संस्था के प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाहर से आगंतुक भक्तों के निवास एवं खान-पान के लिए व्यापक तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोमवार 24 नवंबर 2025 को सायं 6 बजे से मंजू बाईसा फेसबुक पेज एवं बाबोसा भगवान यू-ट्यूब चैनल पर भी प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रमों में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आमंत्रण हेतु रोहिणी एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपर्क अभियान के अंतर्गत लाखों कार्डों का घर घर जाकर वितरण किया जाएगा। समारोह के दौरान श्री बाबोसा भगवान की 3 फुट की 501 स्वर्णिम प्रतिमाओं का देश की 21 नदियों के पावन जल से महाभिषेक किया जाएगा। मुख्य आकर्षण के रूप में पंडाल के बाहर विशाल त्रिशूल का निर्माण किया जाएगा।

## दक्षिण-पश्चिम जिले में वाहन चोरी के दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, 8 चोरी के वाहन बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के दक्षिण-पश्चिम जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड (एएटीएस) टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने दो कुख्यात वाहन चोरों को गिरफ्तार किया, जिनकी निशानदेही पर छह चोरी की स्कूटी और दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस कार्रवाई से जिले में हुई 10 वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है। गिरफ्तारी तकनीकी और मैन्युअल निगरानी के साथ 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच के बाद संभव हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित उर्फ बोना (36 वर्ष), निवासी कैलाशपुरी, पालम कॉलोनी, दिल्ली और पंकज उर्फ डाबरा (33 वर्ष), निवासी इसराइल कैंप, रंगपुरी पहाड़ी, दिल्ली, के रूप में हुई है। दोनों अपराधी जिले के अलग-अलग सब-डिविजन में सक्रिय थे। रोहित दिल्ली कैंट क्षेत्र में और पंकज वसंत कुंज क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। हाल के दिनों में दक्षिण-पश्चिम जिले में दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं बढ़ने पर एएटीएस टीम को सक्रिय किया गया। टीम को चोरी स्थलों का दौरा करने, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने और संदिग्धों की पहचान करने का निर्देश दिया गया। इंस्पेक्टर राम कुमार के नेतृत्व में एएसआई प्रवीण, जयपाल, धर्मेंद्र, विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल मोहित, नरेंद्र, रविंदर, देवेंद्र, प्रशांत, मनोज मोरल और कांस्टेबल प्रवीण की विशेष टीम गठित की गई। एसीपी ऑपरेशंस विजय पाल सिंह तोमर के पर्यवेक्षण में यह अभियान चलाया गया। 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की जांच और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान हुई। 10-11 नवंबर 2025 की मध्यरात्रि को छापेमारी की गई। रोहित उर्फ बोना को ब्रह्मपुरी सागरपुर से एक चोरी की स्कूटी के साथ पकड़ा गया, जो ई-एफआईआर नंबर 029891/25 (सेक्शन 305(बी) बीएनएस, थाना पश्चिम विहार) से संबंधित थी। इसी तरह, पंकज उर्फ डाबरा को बंगाली टोला पार्क, रंगपुरी पहाड़ी से टीवीएस एनटॉर्क स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया, जो ई-एफआईआर नंबर 024991/25 (थाना वसंत कुंज दक्षिण) की थी। आरोपियों की निशानदेही पर आगे बरामदगी हुई। रोहित से शकुंतला अस्पताल के पास नाला रोड से दो स्कूटी और पंखा रोड जनकपुरी पेट्रोल पंप से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पंकज से अर्जुन कैंप महिपालपुर से दो स्कूटी और एक मोटरसाइकिल मिली। कुल 8 वाहन बरामद हुए, जिनसे 10 मामले सुलझे। आरोपियों का आपराधिक इतिहास काफी पुराना रहा है और वे कई मामलों में वांछित हैं। रोहित उर्फ बोना ने 2013 में आत्माराम कॉलेज से ग्रेजुएशन किया, लेकिन नौकरी न मिलने पर शरारती तत्वों के संपर्क में आया। शराब और गांजा की लत लगी, फिर जनरल स्टोर से चोरी शुरू की और वाहन चुराने लगा। चोरी के बाद वाहनों में ईंधन भरवाकर लावारिस छोड़ देता था। वह पहले 15 मामलों (चोरी, एमवीटी, आर्म्स एक्ट) में शामिल रहा है। वहीं, पंकज उर्फ डाबरा 7वीं तक पढ़ा, परिवार की गरीबी के कारण पढ़ाई छोड़ी। दिल्ली आकर मजदूरी की, लेकिन गांजा और स्मैक की लत लग गई। जरूरतों के लिए मोबाइल और वाहन चोरी शुरू की। वह 16 मामलों (चोरी, आर्म्स एक्ट, एमवीटी, हत्या का प्रयास) में वांछित था।

## सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डीयू के कॉलेजों, विभागों और छात्रावास परिसरों में बढ़ाई जाएगी सुरक्षा




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों, विभागों और छात्रावास परिसरों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा और उन्हें सुदृढ़ करने को लेकर डीयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड की एक ऑनलाइन बैठक बुधवार, 12 नवंबर को आयोजित हुई। इस बैठक में उत्तर और दक्षिण परिसरों के सभी कॉलेजों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष और छात्रावासों व हॉलों के प्रोवोस्ट शामिल हुए। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के कॉलेजों, विभागों और छात्रावास परिसरों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की गई और उन्हें सुदृढ़ करने पर विचार किया गया। डीयू प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान कई प्रमुख उपायों पर चर्चा की गई और तत्काल कार्यान्वयन के लिए सिफारिश की गई है। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिए गए हैं कि परिसर की सुरक्षा में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। प्रवेश बिंदुओं पर सुरक्षाकर्मी परिसर में प्रवेश करने वाले सभी निजी वाहनों का विस्तृत रिकॉर्ड रखेंगे। कॉलेज परिसर में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों को वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसका सत्यापन सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। बाहरी लोगों का प्रवेश सख्त वर्जित होगा। उन्होंने कहा कि डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह के निर्देशानुसार दिल्ली विश्वविद्यालय अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. मनोज ने बताया कि आज की बैठक में निर्णय लिया गया है कि उत्तर और दक्षिण परिसर के कॉलेजों के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और नियमित रखरखाव को प्राथमिकता दी जाएगी। छात्रावास सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत छात्रावास क्षेत्रों में बाहरी लोगों का प्रवेश वर्जित होगा। सुरक्षा और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आकस्मिक निरीक्षण अभ्यास आयोजित किए जाएँगे। प्रॉक्टर ने बताया कि स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने सहित कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहायता करने की प्रतिबद्धता जताई है। उत्तर, दक्षिण, दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्तों ने परिसर की सुरक्षा बनाए रखने में पूर्ण सहयोग और समन्वय का आश्वासन दिया है। डीयू के मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी (उत्तरी परिसर) और सहायक सुरक्षा अधिकारी (दक्षिणी परिसर) को उत्तर और दक्षिण परिसरों में कड़ी सतर्कता बनाए रखने और 24७7 गश्त सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## दिल्ली-गुरुग्राम कॉरिडोर को स्मार्ट ट्रांजिट जोन बनाने की मांग, गजेन्द्र यादव ने दिया ठोस सुझाव

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली और गुरुग्राम के बीच रोजाना लाखों लोगों की आवाजाही अब एक गंभीर यातायात संकट का रूप ले चुकी है। इसी को देखते हुए विधायक महरौली एवं जिला विकास समिति (दक्षिण) के अध्यक्ष गजेन्द्र यादव ने एक दूरदर्शी और जनहितकारी प्रस्ताव केंद्र सरकार के समक्ष रखा है। गजेन्द्र यादव ने राज्य मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग, हर्ष मल्होत्रा जी को लिखे पत्र में आग्रह किया है कि गुरुग्राम से औरोबिंदो मार्ग तक बन रही एलिवेटेड रोड को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के रिंग रोड तक बढ़ाया जाए। गजेन्द्र यादव ने कहा कि,

> अगर इस एलिवेटेड रोड को केवल औरोबिंदो मार्ग तक सीमित रखा गया, तो यातायात जाम की समस्या जस की तस बनी रहेगी। इसे अक्क्टर तक बढ़ाने से यह पूरा



कॉरिडोर दिल्ली-गुरुग्राम का सबसे सुचारू और सुरक्षित ट्रांजिट मार्ग बन सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह विस्तार दिल्ली के लिए ट्रैफिक राहत की लाइफलाइन साबित हो सकता है — क्योंकि महरौली, साकेत, मुनिरका और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान क्षेत्र में सुबह-शाम का जाम अब नागरिकों के लिए रोज की परेशानी बन गया है।

> अगर एलिवेटेड रोड को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान तक जोड़ा गया तो न केवल ट्रैफिक सुगम होगा, बल्कि मरीजों, आपातकालीन सेवाओं और कामकाजी लोगों के लिए एक स्मार्ट ट्रांजिट जोन तैयार होगा, जो समय, ईंधन और प्रदूषण — तीनों की बचत करेगा — गजेन्द्र यादव ने कहा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस प्रस्ताव को जनता के हित में प्राथमिकता पर मंजूरी देने का आग्रह किया है। गजेन्द्र यादव की इस पहल को दक्षिण दिल्ली के स्थानीय निवासियों और ट्रांसपोर्ट विशेषज्ञों ने भी सराहा है, जो लंबे समय से महरौली-अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मार्ग पर यातायात व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं। यह सुझाव न केवल दक्षिण दिल्ली बल्कि पूरे एनसीआर क्षेत्र को एक नई दिशा दे सकता है — जाम-मुक्त, प्रदूषण-मुक्त और आधुनिक दिल्ली की ओर बढ़ता हुआ कदम।

## रामकथा देती है हर समस्या का समाधान : राजेश्वरानंद

**नई दिल्ली।** जीवन की हर समस्या का समाधान आसानी से रामकथा से प्राप्त हो सकता हैं यह संदेश दिया गया स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा लाजपत नगर जल विहार में आयोजित रामकथा में श्रोताओं को। जल विहार लाजपत नगर महंत सतीश दास जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्री रामकथा में श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर समूह के परमाध्यक्ष स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज एवं करोल बाग 108 फिट हनुमान मंदिर के महंत सूरज गिरी जी महाराज एवं अनेक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी पहुंचे। पुष्पवर्षा के साथ संतो का स्वागत किया गया।स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा कथाव्यास पंडित नाथु राम नगाइच एवं महंत सतीश दास जी महाराज को को शॉल ओढ़ाकर शुभकामनाएं दी गई।कथा आयोजन समिति द्वारा स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज एवं महंत सूरज गिरी जी को स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया गया। स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद प्रदान किया गया।इस दौरान स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज कथा स्थल पर ब्रह्मकुमारी मिशन, दधीचि देहदान समिति शिविर, गीता प्रेस दंत चिकित्सक शिविर में भी पहुंचे और उनके कार्यों में रुचि प्रदर्शित की। इस अवसर पर महंत सतीश दास जी महाराज ने स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा की जा रही सेवा कार्यों हेतु कहा कि स्वामीजी सेवा की प्रतिमूर्ति है।स्वामीजी द्वारा लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार, अभावग्रस्त परिवारों की कन्याओं का विवाह एवं प्रतिदिन भंडारा स्वामीजी की वसुधैव कुटुंबकम विचारधारा का साक्षात उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इस अवसर पर स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि "हम जो भी कार्य करें उसमें निम्न वर्ग को साथ रखने का प्रयास करें। यह दिशा निर्देश भगवान श्री रामचंद्र जी द्वारा युद्ध में छोटे छोटे वानर रीछों भालू को सम्मान देकर दिया गया जिन्होंने इतनी बड़ी राक्षसी सेना को सिर्फ इन्हीं के सहयोग से विजय प्राप्त की गई। हम यह विचार न रखें कि मेरा पुत्र राम जैसा होना चाहिए बल्कि इस विचार से जीवन साकार्थ करे कि मुझे दशरथ बनना है।दूसरे से अपेक्षाएं दुःख का कारण बनती हैं लेकिन अपने कर्तव्य कर्म आनंद के मार्ग पर बढ़ने की वजह बनते है।स्वामी जी द्वारा भजन "इक राधा इक मीरा दोनों ने श्याम को चाहा" गाने से कथा पांडाल भाव विभोर हो गया।

## उपमहापौर ने यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्र में ड्रोन से करवाया कीटनाशक का छिड़काव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने बुधवार को यमुना बैंक के समीप यमुना नदी के तटवर्ती बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु ड्रोन तकनीक का उपयोग कर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव अभियान करवाया। इस मौके पर उप महापौर जयभगवान यादव ने कहा कि नगर निगम का प्रयास नागरिकों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। यमुना के तटवर्ती क्षेत्र में मच्छरों के प्रजनन की संभावना अधिक हो जाती है। ऐसे में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से लोगों को बचाना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपमहापौर ने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एक आधुनिक और कारगर उपाय है। इससे बड़े और दुर्गम क्षेत्रों में



बहुत ही कम समय में छिड़काव संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम पूरी दिल्ली में दुर्गम जगहों पर इस तकनीक के माध्यम से दवाई का छिड़काव कर रही है। जयभगवान यादव ने कहा कि ड्रोन तकनीक का उपयोग मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम में एक बड़ी पहल है। निगम को विश्वास है कि इस अभियान से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। उन्होंने जनता से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनता का सहयोग इस मुहिम को और प्रभावी बनाएगा। इस अवसर पर उपमहापौर के साथ शाहदरा दक्षिणी जोन के अध्यक्ष राम किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष राजू सचदेवा सहित जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं ने चांदनी चौक में नगर निगम उपचुनाव के लिए किया कार्यालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को चांदनी चौक उपचुनाव (वार्ड-74) में पार्टी प्रत्याशी सुमन कुमार गुप्ता के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान हवन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय कार्यकताओं और समर्थकों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चांदनी चौक की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है, वह हमारे कर्म और सेवा भाव से और मजबूत होगा। उन्होंने सभी से अपील की कि मिलकर विकसित दिल्ली के साथ-साथ विकसित चांदनी चौक के संकल्प को आगे बढ़ाएं। दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शुरू से कहती आ रही है कि दिल्ली के प्रदूषण का सिर्फ एक कारण नहीं है। इसमें पंजाब में पराली जलाना और कई अन्य कारक शामिल हैं। यह समस्या नई नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को आए अभी सिर्फ 8 माह हुए हैं। यह कोई एक माह की समस्या नहीं, बल्कि साल भर रहने वाली है। केंद्र और राज्य सरकारें सक्रिय रूप से इस पर काम कर रही हैं। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जबकि विपक्ष इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रही है। इस अवसर पर दिल्ली से सांसद प्रवीण खंडेलवाल और दिल्ली सरकार में मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह भी उपस्थित रहे।

## 68 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका से करीब 38 लाख की ठगी

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली की एक 68 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका के साथ शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर करीब 38 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। साइबर पुलिस ने शिकायत पर शनिवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालवीय नगर निवासी 68 वर्षीय पार्वती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नौ जून 2024 को उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। निवेश से मुनाफे का झांसा देकर उस व्यक्ति ने उन्हें चार शेयर ट्रेडिंग ग्रुप्स में जोड़ लिया। इन ग्रुप्स में सदस्य शेयर मार्केट के माध्यम से मुनाफा कमाने के संदेश साझा करते थे। पीड़िता ने पहले निवेश के तौर पर 10 हजार रुपये लगाए और थोड़े समय तक छोटी-छोटी रकम निवेश करती रहीं। ग्रुप में होने वाले संदेशों और फर्जी मुनाफे के आंकड़ों पर भरोसा कर उन्होंने करीब एक महीने में कुल 37.75 लाख रुपये निवेश कर दिए। जब उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की, तो वेबसाइट और संपर्क व्यक्ति दोनों गायब हो गए। तभी उन्हें एहसास हुआ कि वे ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हो चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने शिकायत देकर मामला दर्ज कराया।

## समाचार

### एनआईए पहुंची सहारनपुर, दर्जन भर ठिकानों पर छापामारी

**सहारनपुर/नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद सहारनपुर पूरी तरह सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर आ गया है। मंगलवार देर शाम एनआईए की टीम ने सहारनपुर में दर्जनभर ठिकानों पर एक साथ छापामारी की। एटीएस समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां पहले से जिले में डेरा डाले हुए है। फिलहाल इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए की यह कार्रवाई दिल्ली धमाकों की कड़ियों को जोड़ने के क्रम में की जा रही है। डॉक्टरों के नेटवर्क के डॉ. अदील की गिरफ्तारी सहारनपुर से होने के कारण एनआईए यहां भी गहन जांच करना चाहती है। डॉ. अदील की गिरफ्तारी के बाद से ही उसके नजदीकी लोगों और संपर्कों पर एटीएस, एसटीएफ और एनआईए की नजर बनी हुई है। जांच एजेंसियां उन लोगों की कुंडली खंगाल रही हैं, जो किसी न किसी रूप में डॉ. अदील से जुड़े रहे हैं। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीमें मंगलवार की देर शाम सहारनपुर पहुंचीं और कई इलाकों में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों से पूछताछ की गई। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से किसी कार्रवाई की पुष्टि नहीं की है। जिले में एनआईए की अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई से डॉ. अदील के नजदीकियों या उन्हें जानने वालों में दहशत का माहौल है। खुफिया विभाग की टीमें लगातार जानकारी जुटा रही हैं और डॉ. अदील से जुड़े कई राजदारों पर नजर रखे हुए हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस केस से जुड़े और कई अहम खुलासे हो सकते हैं। खंगाली जा रही डॉ. अदील के नजदीकियों की कुंडली डॉ. अदील की गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसियों ने उसके करीबी लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एनआईए, एटीएस और एसटीएफ की टीमें लगातार डॉ. अदील के नजदीकियों की कुंडली खंगाल रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, डॉ. अदील के नजदीकियों के बैंक खातों, फोन कॉल डिटेल्स, सोशल मीडिया गतिविधियों और आने-जाने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### धमाके के बावजूद नहीं रुकेंगी शहीदी समागम की तैयारियां : काहलों

**नई दिल्ली।** कार धमाके के बाद दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहादत दिवस समागम की तैयारियां बिना रुके जारी रखने का ऐलान किया है। यह आयोजन 24-25 नवंबर को लाल किले पर होगा। डीएसजीएमसी महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि हमारी तैयारियां निर्धारित लक्ष्य के तहत चल रही हैं, इसमें कोई बदलाव नहीं है। संगत से अपील है कि वे समागम में जरूर पहुंचें। धमाके को पाकिस्तान प्रायोजित साजिश बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी दहशत फैलाने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि समागम को निशाना बनाने की तैयारी रही होगी, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। महीने भर से चल रहे कार्यक्रमों में रकाबगंज गुरुद्वारे में कीर्तन समागम पहले ही शुरू हो चुका है।

### अनियंत्रित होकर कार पलटने से चालक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैंट इलाके के करियप्पा विहार गेट के पास एक कार हादसे में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की सूचना मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया। पोस्टमॉर्टम के लिए शव को अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 42 वर्षीय संदीप निवासी आरजेड-185/317 शिवपुरी, गली संख्या-10, सागरपुर रूप में हुई है। पांच नवंबर की सुबह करीब 5:45 बजे उनकी कार अनियंत्रित होकर करियप्पा विहार गेट के पास पलट गई। राहगीरों ने उन्हें घायल अवस्था में एम्बुलेंस की मदद से एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ट्रॉमा सेंटर से हादसे की सूचना दिल्ली कैंट थाने को दी गई और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने वहां से दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लिया और मौका निरीक्षण के दौरान क्राइम और एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा करवाए। टीम ने कार के दरवाजे से खून के निशान वाले कपड़े के टुकड़े को जब्त किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह हादसा तेज रफ्तार के कारण कार पलटने से हुआ प्रतीत हो रहा है। हालांकि मामले में आगे की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना के समय की सटीक परिस्थितियों का पता चल सके।

### वकीलों से सुरक्षा जांच में सहयोग की अपील

**नई दिल्ली।** लाल किला परिसर के पास हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद राजधानी में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन (डीएचसीबीए) ने वकीलों से सुरक्षा जांच में सहयोग करने की अपील की है। बुधवार को जारी नोटिस में सचिव विक्रम सिंह पंवार ने कहा कि वकील पहचान पत्र सत्यापन, बैग और वाहन जांच जैसी नियमित सुरक्षा प्रक्रियाओं में अदालत परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों को सहयोग दें। नोटिस में कहा गया है कि ये कदम अदालत आने-जाने वाले वकीलों, वादियों, कर्मचारियों और न्यायालय से जुड़े सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हैं। उच्च न्यायालय में सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती भी बढ़ाई गई है और प्रवेश द्वारों पर निगरानी कड़ी कर दी गई है।

### अधिवक्ता को तत्काल रिहा किया जाए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली के वकील विक्रम सिंह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। सिंह को गुरुग्राम एसटीएफ ने हत्या के एक मामले में गिरफ्तार किया था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने वकील की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने निर्देश दिया कि सिंह को 10 हजार रुपये के जमानती बॉन्ड जमा करने पर तत्काल रिहा किया जाए और सुनवाई अगले बुधवार के लिए तय की। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया कि वे तत्काल अनुपालन के लिए गुरुग्राम पुलिस आयुक्त को आदेश से अवगत कराएं। एसटीएफ ने गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया विकास ने सुप्रीम कोर्ट के हाल में आए एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि हर गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी लिखित रूप में और ऐसी भाषा में दी जानी चाहिए जिसे वह समझ सके, चाहे अपराध का स्वरूप कुछ भी हो। सिंह ने आरोप लगाया कि एसटीएफ ने ऐसा नहीं किया। हरियाणा-दिल्ली और बीसीआई को नोटिस वरिष्ठ अधिवक्ता ने यह भी कहा कि उन्होंने दिल्ली के वकीलों को मनाया है कि इस मुद्दे पर हड़ताल जारी न रखें क्योंकि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की जा चुकी है। इन दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने हरियाणा और दिल्ली सरकारों तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया। वकील के खिलाफ सभी कार्यवाही रद्द हो सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में अनुरोध किया गया कि वकील के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक कार्यवाही रद्द की जाए। जुलाई 2019 से दिल्ली बार काउंसिल में पंजीकृत अधिवक्ता सिंह वर्तमान में फरीदाबाद जेल में बंद हैं।

### बाल दिवस पर साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार 2025 पुरस्कार 14 नवंबर को त्रिवेणी कला संगम सभागार में विभिन्न भाषाओं के लेखकों को प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक पुरस्कार प्रदान करेंगे। पुरस्कार समारोह की मुख्य अतिथि प्रख्यात गुजराती लेखिका वर्षा दास होंगी तथा साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा समाहार वक्तव्य देंगी। इस साल हिंदी भाषा में यह पुरस्कार सुशील शुक्ल की पुस्तक एक बटे बारह(संस्मरण) को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य भाषाओं को लेखकों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कृत बाल साहित्यकारों को पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50,000 रुपए, की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। 15 नवंबर को 10 बजे पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ लेखक सम्मिलन का आयोजन साहित्य अकादमी सभागार में किया जाएगा।

# महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव के जन्मदिन पर सेंकड़ों लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

● साध केयर अस्पताल द्वारा लगाया गया निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप



**गुरुग्राम।** महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज का जन्मदिन रोगियों को समर्पित रहा। आश्रम हरी मंदिर संस्कृत महाविद्यालय परिसर में ही संचालित साध केयर अस्पताल द्वारा निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। जिसमें सेंकड़ों मरीजों ने जांच कराई और स्वास्थ्य लाभ लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक शीतल अरोड़ा रहे। इस अवसर पर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने केक काटा। सभी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।अस्पताल के निर्देशक ब्रिगेडियर डॉक्टर अमिताव बैनर्जी के मार्गदर्शन में गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए सेवारत साध केयर अस्पताल में मंगलवार को स्त्री रोग, हड्डी रोग, कैंसर रोग ,बाल रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, व अन्य सामान्य बीमारियों की इस शिविर में जांच की गई। शीतल अरोड़ा ने संस्था संचालक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि अस्पताल परिसर में बेहतर उपचार के लिए और अधिक आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसी मौके पर महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज ने कहा कि कुछ लोग बिना कुछ कहे बहुत कुछ करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान मैनकाइंड फार्मा के शीतल अरोड़ा के द्वारा जरूरतमंद और पीड़ित लोगों की जान बचाने के लिए बहुत ही अनुकरणीय कार्य किया जाने के साथ-साथ दिल खोलकर आपदा के समय में आर्थिक मदद भी की गई। अस्पताल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉक्टर अमिताव बैनर्जी के मार्गदर्शन में यह शिविर लगाया गया। इस मेगा निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में संभावित कैंसर पीड़ितों की फ्री स्क्रीनिंग भी की गई। निरामिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आंखों की जांच और जरूरतमंद नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए सूचीबद्ध किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से अभिषेक बंगा, एडवोकेट सुरेंद्र धवन, पटौदी जाटोली मंडी परिषद के पार्षद चंद्रभान सहगल, राधेश्याम मक्कड़, अनिल कलरा, उमाकांत, तिलक राज, विजय शास्त्री के अलावा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# साइबर शिक्षित भारत बनाने की पहल करेगी गुरुग्राम की साइबर सुरक्षा कंपनी

● साइबर सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन करेंगे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद



**गुरुग्राम।** भारत की साइबर सुरक्षा में साइबर सिटी के नाम से प्रसिद्ध गुरुग्राम सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस बार साइबर सुरक्षा की दृष्टि से साइबर शिक्षित भारत बनाने की पहल भी गुरुग्राम की साइबर सुरक्षा कंपनी लिसियनथस टेक करने जा रही है। साइबर शिक्षित भारत विषय पर इसी माह 26 नवंबर को दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला करने का फैसला लिया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे।

नई दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में होने वाली इस अंतराष्ट्रीय कार्यशाला में देश और दुनिया के साइबर एक्सपर्ट भारत को साइबर सुरक्षा की दृष्टि और अधिक शिक्षित करने पर बल देंगे और बताएंगे कि भारत कैसे साइबर सुरक्षा में अधिक मजबूत हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की आयोजक लिसियनथस टेक के सीईओ गुरुग्राम निवासी खुशहाल कौशिक के अनुसार इस वर्कशॉप में एचसीएल टेक सह-आयोजक रहेगा। आईआईआईटी हैदराबाद शिक्षा भागीदार के रूप में तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार और सर्ट-इन और ग्रामैक्स साइबर टेक आदि इवेंट पार्टनर के रूप में शामिल है। खुशहाल कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय महत्व की पहल साइबर शिक्षित भारत का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और कार्यरत पेशेवरों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार की व्यावहारिक जानकारी से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत सरकार के तत्कालीन जी-20 शेरपा अमिताभ कांत, सर्ट-इन महानिदेशक डॉ. संजय बहल, एयर मार्शल जीएस बेदी (सेवानिवृत्त), मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आदि विशेषज्ञ और राजनीतिक हस्तियां भी रहेगी। गुरुग्राम निवासी साइबर एक्सपर्ट खुशहाल कौशिक के अनुसार विकसित भारत और साइबर सुरक्षित भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों में निहित यह पहल एक केंद्रीय साइबर सुरक्षा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का लक्ष्य रखती है।

# लेजर वैली पार्क में होगा गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर सैंड आर्ट म्यूजिकल शो

● श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर शहीदी नगर कीर्तन 14 नवंबर को पहुंचेगा गुरुग्राम



**गुरुग्राम।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही हिंद की चादर शहीदी नगर कीर्तन यात्रा 14 नवंबर को फरीदाबाद से गुरुग्राम पहुंचेगी। यह यात्रा गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान, शिक्षाओं और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रतीक है। यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर सीईओ जिला परिषद सुमित कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक की और यात्रा मार्ग, सुरक्षा, सफाई, यातायात एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। 14 नवंबर की शाम यह यात्रा डीएलएफ फेज-1 गुरुद्वारा में पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु संगत इसका स्वागत करेगी। इसी दिन शाम को लेजर वैली पार्क में गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और शहादत पर आधारित हिंद की चादर सैंड आर्ट म्यूजिकल शो प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह शामिल होंगे। शो में संगीत, प्रकाश, और रेत कला के संयोजन से गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं और मानवता के संदेश को प्रदर्शित किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को उनके आदर्शों और जीवन से प्रेरणा देना है। 15 नवंबर को नगर कीर्तन गुरुग्राम शहर के विभिन्न गुरुद्वारों से होते हुए 16 नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे रेवाड़ी जिला में प्रवेश करेगी यह यात्रा आगे विभिन्न जिलों से होती हुई 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचेगी, जहां राज्य स्तरीय भव्य समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे हरियाणा में एक माह तक हिंद की चादर श्रृंखला के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कीर्तन, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों में गुरु जी के आदर्शों, त्याग और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

# हिंदू संगठन 24 को पीएम आवास पर पहुंचकर प्रधानमंत्री से श्वेत पत्र लाने का करेंगे आग्रह



**गुरुग्राम।** हिंदू महासभा के नेता नवीन त्यागी के आवास पर हिंदूवादी संगठनों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें तय किया गया कि आगामी 24 नवंबर को श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज की अगुवाई में हिंदू संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास का घेराव कर उन्हें इस्लामिक जिहाद पर श्वेत पत्र लाने का आग्रह करेंगे। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने कहा कि गांधी से लेकर अब तक के सत्ताधीशों ने तरह तरह की सुविधा देकर जिहादियों को इतना मजबूत कर दिया है कि अब वो हिंदुओं के जनसंहार की योजना बनाने योग्य हो गए हैं।आज सारे उन हिंदुओं के सामने प्रश्नचिन्ह है जो धरमनिर्पेक्षता के नाम पर इस्लाम के जिहादियों की घृणित सोच का पोषण करते हैं। उन्होंने धर्मगुरुओं से आग्रह किया कि वे भी इस ओर ध्यान दें। बैठक में यशोदा यादव एडवोकेट को नरसिँह वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक में सचिन सिरोही, यति धमानंद, यति अभयानंद, रवि चौहान, मनजीत चौधरी, शिवम गोस्वामी, प्रशांत गोस्वामी, संदीप चौधरी, राजीव शांडिल्य, राकेश शर्मा, हिमांशु चौधरी, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में युवा महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

● फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा समेत हरियाणवी कलाकारों ने की शिरकत



**गुरुग्राम।** युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव दर्शाने के उद्देश्य से बुधवार से गुरुग्राम विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय युवा महोत्सव शंखनाद-6 का रंगारंग आगाज हुआ। इस युवा महोत्सव में 30 महाविद्यालयों के 1113 प्रतिभागी 45 प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। महोत्सव में पांच मंच बनाए गए हैं।इस युवा महोत्सव का शुभारंभ अतिथि प्रमुख समाजसेवी प्रताप सिंह, डीएलसी सुपवा रोहतक के कुलपति डॉ. अमित आर्य, इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के अध्यक्ष रामवतार गर्ग, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, यशपाल शर्मा, प्रसिद्ध गायिका, रेणुका पंवार, प्रसिद्ध गायक, रामकेश जीवनपुरिया, चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. दीप्ति धमार्णी, महरौली के विधायक गजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. संजय कौशिक ने बताया कि युवा महोत्सव के पहले दिन कोरियोग्राफी, संस्कृत नाटक, स्किट हरियाणवी, समूह गीत (हरियाणवी), समूह गीत (सामान्य), वेस्टर्न वोकल (सोलो), ग्रुप सांग वेस्टर्न, संस्कृत में भाषण, संस्कृत श्लोक उच्चारण, लाइट म्यूजिक वोकल, गजल/गीत/भजन, कविता पाठ, हिंदी, उर्दू, पंजाब, हरियाणवी, एंकरिंग, ऑन दा स्पॉट पेंटिंग, रंगोली, पोस्टर-मेकिंग, क्ले-मॉडलिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अपनी शानदार प्रस्तुतियों से युवाओं ने सांस्कृतिक विरासत के रंग बिखेरते हुए सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर कुलपति डॉ. संजय कौशिक ने कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति और भविष्य हैं। ऐसे महोत्सव न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का संचार भी करते हैं। प्रमुख समाजसेवी प्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों की उत्साही भागीदारी और संगीत की लहरों में बहता माहौल यह दशार्ता है कि यह महोत्सव युवाओं के दिलों में नई ऊर्जा और सृजनशीलता का संचार कर रहा है।

# शौचालय में फैली गंदगी के कारण आमजन परेशान



**गुरुग्राम।** जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के लिए आमजन को जागरुक करने के लिए अभियान चलाया हुआ है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लापरवाही के चलते शहर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए शौचालय, मूत्रालय के अंदर-बाहर गंदगी का ढेर लगा होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र सिंह सैनी ने कहा कि शौचालय बनाना अच्छी बात है, लेकिन उसकी साफ-सफाई की जिम्मेदारी लगानी चाहिए, ताकि इसका प्रयोग करने वाले लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सदर बाजार से सोहना चौक हरीश बेकरी जाने वाले मार्ग पर नगर निगम द्वारा वर्षों पूर्व मूत्रालय बना दिया गया था, ताकि आस-पास के दुकानदारों को खुले में पैशाब न करके जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए स्थान पर इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि भले ही उक्त शौचालय के ऊपर पानी की टंकी व अंदर टोंटी लगाई गई है, लेकिन उसमें पानी कभी दिखाई नहीं देता। इसके अतिरिक्त शौचालय के अंदर-बाहर इतनी जबरदस्त गंदगी है, वहां पर शौच करना तो दूर वहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। दुकानदारों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की गई है, लेकिन नगर निगम के कान पर जूं तक नहीं रैंगी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार ऐसे मूत्रालय में पेशाब करने से संक्रमण फैलने का भय बना रहता है। इसके अतिरिक्त उक्त मूत्रालय के बाहर फैला हुआ पानी तथा मूत्र से उठने वाली दुर्गंध के कारण आस-पास के दुकानदारों व दुकान पर सामान खरीदने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त इंद्र सैनी ने कहा कि सोहना चौक हरीश बेकरी चौराहे पर रेडलाईट होने के कारण कई बार वाहनों की लंबी लाईनें लग जाती हैं। जिसके कारण जो वाहन चालक विशेष तौर पर दोपहिया वाहन चालक जब उस स्थान के आस-पास अपने दोपहिया को ग्रीन लाईट हो जाने के लिए रोकता है तो दुर्गंध के कारण उसका उल्टी जैसा जी करने लग जाता है। उन्होंने निगमायुक्त प्रदीप दहिया से मांग करते हुए कहा कि उक्त स्थान पर आधुनिक शौचालय बनाकर लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# सिर्फ खाकी हैं हम

● डिजिटल युग में जनता के साझेदार बने हरियाणा के नए डीजीपी,
● विश्वास और समर्पण की नई मिसाल



**गुरुग्राम।** हरियाणा के नये पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह ने भारतीय पुलिस सेवा में अपनी चुनौतियों को बड़े उत्साह और नवीन सोच के साथ निभाते हुए कानून और व्यवस्था की व्यवस्था में नया आयाम जोड़ा है। अक्टूबर 2025 से अपनी सेवा शुरू करने वाले सिंह ने आधुनिकता, जनसंपर्क और डिजिटल तकनीक को पुलिसिंग की धुरी बनाते हुए कम समय में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ओ.पी.सिंह, भारतीय पुलिस सेवा के अनुभवी अधिकारी, तीन दशकों से अधिक समय से देश की सेवा में हैं। उन्होंने हरियाणा पुलिस आवास निगम के प्रबंध निदेशक और राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक जैसे महत्वपूर्ण पद संभाले हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो एवं साइबरक्राइम रोधी शाखा के प्रमुख के रूप में उनका नेतृत्व नशा तस्करी और साइबर अपराध नियंत्रण के जटिल संघर्ष में उनकी दक्षता को दिखाता है। ये अनुभव उन्हें आज हरियाणा पुलिस के सर्वोच्च पद पर एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ खड़ा करते हैं, जिसमें प्रौद्योगिकी, जन-कल्याण और उत्कृष्टता का समावेश है। सिंह की हालिया सफलता की कुँजी उनका डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनता के साथ संवाद को आधुनिक बनाना रहा है। एक महीने के अंदर हरियाणा पुलिस का सोशल मीडिया प्रभाव अभूतपूर्व बढ़ा। ट्विटर पर उनके फॉलोअर्स में 62,000 का इजाफा हुआ, इंस्टाग्राम पर व्यूज पांच मिलियन से बढ़कर 45 मिलियन तक पहुंच गए, और फेसबुक पर पहुंच 1800 प्रतिशत बढ़ गया। 72 मिलियन से अधिक लाइक, शेयर और कमेंट्स जुड़े, जो जनता की पुलिस के प्रति बढ़ती विश्वास की गवाही देते हैं। फिर भी, यह सिर्फ आंकड़े नहीं हैं जो बताते हैं कि बदलाव आया है। जनमानस के मन में जो सोच थी, उसमें भी अभूतपूर्व बदलाव दिखा। सकारात्मक सोच 62 प्रतिशत से बढ़कर 99 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो सेवा में पारदर्शिता और जनता से जुड़ाव की नई राह दिखाता है।उनकी नेतृत्व शैली सहज और समावेशी है। वे अक्सर अधिकारियों को जनता के बीच जाकर संवाद करने और फ्रिक्शन-फ्री पुलिसिंग अपनाने की प्रेरणा देते हैं। उनकी निजी संलग्नता से विभाग में उत्साह बढ़ा है और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को बल मिला है। ओ.पी. सिंह के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस ने न सिर्फ अपने कार्यकुशलता को बढ़ाया है, बल्कि जनता के दिलों में भी अपनी छवि को मजबूत किया है। वे एक ऐसे युग की शुरूआत का प्रतीक हैं, जहाँ पुलिस सिर्फ कानून लागू करने वाला नहीं, बल्कि समाज का सहयोगी बनकर नागरिकों की सुरक्षा और विकास में सहभागी बनती है। अंत में, ओ.पी. सिंह की भविष्योन्मुख और सकारात्मक पहल हमें यह दिखाती है कि दूरदृष्टि, प्रौद्योगिकी में समझदारी और जनता के विश्वास के प्रति समर्पण से policing में क्रांतिकारी बदलाव लाया जाना संभव है। उनका उदाहरण देश के अन्य पुलिस विभागों के लिए प्रेरणा है, जो कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से जूझ रहे हैं, और एक बेहतर policing के भविष्य की आशा जगाता है।

# 23वीं विशाल भजन संध्या का आयोजन 16 को



**गुरुग्राम।** आगामी 16 नवम्बर को पंडित उदयभान देवी मंदिर सभा द्वारा प्रतिमाओं के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक शाम राधा मोहन के नाम 23वीं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान अशोक गेरा का कहना है कि पटौदी हरि मंदिर आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज, मां वैष्णो दरबार की संस्थापक पूनम माता, श्री गोपीनाथ मंदिर के गद्दीनशीन विशाल वैध गोस्वामी चूडामणि व धमार्चार्य डा. अलमा शर्मा आयोजन में शामिल होकर धर्मोपदेश देंगे। आयोजन में अतिथि के रुप में स्थानीय विधायक मुकेश शर्मा, मेयर राजरानी मल्होत्रा सहित गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। भजन गायक दिव्य दास भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सदस्य जुटे हुए हैं।

## समाचार

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सोहना आगमन हुआ स्थगित

**सोहना ।** आज मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी का सोहना आगमन स्थगित हो गया है। सोहना एक्रोपोलिस अस्पताल के डॉ प्रतीक ने पुष्टि करते हुए जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी सोहना अवश्य आयेंगे। लेकिन आज का आगमन अभी स्थगित है। आपको बता दें सोहना के दमदमा मोड पर ओम स्वीट्स के साथ लगते एक्रोपोलिस अस्पताल का आज शाम को मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी ने उदघाटन करना था ।बताया कि अस्पताल की ओ पी डी आरम्भ हो चुकी है।

# काल भैरव अष्टमी व्रत रखकर की भगवान काल भैरव की पूजा-अर्चना

**गुरुग्राम।** श्रद्धालुओं ने बुधवार को काल भैरव अष्टमी व्रत रखकर भगवान शिव के रुद्रावतार भगवान कालभैरव की साईबर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों स्थित मंदिरों में पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना भी की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने से जहां शुभ फलों की प्राप्ति होती है, वहीं भगवान काल भैरव की उपासना करने से और उपवास रखने से भक्तों को रोग, दोष और तनाव से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही काल भैरव के आशीर्वाद से आपसी वाद-विवाद और न्यायिक मामलों में सफलता प्राप्त होती है। यह मान्यता भी है कि अष्टमी के दिन ही भगवान काल भैरव प्रकट हुए थे। काल भैरव अष्टमी के दिन पूजा-पाठ और व्रत रखने से श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलता है।

# पुन्हाना से निकली ऐतिहासिक पैदल यात्रा

**हजारों श्रद्धालुओं ने श्री धीरेन्द्र शास्त्री महाराज का किया स्वागत, दी हिन्दू एकता की मिसाल।**

**पुनहाना।** श्री बागेश्वर धाम सरकार द्वारा दिल्ली से वृंदावन तक निकाली जा रही सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा के स्वागत के लिए पुनहाना शहर से एमिनेंट पर्सन एवं समाजसेवी धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में लगभग एक हजार की संख्या में पुरुष, महिलाएं और नौजवानों ने बीस किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए होडल तक पहुंचकर श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।यात्रा का शुभारंभ मुक्तिधाम आश्रम के महंत श्री रामदास महाराज, भोले बाबा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू एवं उनकी धर्मपत्नी ऊषा देवी ने भगवा ध्वजा लहराकर किया। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने जय श्री राम, हर हर महादेव और सनातन धर्म अमर रहे के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। यात्रा के दौरान जय श्री राम, बालाजी महाराज की जय, बागेश्वर



धाम सरकार की जय, चमेलीवन धाम की जय जैसे गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। डीजे और ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। डीएसपी जितेंद्र राणा के नेतृत्व में पुनहाना सिटी प्रभारी राजेश कुमार एवं बिछौर थाना प्रभारी ने पदयात्रा को पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई। पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।यात्रा के दौरान गांव सिंगार स्थित श्री श्रृंगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में जलपान की व्यवस्था की गई, वहीं गांव बोराका में पदयात्रियों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। पूरे रास्ते स्थानीय मौजीज लोगों ने पेयजल, फल, कोल्ड ड्रिंक आदि वितरित कर सेवा का भाव प्रकट किया। अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। पुन्हाना से गई पैदल यात्रा में रिकॉर्डतोड़ श्रद्धालुओं की भीड़ ने सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा में शामिल होकर एवं श्री धीरेन्द्र शास्त्री महाराज का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत कर हिन्दू एकता जागृति का संदेश दिया। होडल पहुंचने पर पुनहाना शहर की तरफ से राष्ट्रीय मार्ग पर जेसीबी द्वारा पुष्पवर्षा करते हुए सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर यात्रियों के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था भी की गई। शहरवासियों में श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर आचार्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज को देखने की विशेष ललक रही। भारी संख्या में साधु-संतों को देख श्रद्धालुओं में अपार उत्साह दिखाई दिया। सनातन धर्म और हिन्दू एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के इस प्रयास से हर कोई गदगद नजर आया।भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू ने कहा कि सनातन धर्म हमारी संस्कृति और संस्कारों की आत्मा है। आज की यह विशाल पदयात्रा इस बात का प्रमाण है कि देश का हर व्यक्ति सनातन के सम्मान और एकता के लिए हृदय से समर्पित है।बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेन्द्र शास्त्री महाराज जैसे संत समाज में आस्था, एकता और राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत कर रहे हैं। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलकर धर्म, समाज और देश की सेवा करनी चाहिए। मैं पुनहाना से इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखकर अभिभूत हूँ — यह नूंह जिले की धरती पर सनातन धर्म के जागरण का संकेत है। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भानीराम मंगला, ब्रह्माकुमारी योगिनी बहन बीके, अग्रवाल सभा प्रधान तरुण सिंगला, अशोक प्रधान, पंडित खिलोनी राम, एमिनेंट पर्सन लालाराम भारद्वाज, चेयरमैन संजीव गर्ग, जिला उपाध्यक्ष आशीष गोयल, रमन लाल, पार्षद कैलाश सोनी, प्रिंस सैनी, पार्षद अशोक, रिंकू कुमार भट्टा, अजय कंसल पेंटर, लायन विनोद गर्ग, रवि मेडिकल, अंकुर गोयल, जतिन गर्ग सहित धार्मिक संस्थाओं से जुड़े अनेक मौजीज लोग उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता में गुरुग्राम ने जीता कांस्य पदक

**गुरुग्राम।** प्रदेश के फतेहाबाद जिले में आयोजित 2 दिवसीय राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता में गुरुग्राम की टीम ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। टकरा संघ के जिला महासचिव राहुल देहरान का कहना है कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 18 जिलों से करीब 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | एडीईएन/आरओके, एडीईएन/जेएचआई और एडीईएन/जेएचएल के तहत ट्रैक की ठंड के मौसम में गश्त के लिए गश्ती दल को सीनियर डीईएन-IV के तहत 1 वर्ष की अवधि के लिए काम पर रखा जाएगा। |
| 2. | अनुमानित लागत | (1) रु. 2,67,45,651.52 |
| 3. | धरोहर राशि | (1) रु. 2,83,700.00 |
| 4. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 11.11.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 03.12.2025 को 15:30 बजे। |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

संख्याः 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/जैम/2025/बी/6878576/25-26/डब्लू-चतुर्थ दिनांकः 11.11.2025 3504/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-05:28 paga09_jhn.qxd 11/12/2025 10:29 PM Page 1



# आबकारी विभाग को मिली बड़ी सफलता, दो कारों से 21 पेटी अवैध शराब सहित चार तस्कर गिरफ्तार

*** फरह कस्बे में मकान में बन रही अवैध शराब का आबकारी टीम ने किया भंडाफोड़, चार गिरफ्तार**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा आबकारी विभाग ने दो थाना पुलिस के सहयोग से देशी-विदेशी अवैध शराब का जखीरा सहित चार तस्कर तथा मकान में अवैध रूप से मदिरा निर्माण एवं नकली ढक्कन बरामदगी के साथ चार लोगों को पकड़ा है। आबकारी टीम ने आठ आरोपितों को पकड़कर थाना मांट और थाना फरह पुलिस को सौंपे है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया है।

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी उपेन्द्र सिंह के निर्देशन में आबकारी व मांट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे पर माँट टोल पर चेकिंग के दौरान आज बीतीरात को दो कारों से हरियाणा राज्य की 21पेटी (252 बोतल) रॉयल स्टाइग ब्रांड विदेशी मदिरा बरामद करते हुए फरीदाबाद निवासी लक्ष्मण व राजीव तथा बिहार निवासी संतोष व मंतोष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि वे हरियाणा राज्य से ये मदिरा बिहार ले जा रहे थे। उक्त चारों व्यक्तियों के विरुद्ध थाना माँट में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया है।



जिला आबकारी अधिकारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि बीती देरसायं मुखबिर की सूचना के आधार पर फरह कस्बे मे एक किराये के कमरे में रह रहे चार व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से मदिरा के निर्माण किए जाने के कारण गिरफ्तार किया गया। अवधेश, धीरेन्द्र अक्षय व संजीव द्वारा देशी मदिरा को विदेशी मदिरा की खाली बोतलों मे भरकर उन पर नकली ढक्कन लगाकर बेचने का कार्य किया जाता था। इनके पास से अवैध रूप से तैयार किए गए रॉयल स्टाइग ब्रांड के लेबल लगे 6 अद्धे, मैकड़वाल ब्रांड के लेबल लगे 4 अद्धे, इंपीरियल ब्लू ब्रांड के लेबल लगे 5 अद्धे, इंपीरियल ब्लू ब्रांड के लेबल लगे 03 पौवे तथा 30 नकली ढक्कन बरामद हुए। उक्त चारों व्यक्तियों के विरुद्ध थाना फरह मे एफ आई आर दर्ज कराई गए।

# सभापति ने विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति संग की बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सभापति अंगद कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य अनूप कुमार गुप्ता, सत्यपाल सिंह, डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह 'गुरु जी' एवं मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, एम0एल0सी0 योगेश नौहवार, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, विद्युत चीफ राजीव गर्ग, अधीक्षण अभियंता प्रथम विजय मोहन खेड़ा, अधीक्षण अभियंता द्वितीय एस0के0 सनोरिया, अधीक्षण अभियंता शहरीय आर0पी0सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में सभापति द्वारा वर्तमान में जनपद में आबादी के हिसाब से जनपद की विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई, जिसपर अवगत कराया गया कि जनपद मथुरा के अन्तर्गत वर्तमान रोस्टर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रो में 18 घण्टे, तहसील स्तर पर 22 घण्टे, कृषि उपभोक्ताओं को 10 घण्टे तथा शहरी एवं औद्योगिक क्षेत्रों को 24 विद्युत आपूर्ति प्रदान किया जाना निर्धारित है। विद्युत वितरण परिवर्तकों के रख-रखव हेतु मथुरा जनपद के अंतर्गत क्षतिग्रस्त परिवर्तकों को मरम्मत एवं बदलने का कार्य कार्यशाला स्कन्द के माध्यम से किया जाता है। जनपद में उक्त कार्य हेतु एक कार्यशाला संचालित है, जिसके अर्न्तगत 10 के0वी0ए0 से 630 के0वी0ए0 क्षमता तक परिवर्तकों की मरम्मत की जाती है। जनपद मथुरा के अंतर्गत वितरण परिवर्तकों पर उचित क्षमता के फ्यूज सेट स्थापित किये गये है। सभापति ने विद्युत चोरी रोकने हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली, जिसपर अवगत कराया गया कि विद्युत वितरण क्षेत्र मथुरा के अन्तर्गत आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी रोकने हेतु जगह जगह नंगे तार के स्थान पर एबीसी केबिल लगाई जा रही है एवं सर्विस केबिल को भी आर्मड केबिल में परिवर्तित किया जा रहा है। ऐसे स्थानों पर जहां एबी केबिल में चोरी की सम्भावना है, वहां पर एक्स0एल0पी0ई0 एलटी आर्मड केबिल का प्रयोग किया जा रहा है। चिन्हित इलाकों में जहां विद्युत चोरी अधिक है, वहां प्रातः एवं रात्रिकालीन विजलेंस एवं विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर विद्युत चोरी रोकने के प्रयास किए जा रहे है। विगत् एक वर्ष में विभाग / विजलेंस द्वारा विद्युत चोरी के कितने प्रकरणों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी, क्या ऐसे प्रकरणों पर किसी विभागीय कार्मिक की भी संलिप्तता पाई गयी। विद्युत वितरण क्षेत्र मथुरा के अन्तर्गत विगत 01 वर्ष में विजलेंस द्वारा विद्युत चोरी के 1554 प्रकरणो की प्राथमिकी दर्ज की गयी, जिसके सापेक्ष 1554 प्राथिमिकियों को एसेसमेन्ट किया गया एवं ऐसे प्रकरणों में किसी भी विभागीय कार्मिक की संलिप्तता नही पाई गयी। वाणिज्यिक / औद्योगिक क्षेत्रों / ईकाइयों को कनेक्शन देने की क्या स्थिति है, जिसपर अवगत कराया गया कि विद्युत वितरण क्षेत्र मथुरा के अन्तर्गत निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल के माध्यम से आवेदित वाणिज्यिक एवं औधोगिक कुल 2169 अद्द आवेदन प्राप्त हुये, जिसके सापेक्ष 2072 अदद आवेदन स्वीकृत किये गये, जिसके सापेक्ष 1906 अदद संयोजन अवमुक्त किये जा चुके हैं।



बैठक में माननीय सभापति जी को अवगत कराया गया कि जनपद के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों (1551 विद्यालय) में विद्युत कनेक्शन है। जनपद के सभी 2363 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विद्युत कनेक्शन है। जनपद के सभी 554 ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में विद्युत कनेक्शन है। जनपद मथुरा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में निर्मित सार्वजनिक शौचालय के कुल 404 संयोजन स्थापित है, जिसमें सभी में विद्युत कनेक्शन है। जनपद के अन्तर्गत सभी टाउन एरिया में निर्मित सार्वजनिक शौचालय के कुल 37 संयोजन स्थापित है और सभी में विद्युत कनेक्शन है। जनपद के अन्तर्गत सहकारिता समिति भवनों में कुल 7 संयोजन स्थापित है। मथुरा जनपद के अन्तर्गत सभी ग्राम सभाओं में सरकारी नलकूपों की संख्या 3 एवं गैर सरकारी नलकूपों की संख्या 16492 है।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से शहर में हुआ कूड़ा कूड़ा, दुकानदार दुर्गन्ध से परेशान

*** डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले हड़ताल पर, भूतेश्वर कार्यालय पर किया घेराव**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वेतन न मिलने से परेशान शहर में कूड़ा उठाने वाले वाहनों के चालकों ने आज गाड़ियों में ब्रेक लगा दिए। भूतेश्वर नगर निगम कार्यालय जाकर गेट पर ही धरना देने लगे। आरोप है कि इसके बाद भी अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। कूड़ा शहर में न उठने से शहर के हर हिस्से में कूड़े के ढेर लगे हैं। दुकानदार और राह चलते लोग दुर्गन्ध से परेशान हैं।

व्यवस्था फेल होने के पीछे प्रथम दृष्टया निगम के अफसरों की बड़ी ढील है, जिसके कारण गरीब कर्मचारियों को एक माह बीत जाने के बाद भी वेतन नहीं मिलता। आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती इन कर्मचारियों को वैसे भी मामूली वेतन से काम कराया जा रहा है। वह भी जब नियमित न मिले तो आक्रोष जायज है। पूरा शहर सड़ रहा है। जिम्मेदार आंख मीचे बैठे हैं इस सबसे भाजपा के निगम की किरकिरी हो रही हैं।

नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के डोर टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कर्मचारी आज हड़ताल पर चले गए। समय से वेतन और बोनस न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को भूतेश्वर स्थित निगम कार्यालय पर घेराव किया और नारेबाजी की। कर्मचारियों ने काम पूरी तरह ठप कर दिया और कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को भी रोक दिया। कर्मचारियों का कहना है कि वे बीते कई महीनों से समय पर वेतन और बोनस की मांग कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ लॉलीपॉप दी जा रही है। सफाई मजदूर संघ और ड्राइवर यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने बताया कि 24 घंटे पहले ही उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर अपनी पांच सूत्रीय मांगें रखी थीं, जिनमें समय पर वेतन, बोनस का भुगतान, गाड़ियों की मेंटेनेंस, छुट्टियों का वेतन न काटने और न्यूनतम मानदेय बहाल करने की मांग शामिल है।



कर्मचारियों ने बताया कि पहले उनका वेतन रुपये 14,000 से अधिक था, जो अब घटकर रुपये 11,000 के आसपास रह गया है। कुछ ड्राइवरों को तो रुपये 10,000 तक वेतन दिया जा रहा है। शासनादेश के तहत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बोनस मिलना चाहिए, लेकिन अब तक नहीं मिला। चार छुट्टियां तय होने के बावजूद छुट्टी लेने पर वेतन काट लिया जाता है। ड्राइवर यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि कि गाड़ियों का मेंटेनेंस न होने से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, और हादसे की स्थिति में भी ड्राइवरों का वेतन काट लिया जाता है। उन्होंने कहा कि हर महीने 10 तारीख तक वेतन मिलना चाहिए, लेकिन अब 25 तारीख के बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है। नगर आयुक्त के साथ वृन्दावन जोनल कार्यालय में पहले भी वार्ता हो चुकी है, जिसमें बोनस दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक पालन नहीं हुआ। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस बीच, नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि महापौर और नगर आयुक्त ने कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की है, और कैबिनेट में प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा जा चुका है। हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि दो-तीन माह कुछ वेतन मिला था, लेकिन उसके बाद फिर कटौती शुरू हो गई।

# 13 दिसम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

*** जिला जज ने मीटिंग आयोजित कर लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारण के दिये निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ उ0प्र0 के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में अगले माह 13 दिसम्बर 2025 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में आज माननीय जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार द्वारा सभी सिविल जज (सी0डि0) एवं सिविल जज (जू0डि0) न्यायिक अधिकारीगण की राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारण के सम्बन्ध में न्यायिक अधिकारीगण सभाकक्ष में मीटिग आयोजित की गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत कर उन सभी वादों में नोटिस/सम्मन बनाकर तामीला कराना सुनिश्चित करें जिससे अधिक अधिक से वाद उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हो सके। नोडल अधिकारी/अपर जिला जज शाश्वंत पाण्डेय व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रबोध कुमार वर्मा ने जनपद सहारनपुर के आमजन से अपील की है कि जो भी वादकारी अपना वाद समझौते के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराना चाहते है तो वह सम्बन्धित न्यायालय में अपना प्रार्थना पत्र देकर अपना वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवा सकतें है।

# अन्ता सीट पर दोपहर एक बजे तक 47 प्रतिशत से अधिक मतदान

जयपुर। राजस्थान में बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान मंगलवार सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गया और दोपहर एक बजे तक 47 प्रतिशत से अधिक लोगों ने वोट डाला।

एक अधिकारी ने बताया कि सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और दोपहर एक बजे तक 47.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

पूरे निर्वाचन क्षेत्र में 268 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान शाम छह बजे तक जारी रहेगा।

निर्वाचन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। सुबह से ही मतदाता उत्साहपूर्वक वोट डाल रहे हैं। सुबह नौ बजे तक लगभग 5.26 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

इस सीट पर उपचुनाव के लिए कुल 2,28,264 मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं जिनमें 1,16,783 पुरुष और 1,11,477 महिलाएं शामिल हैं। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए मोरपाल सुमन को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया चुनाव मैदान में हैं। यह सीट भारतीय जनता पार्टी के विधायक कंवरलाल मीणा को अयोग्य घोषित किए जाने के कारण खाली हुई है।

राज्य की 200 सीट वाली विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के पास इस समय 118 सीट हैं। कांग्रेस के पास 66, भारत आदिवासी पार्टी के पास चार, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पास दो और राष्ट्रीय लोकदल के पास एक सीट है।

# राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 में नवी मुंबई नगर निगम को मिला पहला स्थान

**ठाणे।** नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) ने छठें राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2024 में 'शहरी स्थानीय निकाय' श्रेणी में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। यह जानकारी निगम अधिकारियों ने बुधवार को दी।

एनएमएमसी के आयुक्त और प्रशासक डॉ. कैलाश शिंदे ने कहा, 'यह पुरस्कार शहर की सतत जल प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता और नागरिकों की जिम्मेदार भागीदारी का प्रतीक है।'

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निगम की इस उपलब्धि पर बधाई दी ।

राष्ट्रीय जल पुरस्कारों की स्थापना जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा पुनर्जीवन विभाग द्वारा की गई है।

मंगलवार को पुरस्कारों की घोषणा करते हुए जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी।

इन पुरस्कारों का उद्देश्य जल संरक्षण, प्रबंधन और जन-जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो को सम्मानित करना है, ताकि देश को 'जल समृद्ध भारत' बनाने के लक्ष्य की दिशा में प्रोत्साहन मिले।

वर्ष 2024 के लिए देशभर से 751 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इनका मूल्यांकन केंद्रीय जल आयोग और केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा किया गया।

विज्ञप्ति के अनुसार, निगम को जल संरक्षण की नवोन्मेषी पहलों और सामुदायिक भागीदारी आधारित कार्यक्रमों के लिए व्यापक सराहना मिली है।

# जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव : दोपहर एक बजे तक मतदान 31 फीसदी के पार

**हैदराबाद।** जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मंगलवार दोपहर एक बजे तक 31.94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस उपचुनाव में लोकसभा चुनाव की तरह धुआंधार प्रचार किया गया था।

इस सीट के चुनाव परिणाम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस अपनी चुनावी पकड़ और मजबूत करना चाहती है, वहीं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सीट पर कब्जा बनाए रखने और वापसी करने की कोशिश में है।

भाजपा मतदाताओं के लिए बीआरएस और कांग्रेस दोनों के एक विकल्प के रूप में उभरना चाहती है।

मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। यह कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन को आसानी से मतदान करने की सुविधा देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

चुनाव अधिकारियों ने कुछ गैर-स्थानीय विधायकों और राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया है, जिन्होंने कथित तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश किया।

ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी आर. वी. कर्णन ने ड्रोन की मदद से मतदान प्रक्रिया की निगरानी की।

जीएचएमसी सूत्रों के अनुसार, देश में पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीकृत हवाई निगरानी और वास्तविक समय में स्थिति विश्लेषण के लिए ड्रोन तैनात किए गए हैं।

कुल 4.01 लाख से अधिक मतदाता 58 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

सभी मतदान केंद्रों पर वास्तविक समय की निगरानी के लिए वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

अधिकारियों के अनुसार, कुल 407 मतदान केंद्रों में से 226 केंद्रों को ''संवेदनशील'' के रूप में चिह्नित किया गया है।

मतदान के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों के अलावा लगभग 1,800 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं और ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

इस वर्ष जून में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ के निधन के कारण यह उपचुनाव आवश्यक हो गया है। भाजपा ने इस सीट से एल. दीपक रेड्डी को मैदान में उतारा है जबकि गोपीनाथ की पत्नी सुनीता बीआरएस की उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस के उम्मीदवार नवीन यादव हैं, जिन्हें असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) का समर्थन प्राप्त है।

# छात्र छात्राओं को स्वयं स्वाभलंबी बनाने का कार्य कर रही सरकार-लक्ष्मीनारायण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**कोसीकलां।** नगर के हाइवे स्थित आईटीआई कालेज में उ.प्र. कौशल विकास मिषन के द्वारा केन्द्र का प्रदेश के केबिनेट मंत्री ने फीटा काटकर शुभारंभ किया। केन्द्र पर निशुल्क स्वरोजगार, प्रशिक्षण सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत, केन्द्र के द्वारा किया जाएगा। उक्त केन्द्र पर निशुल्क किबात व ड्रैस तथा निशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। मुख्य अतिथि चौ. लक्ष्मीनारायण ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कि इस योजना के तहत केन्द्र पर छात्र-छात्राओं को अपनी खुद के पैरों पर खडा होना व अपना व्यापार कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होनो कहा कि सरकार कितने बच्चों को रोजगार दे सकती है, यह सभी के लिए संभव नहीं है, इसलिए सरकार ने छात्र छात्राओं को स्वयं स्वाभलंभी बनाने का कार्य कर रही है, ताकि नौजवान अपने परिवार, क्षेत्र व प्रदेश तथा देश का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान मनोज फौजदार, रिंकी चौधरी, राजवीर सिंह वैनीवाल सहित दर्जनो लोग मौजूद थे।



# एटीएस ने 'आतंकवाद' से जुड़े होने के आरोप में इंजीनियर को गिरफ्तार किया, शिक्षक से पूछताछ

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने अल-कायदा और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से कथित संबंधों के लिए पुणे के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की गिरफ्तारी के सिलसिले में ठाणे में एक शिक्षक से पूछताछ की। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार इंजीनियर जुबैर हंगरगेकर ने ठाणे जिले के मुंब्रा स्थित शिक्षक के घर का इस्तेमाल एक बैठक के लिए किया था।

एटीएस ने हंगरगेकर (37) को 27 अक्टूबर को अल-कायदा और भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा जैसे प्रतिबंधित संगठनों से कथित संबंधों और कट्टरपंथी गतिविधियों में उसकी संदिग्ध संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था।

एटीएस को जांच के दौरान हंगरेकर के पुराने फोन में पाकिस्तान के एक नागरिक का फोन नंबर मिला था।

एटीएस को मामले की जांच के दौरान पता चला कि हंगरगेकर अपनी एक बैठक के लिए मुंब्रा गया था।

एक अधिकारी ने बताया कि एटीएस के अधिकारी मंगलवार को शिक्षक के घर गए और हंगरगेकर व उसकी बैठक के बारे में पूछताछ की।

उन्होंने बताया कि शिक्षक इस मामले में न तो आरोपी है और न ही गवाह। एटीएस ने इस महीने की शुरुआत में पुणे की एक अदालत को बताया था कि हंगरगेकर शहर के कोंढवा इलाके में 'उग्र' तरीके से कथित तौर पर धार्मिक प्रवचन देता था।

उन्होंने बताया कि वहां एक घर पर छापेमारी के दौरान एटीएस ने मोबाइल फोन जब्त किए जिनमें 'भारतीय उपमहाद्वीप में अल कायदा (एक्यूआईएस) और उसके सभी स्वरूप' शीर्षक वाली हटाई गई पीडीएफ फाइलें थीं।

अधिकारी ने बताया कि उन्होंने ईद-उल-फितर पर अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन द्वारा दिए गए भाषण का उर्दू अनुवाद भी बरामद किया।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा 'इंस्पायर' नाम की एक पत्रिका भी मिली, जिसमें ओएसजी गन स्कूल में एके-47 प्रशिक्षण की तस्वीरें और ओएसजी बम स्कूल से एसीटोन पेरोक्साइड का उपयोग करके आईईडी बनाने की प्रक्रिया का विवरण देने वाले दस्तावेज थे।

एटीएस ने यह भी बताया कि छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति के पास से हंगरगेकर का एक पुराना फोन बरामद हुआ।एटीएस के मुताबिक, '' फोन की संपर्क सूची के विश्लेषण के दौरान पांच अंतरराष्ट्रीय फोन नंबर सेव पाए गए, जिनमें पाकिस्तान का एक, सऊदी अरब के दो और कुवैत व ओमान का एक-एक नंबर था।

एटीएस ने बताया कि फोन के कॉल डिटेल रिकॉर्ड में इन सेव नंबरों पर कोई कॉल नहीं दिखाई दी।

# झामुमो सांसद महुआ माजी ने दिल्ली विस्फोट को लेकर केंद्र की आलोचना की, इसे बड़ी सुरक्षा चूक बताया

रांची,। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सांसद महुआ माजी ने दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना की और सवाल उठाया कि इतनी बड़ी घटना ''उसकी नाक के नीचे और बिहार चुनाव से एक दिन पहले'' कैसे हो सकती है।

सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर धीमी गति से चल रही कार में जोरदार धमाका हुआ जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई वाहन जल गए।

घटना के समय को लेकर सवाल उठाते हुए राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''क्या मतदान से एक दिन पहले इस तरह की घटना महज एक संयोग है या इसके पीछे कोई साजिश है? यह सोचने और जांच का विषय है।''

इस घटना को बड़ी सुरक्षा चूक बताते हुए माजी ने कहा, ''केंद्र सरकार को शर्म आनी चाहिए और जवाब देना चाहिए कि उसकी नाक के नीचे इतना बड़ा हादसा कैसे हो गया।''

माजी के बयान की निंदा करते हुए भाजपा ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर राजनीति से बचना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा, ''यह घटना बेहद पीड़ादायक है। इस पर टिप्पणी करना और हर चीज को चुनाव से जोड़ना अनुचित है। पार्टियों को ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए।''

रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और घटनास्थल का दौरा भी किया।

उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने अपनी जांच शुरू कर दी है और जल्द रिपोर्ट सामने आएगी।''

# दिल्ली विस्फोट: प्रियंक खरगे ने अमित शाह को 'सबसे अक्षम गृह मंत्री' बताया

बेंगलुरु, 11 नवंबर (वेब वार्ता)। कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने दिल्ली में हुए विस्फोट को लेकर खुफिया विफलता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को अमित शाह को स्वतंत्र भारत का ''सबसे अक्षम गृह मंत्री'' बताया और उनके इस्तीफे की मांग की।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम को एक यातायात सिग्नल पर धीमी गति से चल रही एक कार में उच्च तीव्रता का विस्फोट हुआ जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई।

खरगे ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्र की जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए कहा, ''और कितने लोग मारे जाएंगे।''

कांग्रेस नेता ने देश भर में हुई विभिन्न आतंकवादी घटनाओं का हवाला दिया और अमित शाह के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की।

खरगे ने कहा, ''अमित शाह स्वतंत्र भारत के सबसे अक्षम गृह मंत्री हैं और कितने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ेगी? दिल्ली, मणिपुर, पुलवामा, पहलगाम - क्या हमारे पास जवाब हैं? गृह मंत्री होने के नाते वह चुनावी मंच पर जाते हैं और कहते हैं कि बांग्लादेशी भारत में घुसपैठ कर रहे हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इसके लिए विपक्ष जिम्मेदार है?''

उन्होंने कहा, ''कोई जवाबदेही नहीं है। उन्हें (शाह को) अक्सर आधुनिक सरदार पटेल कहा जाता है और बार-बार 56 इंच के सीने का दावा किया जाता है। और कितने लोगों की जान जाने के बाद वह इस्तीफा देंगे?''

खरगे ने कहा, ''मोदी अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई करने से क्यों डर रहे हैं? क्या उन्हें डर है कि उनके गुजरात के राज सबके सामने आ जाएंगे? हर चीज की एक सीमा होती है, वे लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। किसी और देश में ऐसा होता तो गृह मंत्री अब तक इस्तीफा दे चुके होते। और कितने लोग मारे जाएंगे? यह खुफिया तंत्र की विफलता हैज्‍ उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।''

खरगे ने सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा, ''वे आरएसएस-देशभक्त कहां हैं? उन्हें सीमा पर भेज दो। वे बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, इस स्थिति में उनके पास कहने के लिए क्या है?ज्‍'आधुनिक सरदार पटेल' कहां हैं?


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**संख्याः 570–सिग–पी.स.–निविदा–141** **दिनांकः 12.11.2025**

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड इ–निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य क लिए IREPS की वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | न्यू गाजियाबाद स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ एस एंड टी कार्य (इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्य) के साथ–साथ उत्तर रेलवे में DLI डिवीजन के न्यू गाजियाबाद स्टेशन पर हॉल्ट से क्रॉसिंग स्टेशन में सी/डब्ल्यू रूपांतरण में आसन्न स्टेशन में परिवर्तन |
| 2 | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 11 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 5.30 करोड़ (लगभग) |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 4,15,200/- (रूपये चार लाख पंद्रह हजार दो सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर 14.11.2025 से 05.12.2025 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | 05.12.2025 उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 21.11.2025 से 05.12.2025 11:30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 05.12.2025 11:30 बजे खोला जाएगा। |

3515/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# सेवा क्षेत्र में रोजगार की खराब स्थिति

भारत में सेवा क्षेत्र की केंद्रीय भूमिका है, लेकिन इसके भीतर अधिकांश कर्मियों को रोजगार सुरक्षा या सामाजिक संरक्षण हासिल नहीं है। अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा योगदान के बावजूद सेवा क्षेत्र के कर्मी निम्न वेतन जाल में फंसे हुए हैं। नीति आयोग ने समस्या पर रोशनी डाली है, लेकिन ठोस समाधान सुझाने में विफल रहा है। समस्या है सेवा क्षेत्र में रोजगार की खराब स्थिति। आयोग ने कहा है- भारतीय आर्थिक ढांचे में सेवा क्षेत्र केंद्रीय स्थल पर है, लेकिन इसके भीतर अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा बेहद बड़ा है, जहां अधिकांश कर्मियों को रोजगार सुरक्षा या सामाजिक संरक्षण हासिल नहीं है। अर्थव्यवस्था में सबसे ज्यादा योगदान के बावजूद सेवा क्षेत्र के कर्मी निम्न वेतन जाल में फंसे हुए हैं। सेवा क्षेत्र अर्थव्यवस्था में योगदान 55 फीसदी से अधिक है, मगर यह कुल रोजगार में इसका हिस्सा एक तिहाई ही है- और उसमें भी ज्यादातर कम वेतन वाली और अनौपचारिक नौकरियां हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 के अंत तक सेवा क्षेत्र में 18 करोड़ 80 लाख लोगों को काम मिला हुआ था। मगर रोजगार का यह क्षेत्र गहरे ढांचागत विभाजन का शिकार है।

एक तरफ सूचना तकनीक, वित्त, स्वास्थ्य, और पेशेवर सेवाओं में उच्चस्तरीय रोजगार हैं, तो दूसरी ओर अनौपचारिक क्षेत्र है जिसके भीतर 55.7 प्रतिशत कर्मी स्वरोजगार श्रेणी में आते हैं। बिना सामाजिक सुरक्षा वाले वेतनभोगी कर्मियों की संख्या 29 फीसदी है। 9.2 प्रतिशत लोग घरेलू कामकाज में सहायक की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि 6.2 प्रतिशत दिहाड़ी मजदूर हैं। स्पष्ट है, सेवा क्षेत्र ज्यादातर कर्मियों को किसी तरह जीने का सहारा भर दे रहा है। लेकिन उससे ऐसे उपभोक्ता तैयार नहीं हो सकते, जो बाजार का विस्तार करें। तो आयोग ने कहा है कि सेवा क्षेत्र के लिए नए नीतिगत नजरिए की जरूरत है, जिसका मकसद इस क्षेत्र को औपचारिक रूप देना हो। मगर ऐसा कह भर देने से तो नहीं होगा! महिलाओं और युवाओं में कौशल विकसित करने, डिजिटल एवं ग्रीन अर्थव्यवस्था की तकनीक में निवेश करते हुए उसके लिए कर्मी तैयार करने, और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नीतियां लागू करने जैसे नीति आयोग के सुझाव गौरतलब हैं। मगर मुद्दा यह है कि ये काम कौन करेगा? क्या सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र पर डालने के लिए वैधानिक उपायों पर सख्ती से अमल के लिए सरकार तैयार है? क्या इसके लिए सरकार अर्थव्यवस्था में हस्तक्षेप की भूमिका अपनाएगी?

## विशेष

# बिहार : चुनाव बाद सर्वेक्षण में राजग सरकार

बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अब सभी राजनीतिक दलों को गुरुवार को होने वाली मतगणना की प्रतीक्षा है। मतदान के बाद जितने भी आंकलन हुए हैं, उनके अनुसार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हालांकि इन सर्वेक्षणों में कितनी सच्चाई है, यह दो दिन में पता चल जाएगा, लेकिन इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि सारे आंकलन केवल वातानुकूलित कमरों में बैठकर की गई कार्यवाही मात्र नहीं जा सकती। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अभी भी यह दावा किया जा रहा है कि मतदान के बाद हुए सर्वेक्षण पूरी तरह से गलत हैं। यह सर्वेक्षण गलत हो भी सकते हैं, क्योंकि ऐसा पहले भी हो चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव में यह मतदान बाद का सर्वेक्षण गलत साबित हो चुका है। इसलिए यह मानकर चलना ही चाहिए कि सर्वेक्षण गलत भी हो सकते हैं। बिहार की राजनीतिक स्थिति का आंकलन किया जाए तो यह भी एक निहितार्थ निकलता है कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी को उनके अपनों ने ही अवरोधक बनने का पूरा प्रयास किया। दूसरी बड़ी बात यह है कि तेजस्वी विरासत के आधार पर नेता बने हैं। इसी विरासत पर उनके भाई तेजप्रताप भी दावा करते हुए अलग राह पर चले गए। यही राह तेजस्वी की रास्ते का सबसे बड़ा अवरोधक बनते दिखाई दे रही है। इसे कतई नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि तेजप्रताप को खड़ा करने के लिए अंदर की राजनीति ही काम कर रही है। राजद में जो नेता तेजस्वी को नापसंद करते थे वे स्वाभाविक रूप से तेजप्रताप के पाले में खड़े हो गए। इसमें खास तथ्य यह भी है कि कई लोग खुलकर साथ थे तो कई राजनेता अंदर ही अंदर तेजस्वी की जड़ को काट रहे थे। दूसरी बात यह भी है कि तेजस्वी और तेजप्रताप के व्यवहार में भी जमीन आसमान का अंतर दिखाई देता है। बिहार के मतदाताओं में शायद यही संदेश गया होगा कि तेजस्वी ने तेजप्रताप के साथ अन्याय किया है। इसी अन्याय शब्द के माध्यम से अगर सहानुभूति पैदा हुई होगी तो उसका राजनीतिक लाभ तेजप्रताप को ही मिला होगा। राष्ट्रीय जनता दल की सबसे बड़ी कमजोरी यह भी मानी जा सकती है कि लोकतांत्रिक चुनाव में क्या केवल लालू प्रसाद यादव का परिवार ही राजद का उत्तराधिकारी हो सकता है। क्योंकि लालू यादव के दोनों ही पुत्र अपने आपको खानदानी विरासत का उत्तराधिकारी मानने का दावा कर रहे हैं। हम यह जानते ही होंगे कि दो की लड़ाई में हमेशा तीसरे का ही फायदा होता है। इसलिए यह भी कहा जा सकता है कि राजद नेताओं की आपसी लड़ाई का लाभ भी दूसरे राजनीतिक दलों को ही हुआ होगा। इसलिए चुनाव बाद के सर्वेक्षण में जो दिखाया गया है, वह इसलिए भी सही साबित हो सकता है, क्योंकि विपक्ष के वोट विभाजित हो गए। सर्वेक्षण राजग को बहुमत देने का आंकलन केवल एक संस्था का नहीं है, यह लगभग सभी में ही दिखाया गया है। मतगणना के बाद अगर सर्वेक्षण वाली तस्वीर ही बनती है तो स्वाभाविक रूप से बिहार की राजनीति में फिर से भूचाल आएगा। आपस में ही आरोप लगाने की राजनीति शुरू होगी।

हार का ठीकरा फोड़ने की कवायद भी होगी। इसके अलावा यह भी हो सकता है कि इसका ठीकरा हर बार की तरह ईवीएम पर फोड़ा जाए। इसके अलावा विपक्ष के पास वोट चोरी का मुद्दा तो पहले से ही तैयार है। विपक्ष के राजनीतिक दलों को सोचना चाहिए कि जब घर में पराजित करने वाले पैदा हो जाएं, तब दूसरों को दोष देना उचित नहीं। अपनी स्वयं की स्थिति का आंकलन करना ही चाहिए। कांग्रेस और राजद के पास अब आत्ममंथन के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचता। समय रहते इन दोनों दलों को अपनी स्थिति का आंकलन करना होगा और भविष्य की नींव मजबूत करने का प्रयास करना चाहिए।

# कहां तक बहेगी ऐसे 'ज्ञान' की अविरल धारा

**-निर्मल रानी-**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 09 नवंबर 2025 को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में 25वें राज्य स्थापना दिवस के मुख्य समारोह को सम्बोधित किया। गौर तलब है कि उत्तराखंड का गठन 09 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर हुआ था। इस समारोह में पीएम मोदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को राज्य की आध्यात्मिक धरोहर से जोड़कर युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के मकसद से इस आयोजन में भाग लेने हेतु प्रदेश के अनेक शिक्षण संस्थानों के छात्रों को लाने की व्यवस्था की गयी थी। प्रधानमंत्री ने यहाँ अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे 'प्राचीन ज्ञान' को आधुनिक विज्ञान से जोड़ें। निश्चित रूप से योग व आयुर्वेद जैसी प्राचीन भारतीय ज्ञान सम्बन्धी कई बातें ऐसी हैं जिन पर देश को गर्व है। परन्तु वास्तविक प्राचीन भारतीय ज्ञान की आड़ में पौराणिक कथाओं से प्राप्त ज्ञान को आज के वैज्ञानिक युग में 'ज्ञान' बताते हुये छात्रों को 'भ्रमित' करना, यह कहाँ तक उचित है? प्रधानमंत्री सहित देश के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा समय समय पर देश के भविष्य के कर्णधार छात्रों व युवाओं को सम्बोधित करते हुये ऐसी अनेक बातें की जा चुकी हैं जिनका न केवल मजाक उड़ाया गया बल्कि एक बड़े वैज्ञानिक व शिक्षित वर्ग द्वारा इसका खंडन भी किया गया।

याद कीजिये अक्टूबर 2014 में जब 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के संदर्भ में मुंबई के एक अस्पताल में चिकित्सकों और पेशेवरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि "भगवान गणेश के सिर पर हाथी का सिर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी का प्रमाण है। हमारे देश ने चिकित्सा विज्ञान में जो हासिल किया था, उस पर गर्व महसूस कर सकते हैं। हम गणेश जी को पूजते हैं, जिनके सिर पर हाथी का सिर लगाया गया था। यह प्लास्टिक सर्जरी की शुरूआत थी।" मोदी के इस बयान की न केवल विपक्षी दलों द्वारा बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा भी तीखी आलोचना की गयी थी। इस आलोचना का कारण यह था कि मोदी का कथन पूर्णतः अवैज्ञानिक व तर्कहीन था क्योंकि गणेश हिंदू पौराणिक कथा के चरित्र हैं यह कोई ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं। जबकि प्लास्टिक सर्जरी का आधुनिक विकास 19वीं सदी में जोसेफ कार्प्यू जैसे ब्रिटिश डॉक्टरों द्वारा किया गया था। परन्तु हाथी के सिर का मानव शरीर पर प्रत्यारोपण जैसा कोई पुरातात्विक या चिकित्सकीय प्रमाण कतई नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का यह प्रयास मिथक को इतिहास बनाने का प्रयास है, जोकि सरासर विज्ञान-विरोधी है।

इसी तरह मोदी ने ऐसी ही 'ज्ञान गंगा' बहाने वाली एक पुस्तक की प्रशंसा करते हुए पुस्तक प्रस्तावना में लिखा 'कि प्राचीन भारत में टेस्ट-ट्यूब बेबी, स्टेम सेल तकनीक, हवाई जहाज और न्यूक्लियर तकनीक आदि मौजूद थी जोकि "प्राचीन ज्ञान" का प्रमाण थी। इन बातों को भी दुनिया के एक बड़े शिक्षित व वैज्ञानिक वर्ग ने खारिज किया क्योंकि यह भी अवैज्ञानिक व तर्कहीन दावे थे और यह सभी दावे वेदों और महाभारत की कथाओं व उनकी व्याख्या पर आधारित हैं। इन दावों का भी कोई भौतिक साक्ष्य जैसे अवशेष या यंत्र आदि उपलब्ध नहीं है। सच्चाई यह है कि

> **याद कीजिये अक्टूबर 2014 में जब 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के संदर्भ में मुंबई के एक अस्पताल में चिकित्सकों और पेशेवरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि "भगवान गणेश के सिर पर हाथी का सिर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी का प्रमाण है। हमारे देश ने चिकित्सा विज्ञान में जो हासिल किया था, उस पर गर्व महसूस कर सकते हैं। हम गणेश जी को पूजते हैं, जिनके सिर पर हाथी का सिर लगाया गया था। यह प्लास्टिक सर्जरी की शुरूआत थी।" मोदी के इस बयान की न केवल विपक्षी दलों द्वारा बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा भी तीखी आलोचना की गयी थी।**

आधुनिक क्श्रक्त 1978 में विकसित हुआ जबकि हवाई जहाज का आविष्कार 1903 में हुआ। प्रधानमंत्री इस तरह की अनेक बातें कर चुके हैं जोकि पूरी तरह से अवैज्ञानिक व तर्कहीन है तथा इतिहास में उनके कोई प्रमाण भी नहीं मिलते।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना द्वारा बालाकोट एयर स्ट्राइक के संदर्भ में दिए गये अपने एक साक्षात्कार में यह दावा करते हैं कि उन्होंने सलाह दी कि "खराब मौसम और बादलों का फायदा उठाते हुए भारतीय विमानों को पाकिस्तानी रडार से बचाया जा सकता है, क्योंकि बादल हैं तो रडार से बच सकते हैं"। बालाकोट हमले की रणनीति पर चर्चा के दौरान आये मोदी के इस 'ज्ञान' का भी काफी मजाक उड़ाया गया था और विशेषज्ञों ने इसे तकनीकी रूप से गलत बताया, क्योंकि सामान्यतः रडार बादलों से प्रभावित नहीं होते। इसी तरह वे बायोगैस के महत्व को समझाने के लिए किसी चाय वाले की कहानी गढ़कर बताने लगते हैं कि 'एक छोटे शहर में नाले के पास चाय बेचने वाले व्यक्ति ने नाले से निकलने वाली मीथेन गैस का उपयोग चाय बनाने के लिए किस तरह किया। तो कभी किसी किसान की 'कहानी' सुना डालते हैं जिसने रसोई के कचरे और गोबर से बायोगैस बनाकर पंप इंजन चलाया।

दरअसल जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है तभी से प्रधानमंत्री सहित ऊँचे ओहदे पर बैठे अनेक लोग इस तरह की अवैज्ञानिक व तर्कहीन बातें कर हमारे देश के छात्रों का भविष्य चौपट करने पर तुले हुये हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह लोग हिंदूवादी विचार के अशिक्षित लोगों को खुश करने के फेर में यह भूल जाते हैं कि यह उस अगली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं जो भविष्य में देश की बागडोर संभालने वाली है। कभी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के पीएम श्री नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर छात्रों के साथ संवाद के दौरान यह 'ज्ञान' साँझा करते सुनाई देते हैं कि 'हनुमान जी पहले अंतरिक्ष यात्री थे'। जबकि ऐतिहासिक रूप से पहले अंतरिक्ष यात्री सोवियत संघ के यूरी गागरिन थे। ठाकुर के इस दावे को भी मिथक और अवैज्ञानिक व तर्कहीन बताते हुये खूब आलोचना की गयी थी। इसी तरह राजस्थान हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति महेश चंद्र शर्मा ने अपने रिटायरमेंट के अंतिम दिन मई 2017 को मीडिया से बातचीत में अपनी 'ज्ञानगंगा' बहाई। उन्होंने कहा कि "मोर आजीवन ब्रह्मचारी रहता है। इसके जो आंसू आते हैं, मोरनी उसे चुगकर गर्भवती होती है।" उसी समय पक्षी विशेषज्ञों ने इसे गलत व कोरा झूठ बताया था। क्योंकि मोर और मोरनी भी अन्य पक्षियों की ही तरह सामान्य संभोग से ही प्रजनन करते हैं।

सवाल यह है कि आज सूचना व संचार के आधुनिक युग में खासकर ए आई के दौर में ऐसी निरर्थक तर्कहीन व अवैज्ञानिक बातें कर यह 'महाज्ञानी लोग' देश के युवाओं के भविष्य को कब तक अंधकारमय बनाते रहेंगे? और कहां तक बहेगी ऐसे 'ज्ञान' की 'अविरल धारा'?

# रोजगार संकट : भारत के आईटी क्षेत्र में छंटनी की लहर

**-डॉ प्रियंका सौरभ-**

भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र लंबे समय से देश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार रहा है। यह क्षेत्र न केवल सेवा निर्यात का सबसे बड़ा स्रोत है, बल्कि लाखों शिक्षित युवाओं को उच्च आय वाले रोजगार भी प्रदान करता रहा है। परंतु हाल के वर्षों में इसमें एक गहरी हलचल देखी जा रही है। वर्ष 2024-25 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा लगभग 20, 000 नौकरियों में की गई कटौती ने पूरे उद्योग को हिला दिया। यह केवल एक कंपनी का प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि भारतीय आईटी क्षेत्र में चल रहे एक व्यापक संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत है।

यह परिवर्तन कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन अधिगम और स्वचालित प्रणालियों के तीव्र विस्तार के कारण हो रहा है। जिन कार्यों के लिए पहले सैकड़ों कर्मचारियों की आवश्यकता होती थी, अब वही कार्य कुछ ही मिनटों में स्वचालित तकनीक द्वारा संपन्न किए जा रहे हैं। सॉफ्टवेयर निर्माण, परीक्षण, और ग्राहक सेवा जैसे कार्य अब एजेंटिक एआई प्रणालियों द्वारा अधिक कुशलता से किए जा रहे हैं। इससे कंपनियों की उत्पादकता तो बढ़ी है, लेकिन मानव श्रम की आवश्यकता घटने लगी है — और यही इस मौन छँटनी की सबसे बड़ी वजह है। टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो और कॉग्निजेंट जैसी कंपनियाँ अब पुराने आउटसोर्सिंग मॉडल से हटकर मूल्य आधारित डिजिटल सेवा मॉडल की ओर बढ़ रही हैं। यह परिवर्तन सीधे तौर पर मध्यम स्तर के कर्मचारियों को प्रभावित कर रहा है, जिनके कौशल पारंपरिक तकनीकों तक सीमित हैं। वे नई एआई आधारित प्रणालियों के अनुरूप स्वयं को ढाल नहीं पा रहे हैं। यही कौशल असंगति इस संकट का मूल कारण है। एआई आधारित उपकरणों ने सॉफ्टवेयर उद्योग में मध्य प्रबंधन और सहायक भूमिकाओं को लगभग अप्रासंगिक बना दिया है। पहले जहाँ ईआरपी प्रबंधन या सिस्टम रखरखाव के लिए बड़े दलों की आवश्यकता होती थी, अब वही कार्य कुछ प्रोग्राम और क्लाउड स्वचालन प्रणालियाँ पूरी कर देती हैं। कंपनियों के लिए यह लागत घटाने का साधन है, लेकिन लाखों कर्मचारियों के लिए यह असुरक्षा का कारण बन गया है। यह प्रवृत्ति केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका और यूरोप में भी तकनीकी उद्योगों में बजट कटौती और व्यापारिक संरक्षणवाद के कारण भारी परिवर्तन हो रहे हैं। विदेशी ग्राहक अब मानव श्रम आधारित सेवाओं की जगह तकनीक-आधारित समाधान चाहते हैं। साथ ही, अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि और स्थानीय भर्ती नीतियों ने भारतीय कंपनियों के लिए विदेशों में कर्मचारियों की नियुक्ति को कठिन बना दिया है। इन सब कारणों से कंपनियाँ घरेलू स्तर पर भी कार्यबल कम करने पर मजबूर हो रही हैं। वर्ष 2023 से 2025 के बीच भारत की शीर्ष पाँच आईटी कंपनियों में लगभग 50, 000 नौकरियाँ समाप्त हुई हैं। कंपनियाँ इसे कार्य दक्षता में सुधार बताती हैं, परंतु वास्तविकता यह है कि मानव संसाधन की आवश्यकता कम होती जा रही है। यह न केवल आर्थिक चुनौती है, बल्कि सामाजिक रूप से भी चिंता का विषय है, क्योंकि आईटी क्षेत्र देश के सबसे शिक्षित और संगठित वर्ग को रोजगार देता है। फिर भी, इस परिवर्तन को पूरी तरह नकारात्मक नहीं कहा जा सकता। हर तकनीकी क्रांति अपने साथ अवसर भी लाती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने नए क्षेत्र खोले हैं — जैसे डेटा विज्ञान, क्लाउड इंजीनियरिंग, साइबर सुरक्षा, और एआई मॉडल निर्माण। प्रश्न यह नहीं है कि नौकरियाँ समाप्त हो रही हैं, बल्कि यह कि पुराने कौशल अप्रासंगिक हो रहे हैं और नए कौशलों की मांग बढ़ रही है।

अब आवश्यकता है कि सरकार, उद्योग और शिक्षा क्षेत्र मिलकर समन्वित प्रयास करें। सबसे पहले, राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल पुनःप्रशिक्षण अभियान चलाना होगा। टीसीएस ने स्वयं 5.5 लाख कर्मचारियों को मूल एआई प्रशिक्षण दिया और एक लाख को उन्नत प्रशिक्षण में सम्मिलित किया। यदि इस मॉडल को अन्य कंपनियों और सरकारी योजनाओं में शामिल किया जाए, तो बड़ी संख्या में पेशेवरों को पुनःकुशल बनाया जा सकता है। दूसरे, तकनीकी शिक्षा संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम में मूलभूत परिवर्तन लाने होंगे। अब केवल प्रोग्रामिंग या नेटवर्किंग नहीं, बल्कि एआई नैतिकता, उत्पाद सोच, डेटा विश्लेषण, और सृजनात्मक समस्या समाधान जैसे विषयों को शिक्षा का हिस्सा बनाना होगा। नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत इन विषयों को शामिल कर युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार किया जा सकता है। तीसरे, सामाजिक सुरक्षा ढाँचे को मजबूत करना होगा। छँटनी झेल रहे कर्मचारियों को सेवरेंस पैकेज, पुनःप्रशिक्षण सब्सिडी, और मानसिक स्वास्थ्य सहायता दी जानी चाहिए। भारत में निजी क्षेत्र के अधिकांश कर्मचारी किसी औपचारिक सुरक्षा प्रणाली से बाहर हैं। ऐसे में सरकार को डिजिटल रोजगार सुरक्षा कोष या टेक्नो-कर्मचारी बीमा योजना जैसी पहल शुरू करनी चाहिए। चौथे, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से बड़े पैमाने पर कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएँ। एड-टेक कंपनियों, नासकॉम और राज्य सरकारों को मिलकर क्षेत्रीय प्रशिक्षण मिशन शुरू करने चाहिए, ताकि बेरोजगार तकनीकी पेशेवरों को नए कौशल सिखाए जा सकें। पाँचवाँ, नवाचार और स्टार्ट-अप संस्कृति को और प्रोत्साहित करना होगा। एआई आधारित उत्पाद विकास और डीप-टेक उद्यमिता को बढ़ावा देकर नए रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। सरकार को स्टार्ट-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया योजनाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना चाहिए। अगर भारत अपने युवाओं को रोजगार चाहने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजक बना सका, तो यह संकट अवसर में बदल सकता है। साथ ही, कंपनियों को अपनी मानव संसाधन नीतियों में संवेदनशीलता लानी होगी। मौन छँटनी या जबरन निष्कासन जैसी प्रक्रियाएँ कर्मचारियों के आत्मबल को तोड़ देती हैं। तकनीकी विकास तभी सार्थक है जब वह मानवीय मूल्यों के साथ संतुलन बनाए रखे। भारत के पास इस समय एक अनूठा अवसर है। हमारे पास विश्व का सबसे बड़ा युवा तकनीकी कार्यबल है। यदि यह कार्यबल सही दिशा और कौशल के साथ प्रशिक्षित हो सके, तो भारत न केवल आईटी सेवाओं का केंद्र रहेगा बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के वैश्विक युग में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। इसके लिए एक दीर्घकालिक राष्ट्रीय डिजिटल कौशल मिशन 2030 की रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए। टीसीएस की छँटनी जैसी घटनाएँ हमें यह चेतावनी देती हैं कि तकनीकी युग में स्थिरता केवल निरंतर सीखने और अनुकूलन से ही संभव है। आने वाले दशक में वही कंपनियाँ सफल होंगी जो तकनीकी दक्षता के साथ-साथ मानवीय कौशल — जैसे विवेकपूर्ण निर्णय, रचनात्मकता और नैतिक सोच — को भी महत्त्व देंगी। भारत के आईटी क्षेत्र ने विश्व में अपनी पहचान गुणवत्ता, नवाचार और भरोसे के बल पर बनाई है। यह भरोसा तभी कायम रह सकता है जब उद्योग अपने कर्मचारियों को केवल संसाधन नहीं, बल्कि साझेदार समझे।

# खेतीबाड़ी में कृत्रिम बुद्धिमता की प्रासंगिकता

**-डा. कर्म सिंह ठाकुर-**

आज मानव सभ्यता एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुकी है जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। औद्योगिक क्रांति के बाद यह तकनीकी क्रांति मानव जीवन की गति, सटीकता और उत्पादकता को नई दिशा दे रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, प्रशासन और बैंकिंग के साथ अब कृषि क्षेत्र भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं रहा है। एआई ने अनेक कार्यों को स्वचालित बना दिया है। डेटा विश्लेषण, निदान, वित्तीय गणना, ग्राहक सहायता और उत्पादन में यह मशीनें मनुष्यों से अधिक दक्ष सिद्ध हो रही हैं। किंतु इसका परिणाम यह भी है कि रोजगार की असुरक्षा, सामाजिक असंतुलन और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। जहां विश्व एआई से उत्पन्न बेरोजगारी और अस्थिरता की चिंता में है, वहीं हिमाचल प्रदेश की कृषि व्यवस्था एक अपवाद के रूप में सामने आती है। यहां की कृषि केवल आजीविका नहीं, बल्कि संस्कृति, आत्मनिर्भरता और जीवन दर्शन का प्रतीक है। पहाड़ी ढलानों पर फैली बागवानी, फलों की खुशबू और किसानों की मेहनत इस भूमि की पहचान है। यहां की मिट्टी, जलवायु और श्रमशील संस्कृति ने प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया है। हिमाचल का युवा वर्ग, जो महानगरों की नौकरी और तकनीकी सुविधाओं की ओर आकर्षित हुआ, अब एआई के युग में यह अनुभव कर रहा है कि मशीनें उसके रोजगार का स्थान ले रही हैं। जब वही युवा ह्यआपकी जगह अब मशीन ले चुकी हैन्न जैसी वास्तविकता से गुजरता है, तब उसे अपनी जड़ों की याद आती है। इस परिदृश्य में हिमाचल की पारंपरिक कृषि व्यवस्था की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। हिमाचल का कृषक वर्ग अब भी भूमि से जुड़ा हुआ है। सेब बागवानी, मधुमक्खी पालन, जैविक खेती और डेयरी व्यवसाय से जुड़े युवा आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। उनका कार्य प्रकृति से सीधा संवाद है, जिसे कोई मशीन प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। हालांकि एआई को यदि सहयोगी तकनीक के रूप में अपनाया जाए, तो यह पारंपरिक कृषि के संवर्द्धन का साधन बन सकती है। उदाहरणस्वरूप, एआई के माध्यम से मौसम की सटीक भविष्यवाणी, फसल रोगों की पहचान, सिंचाई प्रबंधन और उत्पाद विपणन में सहायता मिल सकती है। दुर्गम क्षेत्रों में ड्रोन और स्वचालित वाहनों से

> **सामुदायिक सहयोग, परिश्रम और आत्मविश्वास। कठिनाइयों के बावजूद हिमाचल का किसान प्रकृति को विरोधी नहीं, बल्कि मां मानता है। यही आत्मीयता उसे हर संकट में स्थिर रखती है। प्रदेश की कृषि अब पारंपरिक सीमाओं से आगे बढकर विविधता और नवाचार की दिशा में अग्रसर है। अनाज आधारित कृषि के साथ अब बागवानी, फूल उत्पादन, मशरूम, औषधीय पौधों की खेती जैसे क्षेत्रों का विस्तार हुआ है।**

बागवानी उत्पादों का परिवहन संभव होगा, जबकि स्मार्ट सेंसर मिट्टी की नमी और तापमान की सटीक जानकारी देंगे। जंगली जानवरों से फसलों की रक्षा हेतु एआई आधारित निगरानी प्रणाली उपयोगी सिद्ध हो सकती है। इस प्रकार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उद्देश्य प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि उन्नयन होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश ने बीते वर्षों में अनेक आपदाओं का सामना किया है। वर्ष 2023 की अतिवृष्टि, भूस्खलन और बाढ़ ने प्रदेश की संरचना और जनजीवन को गहराई से प्रभावित किया। फिर भी, हिमाचल के लोगों ने अदम्य साहस और धैर्य दिखाया। उन्होंने अपने घरों और खेतों को पुनः बसाया, जीवन को पटरी पर लाया। यह प्रदेश के लोगों की सबसे बड़ी पूंजी है।

सामुदायिक सहयोग, परिश्रम और आत्मविश्वास। कठिनाइयों के बावजूद हिमाचल का किसान प्रकृति को विरोधी नहीं, बल्कि मां मानता है। यही आत्मीयता उसे हर संकट में स्थिर रखती है। प्रदेश की कृषि अब पारंपरिक सीमाओं से आगे बढकर विविधता और नवाचार की दिशा में अग्रसर है। अनाज आधारित कृषि के साथ अब बागवानी, फूल उत्पादन, मशरूम, औषधीय पौधों की खेती जैसे क्षेत्रों का विस्तार हुआ है। प्राकृतिक खेती : खुशहाल किसान योजना, मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना और ड्रिप इरिगेशन कार्यक्रम जैसी योजनाओं से जल और मिट्टी संरक्षण, संसाधनों का कुशल उपयोग और आत्मनिर्भरता की भावना सशक्त हुई है। यदि हिमाचल का युवा वर्ग अपनी शिक्षा, नवाचार और तकनीकी दक्षता को कृषि से जोड़े, तो प्रदेश एक ऐसे आत्मनिर्भर राज्य के रूप में उभर सकता है जहां पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक का सुंदर संतुलन स्थापित हो। एआई आधारित प्रणालियां किसानों को बाजार से जोडङ्गे, फसलों की गुणवत्ता बढ़ाने और जलवायु अनुकूल खेती में सहायता कर सकती हैं। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हालांकि, तकनीकी विकास के साथ यह भी आवश्यक है कि हम पर्यावरणीय संवेदनशीलता बनाए रखें। हिमाचल की आपदाएं चेतावनी देती हैं कि स्थायी विकास केवल तकनीक से नहीं, बल्कि प्रकृति के संतुलन से संभव है। एआई का उपयोग तभी सार्थक है जब वह पर्यावरण और पारंपरिक ज्ञान के अनुरूप हो। आज का युग भौतिक प्रगति का है, परंतु इसके साथ मनुष्य का मिट्टी और प्रकृति से जुड़ाव कमजोर पड़ता जा रहा है।

हिमाचल इस संतुलन की शिक्षा देता है प्रगति करो, पर अपनी जड़ों से मत कटो। खेतों में काम करने का आनंद, फलों को अपने हाथों से उगाने का गर्व, और पहाड़ों की हवा में सांस लेने का सुख- ये अनुभव किसी मशीन से नहीं मिल सकते। जब हिमाचल का युवा अपने खेतों और परंपराओं की ओर लौटेगा, तो वह अपनी संस्कृति, पहचान और आत्मसम्मान को पुनर्जीवित करेगा। निश्चित रूप से, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने जीवन को सरल और दक्ष बनाया है, लेकिन हिमाचल प्रदेश यह सिखाता है कि सच्ची प्रगति वही है जो मनुष्य और प्रकृति दोनों को साथ लेकर चले। यहां का किसान धरती से संवाद करता है, अपने खेतों में जीवन रचता है। इसीलिए जब पूरी दुनिया एआई के प्रभाव से भयभीत है, हिमाचल आत्मविश्वास से भरा है क्योंकि उसकी नींव प्रकृति, संस्कृति और आत्मनिर्भरता पर टिकी है। हिमाचल की मिट्टी में जीवन की शक्ति है, उसकी कृषि में भविष्य की संभावनाएं हैं, और उसकी संस्कृति में वह स्थायित्व है जो किसी भी तकनीकी युग में मानवता को दिशा देने का सामर्थ्य रखता है। यही कारण है कि हिमाचल की पारंपरिक कृषि व्यवस्था में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि प्रगति और परंपरा के संतुलन का प्रतीक बन सकती है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से नगरीय निकाय गजेटियर किया जायेगा तैयार: श्रीमती इंदिरा सिंह



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर** । नगरीय क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से नगरीय निकाय गजेटियर तैयार किये जाने हेतु बिजनौर नगर पालिका परिषद ने एक बैठक का आयोजन किया ।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने किया । पालिका के डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित बैठक में मुरादाबाद मंडल के आयुक्त के निर्देश पर तैयार किया जा रहे नगरीय निकाय गजेटियर के उद्देश्य पर चर्चा की गई । पालिकाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि नगर के प्रत्येक परिवार की आर्थिक सामाजिक स्थिति का प्राथमिक आंकड़ा संकलन के लिए नगर निकाय गजेटियर तैयार किया जा रहा है, इस कार्य के लिए घर-घर जाकर प्राथमिक सूचनाओं का डाटा कलेक्ट किया जाना है,ताकि भविष्य की विकास कार्य योजना तैयार की जा सके ,साथ ही नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कराई जा सके। अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि जो सूचना संकलित की जानी है, उनमें नगर क्षेत्र में रह रहे प्रत्येक परिवार की आर्थिक, सामाजिक स्थिति के साथ सरकार से मिलनेवाली सुविधाओं का आंकड़ा भी लिया जायेगा । इस कार्य के लिए हर वार्ड में दो-दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है , डाटा संकलन में किसी तरह की चूक ना हो पाए, इसके लिए क्रास चेकिंग का भी प्रावधान किया गया है।

बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ बीरबल सिंह,कर अधीक्षक नरेंद्र पाल सिंह,सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता सिविल यशवंत सिंह, अवर अभियंता जलकल गौरव शर्मा, कर निरीक्षक सुंदरलाल, सभासद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी, तुफैल अहमद, संजय बिश्नोई, प्रभाकर ,घनश्याम दास गुप्ता आदि में विचार व्यक्त किये ।

# नजीबाबाद में डेढ़ माह पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

*** महिलाओं सहित सात गिरफ्तार, 6 करोड़ के आभूषण व नकदी बरामद करने का पुलिस ने किया दावा**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर** । पुलिस ने नजीबाबाद में हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा कर करीब 6 करोड़ रुपये के माल की बरामदगी की है। पुलिस ने घटना में शामिल कई महिलाओं सहित 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दो अभी फरार बताये जा रहे हैं। पकड़े गये सभी बदमाश आपस में रिश्तेदार हैं।

स्थानीय पुलिस लाइन में एसपी अभिषेक झा ने खुलासे की जानकारी देते हुए बताया कि 27/28 सितम्बर की रात को नजीबाबाद के चौक बाजार स्थित योगेश कुमार की बर्तनों की दुकान से करोड़ों रुपये का सोने-चांदी का सामान व ढाई लाख रुपये चोरी हो गये थे। घटना से पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया था। चोरी की ये सनसनीखेज घटना पुलिस के लिये चुनौती बन गई थी। घटना के खुलासे के लिये स्वाट एवं सर्विलांस टीम सहित पुलिस की कई टीमों का गठन किया था। आज सुबह स्वाट सर्विलांस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि चौक बाजार में बर्तनों की दुकान में हुई चोरी की घटना में शामिल बदमाश पूरनपुर रोड के पास नवनिर्मित कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में छुपा बैठा है। उसने अपने साथियों से अपने हिस्से का सामान लिया है और वह देहरादून की जाने की फिराक में है। सूचना पर स्वाट सर्विलांस टीम व नजीबाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और अभियुक्त को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। खुद को पुलिस से घिरा देख उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के बायें पैर में गोली लग गई और वह लड़खड़ाकर गिर गया। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गये बदमाश ने अपना नाम शुऐब पुत्र जफर खां निवासी मोहल्ला मछली बाजार नजीबाबाद बताया। पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार कर लिया। पुलिस को उसके पास से एक सोने की ईट, 3 सोने के टुकड़े, पासपोर्ट, 800 रुपये, एक तमंचा बरामद हुआ। शुऐब ने पुलिस को चोरी में शामिल अपने सभी साथियों फराज पुत्र जफर अली, राबिया उर्फ चांदो पत्नी जफर अली, जफर अली पुत्र हसमत अली निवासीगण मोहल्ला सबनीग्रान नजीबाबाद, शहाना पत्नी मोहम्मद सलीम निवासी भगत सिंह कॉलोनी देहरादून, रावेद पुत्र शौकत अली निवासी नई बस्ती नजीबाबाद, आसिया पत्नी फुरकान निवासी मोहल्ला काजीपाड़ा, बिजनौर, खुर्शीदा पुत्री जफर खां निवासी मछली बाजार नजीबाबाद, जैबा पुत्री इकबाल निवासी मछली बाजार नजीबाबाद के नाम बताये। पुलिस ने इनमें से 6 को गिरफ्तार कर लिया, जबकि फराज पुत्र जफर अली व जैबा पुत्री इकबाल अभी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार पकडे गये बदमाशों से सोने-चांदी के निर्मित, अद्धनिर्मित आभूषण /सामान जिसकी कीमत करीब 6 करोड़ रुपये है बरामद हुआ है। पुलिस फरार अभियुक्तों के पकड़े जाने पर और भी रिकवरी होने की संभावना जता रही है।

# ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्ज़े का विवाद, ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद से लगाई गुहार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम शेरपुर अभी, तहसील नजीबाबाद में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्ज़े का मामला सामने आया है। ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि खसरा संख्या 224, जो कि आरजी ग्राम समाज तालाब के रूप में दर्ज है, को अवैध निर्माण से बचाया जाए।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ प्रभावशाली लोग , बिजेंद्र सिंह पुत्र भगवत प्रसाद, इंतखाब पुत्र अली हसन, अनस पुत्र इंतखाब, गुड्डू पुत्र महेंद्र सिंह और अरुण भोला पुत्र महेंद्र सिंह ,कथित रूप से इस सरकारी भूमि पर जबरन बुनियाद खोदकर निर्माण कार्य शुरू करना चाहते हैं। विरोध करने पर ये लोग गाली-गलौज व धमकी पर उतर आते हैं।

ग्रामवासियों ने बताया कि उक्त भूमि गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहाँ पीढ़ियों से ग्रामीण अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के बाद पिंडदान संस्कार करते आए हैं। यदि यह भूमि कब्ज़े में चली जाती है तो ग्राम समाज को ,अपूर्णीय क्षति,होगी और यह धार्मिक व सामाजिक परंपरा बाधित हो जाएगी। प्रार्थीगण ने हल्का लेखपाल पर भी पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि वह इन लोगों से ,मिलीभगत, रखता है। ग्रामीणों ने एसडीएम से अनुरोध किया है कि राजस्व टीम भेजकर पैमाइश कराई जाए और उक्त स्थल को पिंडदान स्थल के रूप में स्थायी रूप से संरक्षित किया जाए।

ग्राम प्रधान और समस्त ग्रामवासीयों ने हस्ताक्षरित शिकायत पत्र में प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अवैध कब्ज़ा रोकने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है

# बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने ली शपथ







**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह तहसील सभागार में आयोजित हुआ।

इसमें मुख्य अतिथि न्यायालय सिविल (जूडि) बुशरा खुर्शीद अतिथि एसडीएम नितिन तेवतिया, एसडीएम न्यायिक विजय शंकर, तहसीलदार आलोक कटियार मौजूद रहे। बुधवार को तहसील सभागार में नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार, महासचिव मनोज कुमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल चौधरी,सांस्कृतिक मंत्री प्रीति गोयल, ऑडिटर अवनीश कुमार, कोषाध्यक्ष विनीत कुमार, एल्डर्स वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट सोमपाल सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरपाल सिंह, अनिल चौहान, इंतजार मेहंदी जैदी, आदि सदस्य ने सीनियर बार एसोसिएशन की एकता एवं अखंडता, अधिवक्ता हित सर्वोपरि रखते हुए बार और बेंच के बीच संबंध मधुर एवं मजबूत बनाने की एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन यशवीर सिंह व हरपाल सिंह ने शपथ दिलाई। इस मौके पर आदि मौजूद रहे।इस मौके पर योगेश त्यागी, इंद्रवीर सिंह, आलोक त्यागी ,सुरेंद्र पंकज, वीरेंद्र तोमर, विजय सिंह, अरशद अली,मोनू चौहान आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# कृषि निवेश बीज भंडार कोतवाली का उप कृषि निदेशक व जिला कृषि अधिकारी बिजनौर ने औचक निरीक्षण किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** बेदाग केसरी। विकासखंड कोतवाली के कृषि निवेश भंडार का डॉ घनश्याम वर्मा, उप कृषि निदेशक बिजनौर व जसवीर सिंह तेवतिया, जिला कृषि अधिकारी बिजनौर के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय बीज भंडार पर उपलब्ध बीज तथा सभी अभिलेख पूर्ण पाये गये व उपस्थित किसानों से वार्ता की गई कि बीज का मूल्य सही तथा गुणवत्तापूर्ण बीज प्राप्त हो रहा है इस समय रबी सीजन में गेहूं की बुवाई के लिए गेहूं की उन्नतशील प्रजातियां डीबीडब्ल्यू-303, 187, 370, 371, 372 उपलब्ध है क्षेत्र के सभी सम्मानित किसान बंधु कृषि निवेश भंडार कोतवाली से 50 प्रतिशत के अनुदान पर बीज खरीद कर समय से बुवाई कर सकते हैं, निरीक्षण के समय मुकेश कुमार शर्मा व आदित्य कुमार गौतम, सहायक विकास अधिकारी कृषि कृषि रक्षा, बीज भंडार प्रभारी मनोहर कुमार, कृषक में दयाराम व राजीव कुमार भारतीय किसान यूनियन, ब्लाक अध्यक्ष व अन्य कृषक उपस्थित रहे।

# चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** नगर के एक व्यस्तम मार्ग पर एक सरिया सीमेंट की दुकान के बिजन अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर नकदी, बेट्रो मीडिया बिजना आदि की चोरी कर कर ली पीड़ित द्वारा घटना मीडिया तहसील नगीना की जानकारी तहरीर द्वारा पुलिस को दे दी गई। मिली जानकारी के मुताबिक मौहल्ला लाल सराय स्टेशन रोड पर स्थित पंजाबी ट्रेडर्स नाम से नगर के मौहल्ला पंजाबियांन निवासी जुबेद अनवर की एक सरिया, सीमेंट की दुकान ते स्ट्रीम प्ले है,शुक्रवार,शनिवार की रात्रि के वर बीरोज × किसी समय समय अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान तो एक्सप्लोर योर एंटरटी ताले तोड़कर दुकान में रखे तीन बेटरो, एक ग्लैंडर, लगभग दस हजार रूपए की नकदी की चोरी कर ली। पीड़ित ने तहरीर द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# युवक पर हुए निर्मम हमले से इलाके में सनसनी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर के ग्राम जैतरा में एक युवक पर हुए निर्मम हमले से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक अपनी मजदूरी का बकाया मांगने गया था, लेकिन उसे बंधक बनाकर बेरहमी से पीट दिया गया और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। गांव निवासी सरोज देवी पत्नी गंगाराम ने बताया कि उनका बेटा गौतम 10 नवंबर की शाम को गांव के ही राजेश के घर मजदूरी के पैसे लेने गया था। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। मंगलवार सुबह जब परिवारजन उसकी तलाश में राजेश के घर पहुंचे, तो गौतम वहां बेहोशी की हालत में खून से लथपथ पड़ा मिला।

पीड़ित के शरीर और चेहरे पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान थे। परिजनों का आरोप है कि राजेश, राकेश, तरुण, नितिन और मुकेश ने गौतम को अपने घर में बंधक बनाकर पहले उसकी बेरहमी से पिटाई की, फिर उस पर चाकू से हमला किया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया सीएचसी जोया का औचक निरीक्षण, डिलीवरी कम होने पर जताई नाराजगी

*** महिला चिकित्सा अधिकारी सहित स्टाफ नर्सों से मांगा स्पष्टीकरण**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न इकाइयों- जेएसवाई वार्ड, लेबर रूम, महिला एवं सामान्य ओपीडी, स्टाफ नर्स कक्ष, मिनी स्किल लैब, एनसीडी लैब, इमरजेंसी वार्ड, आयुष्मान वार्ड और फॉर्मेसी कोल्ड चैन लैब का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गत माह जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्रसव संख्या अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर नाराजगी जताई और महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. ममता सहित समस्त स्टाफ नर्सों से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन आशा कार्यकर्ताओं की प्रगति शून्य या मानक से कम है, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी पात्र बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने, पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड समय पर बनाने तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के कार्ड प्राथमिकता के साथ शिविर लगाकर तैयार कराने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को निशुल्क भोजन, दवा आदि समय से उपलब्ध कराई जाएं और बिना गंभीर कारण के मरीजों को रेफर करने की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों और तीमारदारों से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुनाल परासर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बृजमोहन, चिकित्सा अधिकारी डॉ. उवैस, डॉ. वसीम और आईओ जितेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

**ग्रामोद्योग योजना के तहत उद्योग लगाने का मौका, 30 नवम्बर तक करें आवेदन**

**अमरोहा।** मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग इकाइयां स्थापित करने के इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां, महिलाएं और पुरुष 30 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि उ.प्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जनपद को 12 इकाइयों और 60 लाख रुपये निवेश का लक्ष्य दिया गया है। योजना के तहत केवल ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण या सेवा उद्योग से जुड़ी इकाइयां ही स्थापित की जा सकती हैं। परियोजना का अधिकतम आकार 10 लाख रुपये निर्धारित है। आवेदन के लिए फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, परियोजना रिपोर्ट, शैक्षिक व तकनीकी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, कार्यशाला स्थान का प्रमाण और राशन कार्ड आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि योजना में लाभार्थियों को ब्याज उपादान सब्सिडी दी जाएगी। सामान्य वर्ग के पुरुषों को बैंक ब्याज में से 4 प्रतिशत देना होगा, शेष ब्याज पर पांच वर्षों तक घटते क्रम में सब्सिडी मिलेगी। आरक्षित वर्गों को ब्याज की पूरी राशि पर यह सुविधा प्राप्त होगी।

इच्छुक अभ्यर्थी upkvib. gov.in पर आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, मालीखेड़ा रोड, मौ. पुष्करनगर (निकट रेलवे स्टेशन), अमरोहा में संपर्क किया जा सकता है।

# 'रैबीज फ्री सिटी'' बनेगा सहारनपुर

*** शहर में कुत्तों की संख्या के लिए कराया जायेगा सर्वे**

*** कुत्तों को लगेगी एण्टी रैबीज की बूस्टर डोज**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने सहारनपुर को ''रैबीज फ्री सिटी'' बनाने की कवायद शुरु कर दी है। इसके लिए श्वानों (कुत्तों) का सर्वे कराया जायेगा और सभी श्वानों को मौके पर ही पकड़कर उन्हें एंटी रैबीज की बूस्टर डोज लगायी जायेगी। इसके लिए नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए है। बीमार और घायल कुत्तों के लिए भी नगरायुक्त ने एक शैलटर होम बनाने के निर्देश दिए।

जिला स्तर पर हाल ही में नगरायुक्त की अध्यक्षता में स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति का गठन किया गया था। निगरानी समिति की आज हुई बैठक में नगरायुक्त शिपू गिरि ने उक्त निर्देश दिए। निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने नगरायुक्त को बताया कि अक्तूबर 2025 तक नगर निगम द्वारा 23448 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि डब्लयू एच ओ के अनुसार प्रति सौ व्यक्ति पर तीन कुत्तों का आंकड़ा हैं, यदि सहारनपुर की जनसंख्या दस लाख मान ले तो 30 हजार कुत्तों की संख्या होती है। इसमें प्रत्येक दो वर्ष में होने वाली 25 प्रतिशत की वृद्धि और बफर जोन के कुत्तों की संख्या भी शामिल करते हैं तो ये आंकड़ा और बढ़ जाता है। इस दृष्टि से अभी काफी कुत्तों की नसबंदी करायी जानी बाकि है।

एण्टी रैबीज टीकाकरण के सम्बंध में डॉ. मिश्रा ने बताया कि जितने कुत्तों की नसबंदी की गयी है उन सभी कुत्तों का एंटी रैबीज टीकाकरण भी किया गया है। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण हर वर्ष होना चाहिए। इस पर नगरायुक्त ने कहा कि महानगर में कुत्तों की वास्तविक संख्या ज्ञात करने के लिए एक सर्वे करा लें और उसके बाद कितने कुत्तों की नसबंदी की जानी है, कितने शैल्टर होम का निर्माण किया जाना है, कितने डॉग वैन बढ़ाने हैं, कितने कैनल बनाने हैं, कितने डॉक्टर और अन्य स्टाफ बढ़ाना है, इस सबकी एक समयबद्ध कार्य योजना बनाएं। उन्होंने सहारनपुर को ''रैबीज फ्री सिटी'' बनाने पर जोर देते हुए कहा कि कुत्तों को मौके पर पकड़कर एण्टी रैबीज की एक बूस्टर डोज दी जाए। उन्होंने इसके लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए एक समयबद्ध कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने शहर में बनाये जाने वाले डॉग फिडिंग प्वाइंट बनाने के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य में आम जन के अलावा पार्षदों और डॉग लवर्स का सहयोग लेने का भी सुझाव दिया। बैठक में निगरानी समिति के सदस्य उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. के के नागर, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, एनजीओ प्रतिनिधि के रुप में गंतव्य चैरिटेबल ट्रस्ट के डॉ. नीरज राजपूत तथा डॉग लवर्स प्रगति व पुर्नजन्म फाउण्डेशन के अश्रुत शारदा और वरद शारदा आदि मौजूद रहे।

# महिंद्रा पिकअप दूध का वाहन सड़क में बने गड्डों में अनियंत्रित होकर पलट गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बढ़ापुर।** नगीना हरेवली मार्ग पर ग्राम जाफरपुर में एक महिंद्रा पिकअप दूध का वाहन सड़क में बने गड्डों में अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे चालक व परिचालक घायल हो गए। बुधवार की सुबह सवेरे चालक अमनदीप सिंह अपने साथी के साथ महिंद्रा पिकअप वाहन से दूध की सप्लाई करते हुए हरेवली से नगीना आ रहा था। रास्ते में जाफरपुर के पास गहरे गड्डों में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के चालक और परिचालक घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया है। वाहन चालक अमनदीप ने बताया कि अंधेरा होने के कारण गाड़ी का टायर गड्ढे में पहुंच गया और अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई। वही ग्राम प्रधान जाफरपुर हरगोपाल सिंह व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि हरेवली से लेकर ग्राम बूढ़ावाला तक सड़क जगह-जगह टूटी हुई है जिस कारण आए दिन हादसे हो रहे है उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की है।

# लगातार जहग जगह दिख रहे गुलदार, ग्रामीणों में दहशत



*** कादराबाद में जगह जगह लगातार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय वियाप्त है।इसकी सूचना वन विभाग को दे दी है।**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अफजलगढ़।** अफजलगढ़ क्षेत्र में गुलदार के दिखाई देने की समस्या बढ़ ही रहे हैं। मंगलवार को कादराबाद थाना क्षेत्र के गांव बेरिखत्ता में ग्रामीणों के खेत में गुलदार का दिखाई देने से दहशत फैल गई है। सूचना वन विभाग की टीम को दी गई है। मौके पर गुलदार दिखाई देने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार वन विभाग की नगीना रेंज स्थित गांव बेरीखत्ता निवासी गुरदेव पुत्र बलवंत ने बताया कि सुबह उसके खेतों में मजदूर गन्ना छीलने गए थे। अचानक मजदूरों की नजर खेत में गन्ने के पास खड़े गुलदार दिखाई दिया, जिसे देख मजदूरो के होश उड़ गए और वहां से भाग खड़े हुए, लेकिन शोर की अबाज से गुलदार खेत में घुस गया है। फिर ग्रामीणों ने वन विभाग को भी सूचना दे दी है। वही ग्राम मुरलीवाला सुबह में सुबह सुबह फिर से देखा गया गुलदार। गाँव से मेन रोड से जाकर खेत में जा घुसा गाँव में दहशत का माहौल कभी भी कोई भी अनहोनी हो सकती है। इसलिए गाँव वासियों वन विभाग से मांग कि यहां पर पिंजरा लगाकर सघन अभियान चलाया जाय।ग्रामीण सरदार कुलदीप सिंह ,परवीनसिंह , ओमबीर सिंह राठी, सचिन मसंद, सचिन मसंद, सरदार जसपाल सिंह, मनोज राठी , अनिल राठी, मनवीर यादव, महेंद्र सिंह सिरोही, करणवीर सिंह, सतीश सिंह, आदि वहीं वन विभाग की टीम के पहुचंने पर गुलदार की जगह का जायजा लिया वही वन दरोगा सुनील राजौरा ने बताया की गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा और साथ मे ग्रामीणों को ये भी बताया ही काम करते समय सतर्क रहें।

# भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के वृत्तांत का वर्णन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना।** रामकृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही थी राम कथा विश्राम दिवस में कथा व्यास ने रामेश्वर की पावन पूजा स्थापना, लंका दहन, राम रावण युद्ध, और भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के वृत्तांत का वर्णन किया।

सुल्तानपुर जैन धर्मशाला में चल रही श्री राम कथा में पंडित विपिन आनंद महाराज ने बताया कि हमें दूसरों की संपत्ति पर कभी भी बुरी नजर नहीं रखनी चाहिए बुराई और असत्य का हमेशा अंत होता है और सत्य की हमेशा जीत होती है उन्होंने श्री राम के गुणों और रामराज्य की स्थापना पर जोर देते हुए न्याय आदर और सेवाभाव के महत्व को सभी भक्तजनों को समझाया ।

इसके उपरांत पंडित अरविंद शर्मा के द्वारा विधि विधान से मुख्य यजमानों के द्वारा पूजन हवन का कार्य सामूहिक रूप से संपन्न कराया नगर के सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने हवन में आहुति देकर प्रभु श्री राम, और कथा व्यास जी का आशीर्वाद प्राप्त कर देश व नगर के मंगल कामना की तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा में मुख्य यजमान आशु सैनी, सुशीला सैनी, अमित सैनी भारती सैनी, रहे इस अवसर पर शिवनंदन शर्मा,गौरव गुप्ता, नीलकमल गुप्ता,निशाक जैन,अर्पित जैन,दीपक सैनी ,बालकृष्ण शर्मा,राजीव सैनी,विवेक पुंडीर,वंश प्रजापत,गौरव जैन, कृष्णा धीमान,प्रिंस प्रजापत,प्रीति सैनी, शर्मिष्ठा सैनी,आदि मौजूद रहे।

# आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राज्य में 50 एमएसएमई पार्कों का उद्घाटन व शिलान्यास किया

**कनिगिरी (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्रकाशम जिले में एक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पार्क का मंगलवार को उद्घाटन किया और राज्य भर में 50 अन्य एमएसएमई पार्कों का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कनिगिरी (मंडल) के पेद्देरलापाडु गांव में एक एमएसएमई पार्क का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के 17 जिलों में 50 एमएसएमई पार्कों का ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास किया।'

एमएसएमई पार्कों के दूसरे चरण के तहत, मुख्यमंत्री ने 329 एकड़ में फैले 15 पार्कों का अनावरण किया।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने 587 एकड़ में फैले 35 सरकारी और निजी एमएसएमई पार्कों की आधारशिला रखी। इनमें 25,256 करोड़ रुपये के निवेश वाले 25 उद्योग भी शामिल हैं।

नायडू ने उद्योगपतियों से भी बातचीत की, जिनके केंद्र श्रीकाकुलम, विजयनगरम, अनाकापल्ली और अन्य जिलों में खोले गए हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार मोहित शर्मा की माता जी का निधन, नगर में शोक की लहर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पत्रकार मोहित शर्मा जी की माता जी का कल दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे नगर और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर फैल गई। स्वर्गीय माता जी एक धर्मपरायण और मृदुभाषी महिला थीं। उन्होंने अपने पीछे भरा-पूरा परिवार



छोड़ा है, जिसमें उनके पुत्र, वरिष्ठ पत्रकार मोहित शर्मा, और अन्य परिजन शामिल हैं।

नगर के गणमान्य व्यक्तियों, राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओ को पंपलेट पेपर देकर किया जागरुक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को 'यातायात माह-नवम्बर 2025' के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत राजकीय रजा इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान–यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया।स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए 'ट्रैफिक सेंस' विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया।लाउडस्पीकर के




माध्यम से आमजन को संदेश दिया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएँ।ऑटो, टैम्पो,बस चालकों को ओवरलोडिंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा पंपलेट वितरित किये गए।बालक-बालिकाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों के बारे में बताया गया।

नागरिकों से अपील की गई कि वे 'सुरक्षित यातायात-जीवन की सुरक्षा' के संकल्प को अपनाएँ और यातायात नियमों का पालन कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

*** पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर एक बाइक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।हादसे के समय मृतक अपने घर की तरफ लौट रहा था।पुलिस ने उसके शव को पीएम के लिए भेज दिया है।क्षेत्र के गांव मुल्लाखेड़ा निवासी गुरप्रीत सिंह गोपी (26) पुत्र हरजीत सिंह संधू उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था।शाम के समय बाइक द्वारा वह अपने घर लौट रहा था।हाईवे पर नवीन मंडी के पास पहले से ही किसी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से सड़क पर भूसा बिखरा हुआ था।गुरप्रीत की बाइक उस भूसे पर आकर अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई।उसका सिर भी डिवाइडर में जाकर लगा और वह गंभीर रूप से घायल व बेहोश हो गया।मौके पर भीड़ एकत्र हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के प्रत्यक्षदर्शी रहे कन्हैया लाल माली ने बताया कि वह जोधपुर (राजस्थान) के रहने वाले हैं और अपनी कार द्वारा कैंची धाम (उत्तराखंड) के दर्शन करके लौट रहे थे।घटना के तुरंत बाद उन्होंने अपनी कार से उतरकर डिवाइडर से टकराए घायल को सीपीआर देकर बचाने की भी कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।इसके बाद उन्होंने पुलिस,एम्बुलेंस व एनएचएआई को फोन किए।

पुलिस चार मिनट में आ गई, लेकिन एम्बुलेंस को आने में पैंतीस मिनट लगे।मृतक गुरप्रीत अपने परिवार के भाई-बहनों में सबसे छोटा था। इस जवान मौत से मृतक के घर में कोहराम मच गया है।वहीं, इस मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।परिजनों द्वारा इस दुर्घटना को लेकर अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को — लंबित वादों के निस्तारण के लिए विशेष पहल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला न्यायालय परिसर तथा सभी तहसीलों और कलेक्ट्रेट न्यायालयों में आगामी 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर न्यायालयों में लंबित मामलों के शीघ्र और सौहार्दपूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस लोक अदालत में राजस्व, चकबंदी, अपराध संबंधी शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावों, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से संबंधित विवाद सहित), सेवा वेतन व सेवानिवृत्ति लाभ से जुड़े विवाद, किराया, विशिष्ट अनुबंध वाद आदि मामलों को प्रमुखता से सुना जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सिंह के अनुसार, लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान करना है। न्यायालयों में लंबित मुकदमों के साथ-साथ सिविल, दंडिक और राजस्व न्यायालयों में भी कार्यवाही की जाएगी। जिन मामलों में आपसी समझौते से समाधान संभव है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

साथ ही, राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों जैसे धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली, श्रम वाद, विद्युत व जल बिल विवाद और अन्य सिविल या पारिवारिक मामलों का निस्तारण भी आपसी सुलह और सहमति के आधार पर किया जाएगा। अधिकारियों ने अपील की है कि नागरिक इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों को समाधान के लिए लोक अदालत में प्रस्तुत करें।

# सड़क निर्माण को लेकर जन सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** पान दरीबा किला गेट से लेकर जामा मस्जिद सर्राफा बाजार तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर जन सेवा समिति ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समिति के जिला अध्यक्ष वसीम उल हसन खान ने बताया कि सड़क की नापजोख नगर पालिका द्वारा दो वर्ष पूर्व कराई गई थी और बजट में भी पास हो चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

व्यापारियों ने बताया कि सड़क पर गड्ढों के कारण रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं और माल ढोने वाले रिक्शे पलट जाते हैं। समिति ने जिलाधिकारी से शीघ्र सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की।

इस मौके पर हारिस शम्सी, शाह खालिद, चंद्र प्रकाश रस्तोगी,



मुकर्रम मियां, तिब्बयान अहमद, शिराज शम्सी, छोटे लाल, अमन गुप्ता, अशोक कुमार, अरविंद गुप्ता, सनी अग्रवाल, महिला विंग की शामनाज व अंजुम आरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रामपुर में नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान का बड़ा खुलासा, तीन दुकानों पर छापा: भारी मात्रा में माल जब्त

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** थाना गंज पुलिस ने मै0 ग्रेट व्हाइट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ट्रेडमार्क का दुरुपयोग कर नकली इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। कंपनी के अधिकृत अधिकारी शिवम गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने छापा मार कार्रवाई की, जिसमें बड़ी मात्रा में नकली मॉड्यूलर प्लेट्स, स्विचस, सॉकेट, फैन रेगुलेटर, एमसीबी, केबल्स आदि बरामद किए गए।

कंपनी के जांच अधिकारी ने बताया कि कुछ स्थानीय दुकानदार कंपनी के नाम से नकली सामान तैयार कर बाजार में बेच रहे थे, जिससे कंपनी की प्रतिष्ठा और आर्थिक नुकसान हो रहा था। शिकायत के बाद थाना प्रभारी गंज के निर्देशन में एसआई सोहनपाल सिंह, हेड कांस्टेबल विकास कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई।

टीम ने सबसे पहले रिवान इलेक्ट्रिक गुज्जर



तालाब के पास स्थित दुकान पर छापा मारा, जहां से मॉड्यूलर माउंटिंग प्लेट 398 नग, फैन रेगुलेटर 20 नग, बेल स्विच 98 नग, कांक्लेव्ड डीपी 4 नग, एमसीबी 56 नग और अन्य उपकरण बरामद किए गए। सभी वस्तुओं को सील कर जब्त कर लिया गया। पूछताछ में दुकान स्वामी रिवान खान ने बताया कि यह माल उसने फहद खान मालिक एफ के इलेक्ट्रिकल्स सिविल लाइंससे खरीदा था। इसके बाद पुलिस टीम ने फहद खान की दुकान पर छापा मारा, जहां से फैन रेगुलेटर 27 नग, थ्री पिन सॉकेट 68 नग सहित बड़ी मात्रा में नकली सामग्री बरामद की गई। वहीं तीसरे स्थान कामरान इलेक्ट्रिक थाना गंज क्षेत्र में स्विच, सॉकेट, मिनी सीलिंग रोज, मॉड्यूलर प्लेट्स जैसे सैकड़ों सामान मिले।

तीनों दुकानों से बरामद नकली प्रोडक्ट्स को पुलिस ने सील कर कब्जे में ले लिया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सभी व्यापारी मिलकर मै0 ग्रेट व्हाइट ग्लोबल कंपनी के नाम पर नकली इलेक्ट्रॉनिक सामान की बिक्री कर रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों रिवान खान, फहद खान और कामरान खान के खिलाफ धारा 63 कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं चौथे आरोपी नवील पुत्र सकील अहमद की दुकान पर ताला बंद मिलने के कारण कार्रवाई स्थगित की गई। थाना प्रभारी गंज ने बताया कि यह कार्रवाई उपभोक्ता सुरक्षा और ब्रांड की साख बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। आगे और भी दुकानों की जांच की जा रही है।

यह कार्रवाई नकली इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करती है। पुलिस की तत्परता से यह साफ हुआ है कि अब बाजार में ऐसे फर्जी सामानों पर लगाम कसने की तैयारी है।

# छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों की दी जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शासन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत अदब स्कूल काशीपुर में बुधवार को छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा,यातायात नियमों,सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया।उक्त कार्यशाला में छात्राओ को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930-साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा)एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सुरक्षा,आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तकनीक और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझते हुए सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# मसवासी नगर पंचायत ने अतिक्रमण हटाने का दिया अल्टीमेटम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन ने मुख्य बाजार क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों और निवासियों को 24 घंटे के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। निर्धारित समय में अतिक्रमण न हटाने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।नगर पंचायत मसवासी के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि बैंक ऑफ बड़ौदा से अंबेडकर पार्क तक सड़क पर जिन लोगों ने दुकानों या मकानों के बाहर सीढ़ी, रैंप, चबूतरा आदि बनाकर सड़क की भूमि पर कब्जा किया है, वे अपना अवैध निर्माण स्वयं हटा लें। अन्यथा नगर पंचायत की टीम द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

# तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत टीम ने दस विक्रेताओं पर की जुर्माने की कार्रवाई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** डीएम के निर्देश पर चलाए जा रहे तंबाकू मुक्ति युवा अभियान भाग 3.0 के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ.शहजाद हसन खांन द्वारा जनपद में कोटपा अधिनियम के अनुपालन हेतु एक महा अभियान चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत थाना एएचटीयू की टीम के साथ तंबाकू विक्रेताओं लालपुर,खोद एवं मुरसेना पर चेक किया गया।ऐसे विक्रेता जो कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए,किसी प्रकार का प्रचार प्रसार करते हुए या ऐसी दुकान जो विद्यालयों के 100 गज के दायरे में थी, को चेक किया गया।

10 तंबाकू विक्रेताओं को कोटपा अधिनियम की धारा-6 ए तथा 6ब भी के अंतर्गत उल्लंघन करते पाया गया,जिनका तत्काल जुर्माना किया गया और भविष्य में कभी भी तंबाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करने एवं खुली सिगरेट न बेचने तथा कोटपा अधिनियम का अनुपालन करने हेतु चेतावनी दी गई।तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त विद्यालय हेतु जनपद रामपुर के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कंपोजिट विद्यालय सैदनगर,कंपोजिट विद्यालय चमरौआ,कंपोजिट विद्यालय धमोरा तथा राजकीय इंटर कॉलेज मुर्तजा में तंबाकू नियंत्रण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभा किया गया।इसके अतिरिक्त तंबाकू मुक्ति हेतु सभी छात्र-छात्राओं अध्यापकों एवं प्रधानाचार्य द्वारा शपथ ली गई।इस दौरान प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाला छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।

# मसवासी में बिना नंबर प्लेट लगे तीन डंपर पकड़कर सीज, बाईस हजार जुर्माना

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मसवासी।** एसडीएम अमन देयोल ने अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट लगे तीन डंपरों को पकड़कर सीज की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए डंपरों पर बाईस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कार्रवाई से खनन धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

बुधवार की दोपहर एसडीएम अमन देयोल, सीओ अतुल कुमार पांडे और कोतवाल प्रदीप कुमार मलिक ने अभियान चलाकर मसवासी में मानपुर उत्तरी मार्ग पर बिना नंबर प्लेट के तीन डंपरों को रोक लिया। चालकों से नंबर प्लेट के बारे में जानकारी की गई लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। एसडीएम अमन देयोल ने बताया कि तीनों डंपरों को सीज कर मानपुर तिराहे पर पुलिस अभिरक्षा में खड़े करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि डंपरों पर बाईस हजार रुपए जुर्माना की कार्रवाई भी की गई है। कार्रवाई से खनन धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।

# ट्रको से पांच बैटरी चोरी, पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** चोरों ने चार ट्रैकों पर धावा बोलकर पांच बैटरियां चुराकर फरार हो गए।चोरी गई बैटरियों की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जाती है।वहीं ट्रक चालकों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी सतीक,बाबू, बब्बू और धर्मवीर चारों व्यक्ति ट्रक चालक है।उनके अनुसार गांव के मुख्य मार्गों पर ट्रक खड़े करके वह अपने-अपने घर चले गए।बीते मंगलवार की सवेरे जब ट्रक चालक अपने-अपने ट्रैकों पर पहुंचे तो बैटरी या गायब देख खलबली मच गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने मौका-मुआयना कर ट्रक चालकों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस पर थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि ट्रक से बैटरी चोरी होने की सूचना मिली है।जांच पड़ताल के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली विस्फोट के आरोपी के पिता को पूछताछ के लिए जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हिरासत में लिया गया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में पुलिस ने उस कार चालक के पिता को मंगलवार को हिरासत में ले लिया जिसमें राष्ट्रीय राजधानी के लाल किले के पास विस्फोट हुआ था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि गुलाम नबी भट को पुलिस ने पुलवामा के कोइल स्थित उसके आवास से हिरासत में लिया। इससे कुछ ही घंटे पहले उसकी पत्नी को डीएनए परीक्षण के लिए ले जाया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने विस्फोट के संदिग्ध उमर नबी के साथ फरीदाबाद में काम करने वाले कई डॉक्टरों को भी हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि विस्फोट में शामिल कार की बिक्री और खरीद से जुड़े तीन अन्य व्यक्तियों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

हालांकि, अब तक कोई औपचारिक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलवामा निवासी और डॉक्टर उमर नबी कथित तौर पर हुंडई आई20 कार चला रहा था, जिसका इस्तेमाल लाल किला मेट्रो स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र के पास विस्फोट में किया गया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि लाल किले के पास जिस कार में विस्फोट हुआ है उसे चला रहे व्यक्ति की पहली तस्वीर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के जरिए सामने आई है। उन्होंने बताया कि उसका फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से कथित तौर पर संबंध था, जहां से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई थी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस की शुरुआती जांच से पता चला है कि लाल किले के पास हुए विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, तेल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया होगा।

एक पुलिस सूत्र ने बताया कि शुरुआती जांच से दिल्ली विस्फोट और फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल के बीच संभावित संबंध का पता चलता है। फरीदाबाद से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट ज़ब्त किया गया था। सूत्र ने कहा, 'अंतिम रिपोर्ट का इंतज़ार है।'

# नगर पंचायत प्रशासन ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान, दस हजार का जुर्माना वसूला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** नगर पंचायत मसवासी प्रशासन ने प्रतिबंधित प्लास्टिक व डिस्पोजल के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की है। अभियान के दौरान नगर पंचायत टीम ने लगभग चार किलो नो सौ ग्राम प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री जब्त कर दस हजार का जुर्माना वसूल किया है।

बुधवार को नगर पंचायत मसवासी के अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार के नेतृत्व में प्रतिबंधित प्लास्टिक व डिस्पोजल के खिलाफ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर स्थित जाने आलम की दुकान से प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री बरामद



की गई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त रोक है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' विषय पर केंद्रित कलाकृतियों की एक विशेष प्रदर्शनी

*** प्रदर्शनी हमारे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और देश के प्रति उनकी भावना का सजीव उदाहरण है: निदेशक**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रज़ा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में सेवा पर्व के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा बुधवार को निर्मित 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' विषय पर केंद्रित कलाकृतियों की एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. पुष्कर मिश्र निदेशक द्वारा किया गया।इस दौरान पुस्तकालय के निदेशक डॉ0पुष्कर मिश्र ने कहा कि यह प्रदर्शनी हमारे विद्यार्थियों की रचनात्मकता और देश के प्रति उनकी भावना का सजीव उदाहरण है।कला के माध्यम से 'विकसित भारत' का स्वरूप देखने का यह एक अनोखा प्रयास है।कला सदैव किसी गहन अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। कला अपने आप में एक दर्शन है, जो हमारी कल्पना को पंख देती है। यही कल्पना कला में चित्रांकित होती है और कवियों के कंठ से स्फूर्त होती है।कला के अनेक रूप हैं। सेवा पर्व के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम इसी भावना के साथ किया गया कि हमारी आने वाली पीढ़ी वर्ष 2047 के 'विकसित भारत' को किस रूप में देखती है।विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना को चित्रकला के माध्यम से रूपांतरित करने का अत्यंत सराहनीय प्रयास किया है। प्रदर्शनी के सभी चित्रों में एक समग्र दृष्टि विद्यमान है।विद्यार्थियों ने केवल विकसित भारत की कल्पना ही नहीं की, बल्कि उसकी संभावित चुनौतियों और समस्याओं को भी अपनी कला के माध्यम से उकेरा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का स्वप्न हमारे सामने है।हम विकसित भारत से क्या समझते हैं–यह प्रश्न महत्वपूर्ण है। विश्व में जो विकास की धारणा पिछले दो-ढाई सौ वर्षों में बनी



है, उसका एक सामरिक (strategic) महत्व भी है।किंतु भारत सदैव 'श्रेयस' और 'प्रेयस' दोनों प्रकार के विकास की धारणा से प्रेरित समाज रहा है। 'प्रेयस' का अर्थ है जो हमें प्रिय लगे, जो हमारी तात्कालिक आवश्यकता या इच्छा की पूर्ति करे। हर जीव अपने 'प्रेयस' के अनुसार जीवन जीता है। 'श्रेयस' का अर्थ है जो श्रेष्ठ है,जो हमें उच्चतर और परिष्कृत रूप में आगे बढ़ाए।यह क्षमता केवल मनुष्य में विकसित हुई है।इसलिए 'श्रेयस' वह मार्ग है जो मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है और उसे आत्म-विकास की ओर ले जाता है।पिछले दो-ढाई सौ वर्षों में मानव जाति ने 'प्रेयस' आधारित विकास के अंतर्गत संचार, यातायात,उद्योग और तकनीक के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है।आज पृथ्वी के किसी भी कोने तक पहुँचना कुछ ही दिनों का कार्य रह गया है।अंतरिक्ष तक की यात्रा और ज्ञान का विस्तार अब संभव हो गया है–जो एक सदी पहले अकल्पनीय था।कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना 'प्रेयस' विकास की दृष्टि से सामरिक रूप से भी अत्यंत आवश्यक है।आज वैश्विक स्तर पर व्यापार और विनिमय को लेकर जो संघर्ष उत्पन्न हो रहे हैं जिन्हें 'ट्रेड वॉर' या 'टैरिफ वॉर' कहा जाता है उनमें किसी भी देश की आर्थिक शक्ति (GDP) उसकी स्थिति निर्धारित करती है।ऐसे में आर्थिक रूप से सशक्त भारत का उभरना न केवल आवश्यक बल्कि अस्तित्व के लिए अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि बाज़ार अर्थव्यवस्था (market economy) ने एक प्रकार की 'गिद्ध संस्कृति' को जन्म दिया है, जहाँ हर देश और व्यक्ति अपने हित में दूसरों को नुकसान पहुँचाने से नहीं हिचकता।ऐसे में भारत का आत्म-संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि उसे पुनः किसी प्रकार की लूट या शोषण का सामना न करना पड़े।उन्होंने आगे कहा कि 'श्रेयस' आधारित विकास की भारतीय अवधारणा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।भौतिक विकास तब तक सार्थक नहीं है जब तक मनुष्य के भीतर आचार,विचार और व्यवहार में परिष्कार और उत्कर्ष न आए। तकनीक का विकास तभी उपयोगी है जब वह मानवता के हित में प्रयुक्त हो।आगे कहा कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि 'मुझे नहीं पता तीसरा विश्व युद्ध किन हथियारों से लड़ा जाएगा, लेकिन चौथा विश्व युद्ध अवश्य पत्थरों से लड़ा जाएगा।' यह चेतावनी दर्शाती है कि जिस विकास की आंधी हमने अपनाई है,वह मानव अस्तित्व के लिए ही खतरा बन चुकी है चाहे वह जलवायु परिवर्तन हो,नरसंहारक आयुध हों,या आतंकवाद के लिए तकनीक का दुरुपयोग।उन्होंने हाल ही में घटित दिल्ली की एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एक डॉक्टर ने तकनीक का प्रयोग करके हजारों लोगों को हानि पहुँचाने की योजना बनाई थी।यह अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि डॉक्टर को तो समाज में 'ईश्वर के बाद' का दर्जा दिया जाता है।


# रुद्र बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 बिलासपुर रामपुर

## जैम पोर्टल के माध्यम से मेन पॉवर सप्लाई हेतु निविदा-सूचना

**पत्रॉक: 1137/ समय कार्यालय/प्र.प्र./ जैम पोर्टल/निविदा/2025-26** **दिनॉक: 12.11.2025**

इस मिल समिति में जैम पोर्टल के माध्यम से मैन पॉवर सप्लाई (पर्यवेक्षकीय, तकनीकी एंव गैर तकनीकी) हेतु निविदा आमत्रित की जाती है। निविदा पपत्र रु0-1000.00 और जी.एस.टी-180. 00 कुल रु0 1180.00 (एक हजार एक सौ अस्सी रुपये मात्र) उनके सामने अकिंत निर्धारित धरोहर राशि आर.टी.जी.एस रुद्र बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0 बिलासपुर (रामपुर) मे बैकं खाता संख्या 0833000100123339 आई.एफ.सी कोड PUNB0083300 के पक्ष में जमा कराया जाना अनिवार्य है। निविदा की शर्ते तथा धरोहर धनराशि का पूर्ण विवरण आदि www.Gem.gov.in तथा www.upsugarfed.org से डाउनलोड किये जा सकते है। यदि आवश्यक हुआ तो निगोशियेशन भी कराया जा सकता है तथा एक या समस्त टेण्डर को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

| S. No. | Name of the item | Technical Bid Opening | Commercial Bid Opening | E.M.D (in Rs.) | Starting date Of Loading of E-Tendor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेन पॉवर सप्लाई (पर्यवेक्षकीय तकनीकी गैर तकनीकी गन्ना सामान्य, लेखा, समयकार्यलय स्टोर, अभियन्त्रण, रसायन आदि। | 24.11.2025 | 24.11.2025 | 6,00,000 (छः लाख रुपये मात्र) | 13.11.2025 |

**प्रधान प्रबंधक**

# शिवसेना-यूबीटी ने दिल्ली ब्लास्ट के बाद सरकार पर उठाए सवाल, कहा- ये देश नहीं संभाल पा रहे

**मुंबई।** दिल्ली में हुए कार धमाके के बाद राजनीति गरमाने लगी है। बुधवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना पार्टी ने केंद्र सरकार पर आतंकवाद का खात्मा करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने में विफल रहने का आरोप लगाया। शिवसेना-यूबीटी के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में दिल्ली कार ब्लास्ट की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाए गए हैं साथ ही, इसके लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया गया है। संपादकीय में लिखा गया, 'दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट का इस्तेमाल मंगलवार को बिहार के मतदान के अंतिम चरण के लिए किया गया। हो-हल्ला मचाया गया कि देश पर आतंकवादी हमला हुआ है, लेकिन इसके लिए खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। वे देश नहीं संभाल पा रहे हैं।' शिवसेना-यूबीटी के मुखपत्र में पहलगाम और पुलवामा जैसे हमलों का उदाहरण देते हुए सरकार पर निशाना साधा गया। संपादकीय में लिखा, 'आतंकवाद वैश्विक चिंता का विषय है। भारत में यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। हर आतंकवादी हमले का राजनीतिकरण करना, हर हमले का प्रचार में इस्तेमाल करना और हिंदुओं व मुसलमानों के बीच दरार पैदा कर राजनीतिक रोटियां सेंकने का उद्योग पिछले दस सालों से चल रहा है। अगर देश की राजधानी सुरक्षित नहीं है, तो इस देश में क्या सुरक्षित है?' पार्टी ने सवाल करते हुए कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार ने घोषणा की कि 'भारत पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकी हमले को युद्ध कार्रवाई माना जाएगा।' अगर यह सच है तो क्या मोदी सरकार सोमवार को दिल्ली के लाल किले पर हुए धमाके के बाद इसे भारत के खिलाफ युद्ध मानेगी?' संपादकीय में कहा गया है, 'खुद को सरदार पटेल के रूप में देखने वाले अमित शाह अब तक के सबसे कमजोर और सबसे बेकार गृह मंत्री हैं। दिल्ली धमाके ने देश के सामने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार आतंकवाद का सफाया करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने में विफल रही है। अगर वह इस्तीफा दे देते हैं तो यह 140 करोड़ लोगों पर उपकार होगा, वरना दिल्ली, मुंबई और बंगलुरु जैसे शहर खून से लथपथ नजर आएंगे।'

# एनआईए ने त्रिपुरा के उनाकोटी में दस्तावेज़ फर्जीवाड़ा जांच के तहत कई स्थानों पर छापे मारे

**अगरतला।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम ने त्रिपुरा पुलिस के साथ मिलकर मंगलवार को प्रदेश के उनाकोटी जिले में कई स्थानों पर छापे मारे। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। पुलिस नियंत्रण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजदीप देब ने बताया कि एनआईए की अहमदाबाद शाखा ने पहले त्रिपुरा पुलिस को इस कार्रवाई की सूचना दी थी। उन्होंने कहा, 'एनआईए की टीम ने आज उनाकोटी जिले में छापामारी की, लेकिन हमें आगे की जानकारी नहीं मिली है।' राज्य पुलिस की खुफिया शाखा के सूत्रों ने बताया कि छापों का उद्देश्य दो व्यक्तियों – भब्यपुर क्षेत्र के रहने वाले परितोष शिल (45) और कुमारघाट पीएस क्षेत्र के नीडेवी क्षेत्र के निवासी रानु पाल (42) का पता लगाना था। ये दोनों कथित रूप से नकली दस्तावेज़ तैयार करने में शामिल बताए जा रहे हैं। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए शिल ने पुष्टि की कि एनआईए अधिकारी सुबह लगभग चार बजे उनके घर पहुंचे। उन्होंने कहा, 'उन्होंने मेरे घर की तलाशी ली, कई दस्तावेजों की जांच की और मेरा मोबाइल फोन और बैंक पासबुक जब्त कर लिया। उन्होंने मुझे 20 नवम्बर को एनआईए के अहमदाबाद कार्यालय में पेश होने को कहा।' शिल ने यह भी बताया कि अधिकारियों ने उन्हें एक व्यक्ति का फ़ोटो दिखाया और पूछा कि क्या वह उसे जानते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे उस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं है।' सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों पर फर्जी दस्तावेज़ बनाने में शामिल होने का संदेह है। हालांकि, एनआईए ने अभी तक छापों के परिणाम या जांच के दायरे के संबंध में आधिकारिक बयान नहीं जारी किया है।

# तेलंगाना की मंत्री सुरेखा ने नागार्जुन परिवार पर की गई टिप्पणियां वापस लीं, खेद जताया

**हैदराबाद।** तेलंगाना की वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने अभिनेता अक्किनेनी नागार्जुन और उनके परिवार के खिलाफ की गई अपनी कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को बुधवार को वापस लेते हुए खेद जताया है। इस मामले में नागार्जुन ने उनके खिलाफ अदालत में मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। अक्टूबर 2024 में दिए गए बयानों को लेकर विवादों में आईं सुरेखा ने बुधवार को एक बयान जारी कर खेद जताते हुए अपने वक्तव्य वापस ले लिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य अपने बयान से अभिनेता नागार्जुन या उनके परिवार के सदस्यों की भावनाएं आहत करना कतई नहीं था। नागार्जुन ने स्थानीय अदालत में दायर शिकायत में आरोप लगाया था कि मंत्री ने उनके और उनके बेटे नागा चैतन्य के खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणियां की थीं। अदालत ने इससे पहले नागार्जुन और अन्य संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए थे। सुरेखा ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, 'अक्किनेनी नागार्जुन और उनके परिवार के सदस्यों को ठेस पहुंचाने या उनकी मानहानि करने का मेरा कोई इरादा नहीं था। मेरे बयानों से यदि कोई गलत धारणा बनी है तो मुझे खेद है और मैं उन्हें वापस लेती हूं।' मंत्री ने यह कदम राजनीतिक नेताओं और तेलुगू फिल्म उद्योग की तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद उठाया।

# दिल्ली कार ब्लास्ट : हरियाणा में पुलिस गश्त बढ़ी, सीमा क्षेत्र पर सघन चेकिंग अभियान जारी

**चंडीगढ़।** दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद सभी राज्य हाई अलर्ट पर हैं। इस बीच पड़ोसी राज्य हरियाणा में भी सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया गया है और पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। हरियाणा डीजीपी ओ.पी. सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए किए जा रहे सुरक्षा इंतजामों के बारे में बताया। डीजीपी ओ.पी. सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया, 'दिल्ली में जो ब्लास्ट हुआ है, उसके बाद राज्य की सभी जगहों पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। हमने चांदीपुर क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी है। इसके साथ पूरे क्षेत्र में रात के वक्त पेट्रोलिंग और ब्लॉकिंग की जा रही है। मंगलवार से सघन चेकिंग अभियान, विशेष रूप से बॉर्डर क्षेत्र में, शुरू हुआ है, जो अभियान अभी भी जारी है।' उन्होंने कहा, 'बॉर्डर क्षेत्र अभी ठीक है; अभी तक कोई संवेदनशील मामला सामने नहीं आया है। लोगों के लिए डरने की बात नहीं है। बॉर्डर क्षेत्र हमारे लिए, हमेशा फोकस का क्षेत्र रहा है। बॉर्डर पर क्या गतिविधि हो रही है, चाहे वह डिस्ट्रिक्ट बॉर्डर हो या फिर स्टेट बॉर्डर का क्षेत्र हो, उसे ध्यान में रखकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।'

इससे पहले फरीदाबाद में मंगलवार को विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दो संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-56 से दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 50 से 60 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। डीजीपी ने बताया था कि अल फलाह यूनिवर्सिटी के पूरे कैंपस में सर्च जारी है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ हो रही है। यूनिवर्सिटी में आतंकी नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों को हम लगातार सहयोग कर रहे हैं और जो भी जानकारी दिल्ली पुलिस की ओर से दी जाती है, उसके बाद छापेमारी में हरियाणा पुलिस साथ दे रही है। उन्होंने बताया कि जांच का दायरा सिर्फ फरीदाबाद तक सीमित नहीं है। फरीदाबाद के अलावा, अन्य जगहों पर भी हरियाणा पुलिस इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर सर्च ऑपरेशन चला रही है। फिलहाल पूरे राज्य को हाई अलर्ट पर रखा गया है और जांच के दायरे को बढ़ाया गया है।

# पुलिस ने दो मामलों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने बुधवार को बताया कि दो गंभीर मामलों में वांछित अपराधियों को राज्यव्यापी अभियान 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' के तहत सोनीपत और कैथल जिलों से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि संगठित अपराध और फरार अपराधियों के खिलाफ एक सप्ताह पहले शुरू की गई इस पहल के तहत बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। इसके तहत पिछले सप्ताह 262 कुख्यात अपराधी और 1,398 अन्य आरोपी सलाखों के पीछे भेजे गए। हरियाणा पुलिस ने एक बयान में बताया कि 27 जुलाई की रात सोनीपत जिले में छुट्टी पर आए कृष्ण नाम के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सदर गोहाना पुलिस ने मामले के दो मुख्य आरोपियों निशांत और अजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी खेड़ी दमकन के रहने वाले हैं और इन पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि यह घटना पुरानी रंजिश का नतीजा थी, जिसकी शुरुआत कांवड़ यात्रा के दौरान हुए झगड़े से हुई थी। बयान में बताया गया कि इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास है और उनके खिलाफ हत्या के प्रयास व शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन के कई मामले दर्ज हैं।' ऑपरेशन ट्रैकडाउन' के तहत कैथल पुलिस ने सेरधा गांव निवासी घोषित अपराधी हंसराज को गिरफ्तार किया, जो 2017 से छेड़छाड़ के एक मामले में फरार था। पुलिस ने बयान में बताया कि जमानत के बाद अदालत में पेश न होने और भूमिगत रहने के कारण हंसराज को छह अगस्त को एक अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। बयान के मुताबिक, जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ कैथल, पानीपत, जींद और हिसार सहित कई जिलों में चोरी, छेड़छाड़, हत्या, डकैती, लूट और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन से जुड़े 15 से ज्यादा गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। बयान में बताया गया कि 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' अपराध और अपराधियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस का एक निर्णायक अभियान बनकर उभरा है।

# झारखंड के हजारीबाग में वसूली के आरोप में छह बदमाश गिरफ्तार

**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग पुलिस ने कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह बदमाशों ने 30 अक्टूबर को गुलाम रब्बानी नामक एक व्यक्ति से कथित तौर पर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। रब्बानी के मोबाइल पर वसूली की मांग करते हुए एक फोन आया था। बरही के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल ने कहा, ''हमने रब्बानी से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने में शामिल छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों ने छह नवंबर को रब्बानी के घर में खड़ी गाड़ी पर भी गोलीबारी की थी।'' उन्होंने बताया कि इस संबंध में बरकट्ठा पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए छह लोगों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल, एक मोटरसाइकिल, आठ कारतूस और छह मोबाइल फोन जब्त किए हैं। गिरफ्तार बदमाशों ने अपराध में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि इसी मोबाइल नंबर का इस्तेमाल टाटीझरिया में एक अन्य व्यक्ति से रंगदारी मांगने के लिए किया गया था, जिसके लिए टाटीझरिया थाने में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार लोग हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं।

# अशोक गहलोत ने राजस्थान की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल, भाजपा नेता की हत्या पर बोले- यह जंगलराज का संकेत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता की हत्या के बाद राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता रमेश ईनाणी की हत्या प्रदेश में बढ़ती अराजकता और जंगलराज का संकेत है।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाए कि ऐसा कोई दिन नहीं जा रहा, जब राजस्थान में जघन्य हत्याओं की खबरें न आएं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'राजस्थान में दिन दहाड़े गोली चलना अब प्रदेश की दिनचर्या में शामिल हो चुका है। गुंडों को अब किसी का डर नहीं रहा है। खास हो या आम आदमी, भाजपा के इस राज में सब निशाने पर हैं और सब असुरक्षित हैं।' राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनिवाल ने भी इस हत्याकांड के बाद राजस्थान की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'मैं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से पूछना चाहता हूं कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? आखिरकार राजस्थान की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा?' उन्होंने कहा, 'पूर्व में इसी जिले में निर्दोष युवक सूरज माली पर जानलेवा हमला हुआ और अब सत्ताधारी दल के नेता की ही गोली मारकर हत्या कर दी गई और हर रोज राजस्थान के किसी न किसी क्षेत्र में इस तरह की घटनाओं का सामने आना अत्यंत चिंताजनक है। पुलिस इस हत्या में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्यवाही करे। इसी बीच, चित्तौड़गढ़ पुलिस ने रमेश ईनाणी हत्याकांड में मुख्य संदिग्ध का फुटेज जारी किया है। फोटो व वीडियो फुटेज के आधार पर मुख्य संदिग्ध की पहचान की जाएगी। चित्तौड़गढ़ पुलिस ने कहा, 'मुख्य संदिग्ध व्यक्ति की वीडियो व फोटो जारी किए जा रहे हैं। जो कोई व्यक्ति उक्त संदिग्ध व्यक्ति को पहचानता है तो वह पुलिस को पुलिस कंट्रोल रूम को 7300453344 नंबर व कोतवाली थाने को 01472-241060 पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता और व्यवसायी रमेश ईनाणी की उस समय हत्या की गई, जब वे घर से अपने ऑफिस जा रहे थे। हेलमेट पहनकर आए बाइक सवार ने भाजपा नेता पर फायरिंग की, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

# मुंबई में कारोबारी के नाम पर फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचा फ्लैट, आठ लोगों पर एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** मुंबई में एक बड़ा रियल एस्टेट घोटाला सामने आया है, जिसमें गिरगांव निवासी स्टील ट्रेडिंग व्यवसायी अल्पेश नरपतचंद जैन (44) के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके फ्लैट की बिक्री कर दी, जिसके बाद कुल आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।




मिली जानकारी के अनुसार उसके बाद उसी फ्लैट को बैंक में गिरवी रखकर 11.35 करोड़ रुपए का कर्ज भी ले लिया था। मामले की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी है। ईओडब्ल्यू के अनुसार, अल्पेश जैन वर्ष 2016 से गिरगांव में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। मई 2023 में उन्होंने बांद्रा पश्चिम स्थित 'आयकॉनीक टॉवर' में 6.25 करोड़ रुपए में एक फ्लैट खरीदा था। वे सोसायटी के सचिव भी हैं। सोसायटी द्वारा सभी फ्लैट्स के दस्तावेजों की जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि उनके फ्लैट का एक फर्जी विक्रय दस्त (सेल डीड) किसी और व्यक्ति के नाम पर 13 दिसंबर 2024 को पंजीकृत किया गया है। फर्जी दस्तावेज में ठगों ने खुद को अल्पेश जैन बताते हुए फ्लैट संदीप बाबूलाल गड्डा को बेच दिया था। जांच में यह भी सामने आया कि इस धोखाधड़ी के लिए, फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी का इस्तेमाल किया गया, जिसे 11 दिसंबर 2024 को सह उपनिबंधक कार्यालय में दर्ज कराया गया था। इसमें राहुल कुमार माहेरिया को पावर ऑफ अटॉर्नी धारक दिखाया गया। रजिस्ट्रेशन की तारीख पर असली अल्पेश जैन विदेश (इंडोनेशिया) में थे, जिससे साबित होता है कि पूरी प्रक्रिया जाली कागजों से की गई। संदीप गड्डा, जो एमएस वन एक्सट्रूशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं, ने यह फ्लैट उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, नवी मुंबई में गिरवी रखकर 11.35 करोड़ रुपए का कर्ज प्राप्त किया। इस ऋण में नैना संदीप गड्डा और जयनाम चेतन चावडा व्यक्तिगत जमानतदार बताए गए हैं। दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि अल्पेश जैन का नाम, पैन और आधार नंबर तो सही हैं, परंतु फोटो और हस्ताक्षर फर्जी हैं। ठगों ने असली दस्तावेजों की हूबहू नकली प्रतियां बनाकर यह ठगी की। पीड़ित जैन ने फर्जी अल्पेश जैन, राहुल कुमार माहेरिया, संदीप गड्डा, नैना गडा और जयनाम चावडा समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# केरल सरकार ने आदर्श आचार संहिता के दौरान फाइलों की जांच के लिए की समिति गठित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर राज्य सरकार ने राज्य चुनाव आयोग से पहले अनुमोदन प्राप्त करने वाली फाइलों की जाँच और शीघ्रता से निपटान के लिए एक स्क्रीनिंग समिति का गठन किया है। आधिकारिक आदेश के अनुसार समिति की अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे, जबकि सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव संयोजक होंगे। संबंधित विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव इसके सदस्य होंगे। समिति की बैठक प्रत्येक बुधवार अपराह्न तीन बजे या आवश्यकतानुसार अन्य दिनों में होगी। समिति द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों को विस्तृत जानकारी और प्रत्येक मामले की तात्कालिकता को स्पष्ट करने वाले एक नोट के साथ राज्य चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। आदेश में आगे कहा गया है कि कोई भी विभाग स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा के बिना सीधे चुनाव आयोग को कोई प्रस्ताव नहीं भेजेगा।

# राजमार्ग भूमि मुआवजा घोटाले में चार अधिकारी निलंबित

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने सीमांत राजमार्ग परियोजना के लाडा-सारली खंड में भूमि मुआवजा वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं उजागर होने के बाद चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है और ईस्ट कामेंग जिले के उपायुक्त के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, तथ्यान्वेषण समिति की जांच में पाया गया कि लाडा से सारली (पैकेज एक से पांच) तक के 125.55 किलोमीटर लंबी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान गैर-मौजूद परिसंपत्तियों का मूल्यांकन किया गया, गलत आकलन किए गए और मुआवजे की प्रक्रिया में फर्जी मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की गई। निलंबित अधिकारियों में प्रभारीय वन अधिकारी अभिनव कुमार, जिला कृषि अधिकारी मीरम पेरमे, जिला उद्यान अधिकारी सी. के. तायुम और जिला भूमि राजस्व एवं निपटान अधिकारी तकम केचक शामिल हैं। सरकार ने गृह मंत्रालय से ईस्ट कामेंग के उपायुक्त हिमांशु निगम को निलंबित करने की भी सिफारिश की है। वे ग्राउंड वेरिफिकेशन बोर्ड के अध्यक्ष थे, जिसने विवादित मुआवजा पुरस्कार को मंजूरी दी थी। तथ्यान्वेषण समिति (एफएफसी) का गठन 13 अगस्त को परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया था, जिसमें लोक निर्माण, भूमि प्रबंधन, वन, कृषि, उद्यान और मत्स्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। यह समिति प्रभावित भूमि मालिकों की शिकायतों के बाद गठित की गई थी। कई शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि कोई उचित जमीनी सर्वेक्षण नहीं किया गया, वास्तविक दावेदारों को बाहर रखा गया और गैर-मौजूद लाभार्थियों को अत्यधिक मुआवजा दिया गया।

# हरियाणा डीजीपी ने केंद्र और राज्य सरकार से दुर्घटना संभावित स्थानों को शीघ्र सुधारने का आग्रह किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सड़क सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक कदम उठाते हुए, पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह ने केंद्र एवं राज्य सरकारों को एक पत्र लिखकर राज्य भर में चिन्हित दुर्घटना संभावित संवेदनशील स्थानों को शीघ्र सुधारने का आग्रह किया है। बुधवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी गई। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने यह पत्र सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर और हरियाणा सरकार के लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल को लिखा है। सिंह ने पत्र में उल्लेख किया है कि हरियाणा पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा किए गए एक संयुक्त विश्लेषण में राज्य भर में कई 'ब्लैक स्पॉट' का पता चला है जहां कुछ समय के भीतर पांच या उससे अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें कहा गया है कि 2019-20 और 2023-24 के बीच, 474 'ब्लैक स्पॉट' की पहचान की गई, जिनमें से 223 स्थलों का सुधार किया जा चुका है, जबकि 251 स्थानों में सुधार कार्य लंबित है। उन्होंने पत्र में कहा कि सड़क मरम्मत, साइनेज लगाने, सर्विस रोड बनाने, यातायात नियंत्रण उपायों और बेहतर प्रकाश व्यवस्था जैसे इंजीनियरिंग हस्तक्षेपों में देरी के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और अनावश्यक रूप से जानमाल का नुकसान हो रहा है। बयान के अनुसार, डीजीपी ने मंत्रालय और लोक निर्माण विभाग से अनुरोध किया है कि वे अपनी परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सभी लंबित 'ब्लैक स्पॉट' का समय पर और गुणवत्तापूर्ण सुधार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें।

# कन्नड़ अभिनेता उपेंद्र और उनकी पत्नी का मोबाइल हैक करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** शहर की पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार से एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने कन्नड़ फिल्म अभिनेता उपेंद्र और उनकी पत्नी तथा अभिनेत्री प्रियंका उपेंद्र के मोबाइल फोन हैक कर लिए थे और व्हाट्सएप पर खुद को उनकी जगह बता कर कई लोगों से धोखाधड़ी की थी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अभियुक्त विकास कुमार को बिहार के दशरथपुर गांव से गिरफ्तार कर बेंगलुरु लाया गया है। घटना 15 सितम्बर की है, जब प्रियंका उपेंद्र ने ऑनलाइन कुछ सामान मंगाने के बाद अपने फोन पर एक संदिग्ध लिंक प्राप्त किया। इसे वास्तविक मानते हुए उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, जिससे हैकरों को उनके व्हाट्सएप खाते तक दूरस्थ (रिमोट) पहुंच मिल गई। इसके बाद उनके संपर्कों को उनके नाम से संदेश भेजे गए, जिनमें तत्काल 55,000 रुपये की सहायता मांगी गई थी। इस धोखाधड़ी से अनजान कुछ परिचितों ने दिए गए खाते में पैसे भेज दिए। पैसे भेजने वालों में दंपती का बेटा भी शामिल है। जब कुछ लोगों ने प्रियंका को फोन कर पुष्टि करनी चाही, तो कॉल काट दी गई। इससे संदेह हुआ। थोड़े ही समय में ठगों ने लगभग 1.5 लाख रुपये हड़प लिए। स्थिति का एहसास होने पर प्रियंका ने अपने पति और प्रबंधक को संपर्क किया, लेकिन तब तक उपेंद्र का फोन भी हैक हो चुका था। इसके बाद दंपती ने सदाशिवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शहर पुलिस और केंद्रीय साइबर अपराध शाखा ने संयुक्त जांच शुरू की और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का पता बिहार के दशरथपुर गांव में चला। जांच में सामने आया कि यह गांव साइबर अपराधों के लिए कुख्यात है, जहां 20 से 25 वर्ष की उम्र के कई युवक ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गांव में लगभग 150 युवक इस तरह के अपराधों में सक्रिय पाए गए। तकनीकी साक्ष्यों और निगरानी के आधार पर पुलिस ने विकास कुमार की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। उसे पूछताछ के लिए बेंगलुरु लाया गया है और उसके सहयोगियों तथा पूरे नेटवर्क की तलाश जारी है।

# कोवलम समुद्र तट को लगातार पांचवीं बार ब्लू फ्लैग प्रमाणन मिला

**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के पास लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक प्रसिद्ध कोवलम समुद्र तट ने लगातार पांचवें वर्ष 2025-26 के लिए प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ब्लू फ्लैग प्रमाणन हासिल किया है। तमिलनाडु के वित्त एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्री थंगम थेन्नारसु ने मंगलवार रात को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए समुद्र तट के वैश्विक पारिस्थितिकी मानकों को बनाए रखने में राज्य सरकार और स्थानीय समुदाय की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। उन्होंने चेंगलपट्टू जिला प्रशासन और पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं वन विभाग को इसके लिए बधाई भी दी। इस उपलब्धि को लेकर राज्य के पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वैश्विक प्रमाणन के लिए तमिलनाडु में 10 अन्य समुद्र तटों का चयन किया है।

# महिला दल ने शुरू किया ट्रैकिंग अभियान

**ईटानगर।** भारतीय सेना, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (आईएमएफ) और स्थानीय मोनपा समुदाय की एक महिला ट्रैकिंग अभियान टीम ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले से पूर्वी हिमालय में पर्वतारोहण अभियान शुरू किया। सेना की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, गजराज कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल गंभीर सिंह ने मंगलवार को जेमिथांग में महिलाओं के अधिक ऊंचाई वाले ट्रैकिंग अभियान को हरी झंडी दिखाई। सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि यह अभियान महिला सशक्तीकरण और एडवेंचर स्पोर्ट को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। जेमिथांग के मनमोहक परिदृश्य के बीच चल रहा यह अभियान पूर्व भारत से भारतीय सेना, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (आईएमएफ) और स्थानीय मोनपा समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं को एक साथ लाता है। विज्ञप्ति में बताया गया, 'यह प्रयास 'वाइब्रेंट विलेज' के लिए सरकार के दृष्टिकोण को भी रेखांकित करता है और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में सामुदायिक जुड़ाव और एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देता है।' ऊंचे पर्वतों पर एक सप्ताह के अभ्यास के बाद यह टीम 96 घंटे के इस अभियान पर निकल रही है, जिसमें पूर्वी हिमालय के सबसे प्राचीन और दुर्गम इलाकों में से एक में नए रास्ते तलाशे जा रहे हैं। विज्ञप्ति में बताया गया कि ये उत्साही प्रतिभागी 13,000 फुट से भी अधिक ऊंचाई तक पहुंचने वाले एक चुनौतीपूर्ण ट्रेक पर निकल रहे हैं, जो धीरज, साहस और आत्मविश्वास की सच्ची परीक्षा है।

# जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल मामले में हरियाणा के मौलवी को हिरासत में लिया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने बुधवार को फरीदाबाद के एक विश्वविद्यालय से संचालित 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में हरियाणा के मेवात से एक मौलवी को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौलवी इश्तियाक को श्रीनगर लाया गया है। वह फरीदाबाद में अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर में एक किराए के मकान में रह रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उसके घर से ही 2,500 किलोग्राम से अधिक अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर बरामद किया था। उसे गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। वह इस मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाने वाला नौवां व्यक्ति होगा। जम्मू कश्मीर पुलिस ने 10 नवंबर को हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस के साथ मिलकर प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अंसार गजवत-उल-हिंद के 'सफेदपोश' आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए अंतरराज्यीय स्तर पर छापेमारी की थी। मौलवी इश्तियाक के आवास पर विस्फोटक सामग्री डॉ. मुजम्मिल गनई उर्फ मुसैब और डॉ. उमर नबी ने रखी थी। डॉ. नबी ही उस कार को चला रहा था, जिसमें सोमवार शाम लाल किले के बाहर विस्फोट हो गया था। इसमें 12 लोग मारे गए हैं।

# सड़क हादसे के कारण जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को 31 लाख रुपये मुआवजा का आदेश

**ठाणे।** ठाणे में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने सड़क हादसे की वजह से जान गंवाने वाले एक बढ़ई के परिवार को 31 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। एक कार ने उसे और दो अन्य लोगों को टक्कर मार दी थी तथा हादसे में लगी चोटों के कारण दो साल बाद बढ़ई की 2020 में मृत्यु हो गई थी। न्यायाधिकरण के सदस्य आर वी मोहिते ने मंगलवार को सुनाए गए फैसले में, दुर्घटना में शामिल कार चालक की लापरवाही मानी तथा वाहन मालिक और बीमाकर्ता, दोनों को राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया।

मुआवजे का दावा करने वाले के वकील एसएम पवार ने न्यायाधिकरण को बताया कि 14 अगस्त 2018 को, मनोज कुमार श्यामनारायण शर्मा (38) महाराष्ट्र के ठाणे शहर में उपवन-गांधीनगर रोड के बाईं ओर सावधानी से चल रहे थे। कथित तौर पर लापरवाही और तेज़ गति से चलाई जा रही एक कार ने नियंत्रण खो दिया और शर्मा, दो महिलाओं तथा कई मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए और वे दुर्घटना की वजह से चलने-फिरने में असमर्थ हो गए थे। इसी स्थिति में उसकी 24 दिसंबर 2020 को मृत्यु हो गई। उनकी पत्नी, बुजुर्ग माता-पिता और दो बेटों ने न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया था। शर्मा उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले थे। न्यायाधिकरण ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई थी या पीड़ित की लापरवाही के चलते हुई। इसने 31,05,235 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया, जिस पर याचिका दायर करने की तारीख से इसके भुगतान की तिथि तक नौ प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज देय होगा।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 11/12/2025 4:21 PM Page 1



# मानहानि मामला : तेलंगाना मंत्री सुरेखा ने एक्टर नागार्जुन के परिवार पर दिए बयान पर जताया खेद

**हैदराबाद।** तेलंगाना की बंदोबस्ती और वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने लोकप्रिय अभिनेता नागार्जुन और उनके परिवार के बारे में दिया गया अपना बयान वापस ले लिया है।

पिछले साल अभिनेता द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे का सामना कर रही मंत्री ने स्पष्ट किया कि उनके बयान का उद्देश्य नागार्जुन या उनके परिवार के सदस्यों को ठेस पहुंचाना नहीं था।

मंत्री ने कहा, 'मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि नागार्जुन गारु के संबंध में मैंने जो बयान दिया था, उसका उद्देश्य नागार्जुन गारु या उनके परिवार के सदस्यों को ठेस पहुंचाना नहीं था। मेरा अक्किनेनी नागार्जुन गारु या उनके परिवार के सदस्यों को ठेस पहुंचाने या बदनाम करने का कोई इरादा नहीं था। '

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे उनके संबंध में अपने बयानों में किसी भी तरह की अनजाने में की गई धारणा के लिए खेद है, और मैं उसे वापस लेती हूं। '

मंत्री ने पिछले साल 2 अक्टूबर को यह विवादास्पद बयान दिया था, जिसमें उन्होंने नागार्जुन के बेटे नागा चैतन्य और अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के बीच तलाक के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामा राव (केटीआर)



को जिम्मेदार ठहराया था।

मंत्री की टिप्पणी के बाद, सामंथा ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि उनका तलाक आपसी सहमति से हुआ था। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि वे जिम्मेदारी से काम लें और लोगों की निजता का सम्मान करें।कोंडा सुरेखा ने बाद में 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वह अपनी टिप्पणी वापस ले रही हैं। मंत्री ने कहा कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था, बल्कि एक नेता द्वारा महिलाओं के अपमान पर सवाल उठाना था।

हालांकि, नागार्जुन ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 के तहत शहर की एक अदालत में एक याचिका दायर की। उन्होंने कहा कि मंत्री की टिप्पणी से उनके परिवार की गरिमा और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है।

नागार्जुन ने कहा था कि मंत्री ने उनके परिवार, खासकर उनके बेटे नागा चैतन्य और सामंथा के तलाक के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां की थीं।

अभिनेता ने शिकायत की कि कोंडा सुरेशखा की टिप्पणियों से उनके परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है, जो फिल्म उद्योग और सामाजिक सेवा कार्यों में उनके दशकों के काम से बनी है।

हालांकि केटीआर ने मंत्री को अपना बयान वापस लेने और माफी मांगने के लिए एक कानूनी नोटिस जारी किया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह बीआरएस नेता के बारे में अपनी टिप्पणियों पर कायम हैं। इसके बाद, केटीआर ने मंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी शुरू किया।

# तमिलनाडु में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर 14 नवंबर को एआईएडीएमके का प्रदर्शन

**चेन्नई।** विपक्षी दल एआईएडीएमके ने 14 नवंबर को तमिलनाडु के तिंडीवनम में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी ने डीएमके सरकार पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 'बढ़ोतरी', नशीले पदार्थों के प्रसार और राज्य में कानून-व्यवस्था की समग्र 'बिगड़ती' स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

पार्टी महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने एक बयान में कहा कि यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे गांधी प्रतिमा के पास होगा और इसका नेतृत्व पूर्व मंत्री और विल्लुपुरम जिला सचिव सी.वी. षणमुगम करेंगे।

यह विरोध प्रदर्शन विरुधुनगर में दो मंदिर रक्षकों की 'नृशंस हत्या' के तुरंत बाद हो रहा है, जिसे एआईएडीएमके ने डीएमके के शासन में 'प्रशासनिक पतन का प्रतीक' करार दिया है।

ईपीएस ने कहा कि महिलाओं पर यौन हिंसा और हमलों में 'खतरनाक वृद्धि' के कारण यह विरोध प्रदर्शन जरूरी हो गया था।

उन्होंने तिंडीवनम में एक पुलिस कांस्टेबल से जुड़ी मारपीट की शिकायत और कोयंबटूर में एक कॉलेज छात्रा के साथ 'सामूहिक बलात्कार' जैसे हालिया मामलों का हवाला दिया।

उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने राज्य भर की महिलाओं और परिवारों में व्यापक भय पैदा कर दिया है।

पलानीस्वामी ने बयान में कहा, 'प्रदेश में ऐसे अपराध लगातार हो रहे हैं, अपराधी बेखौफ होकर काम कर रहे हैं। सरकार की लापरवाही ने उनके हौसले बढ़ा दिए हैं। '

अन्नाद्रमुक प्रमुख ने आगे आरोप लगाया कि द्रमुक के कार्यकाल के दौरान नाबालिगों और युवाओं में मादक पदार्थों की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन में तेजी से वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा की बहसों, सार्वजनिक बयानों और मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से बार-बार चेतावनियों के बावजूद सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए हैं।

ईपीएस ने द्रमुक शासन पर प्रशासनिक अक्षमता और जनता की कठिनाइयों के प्रति असंवेदनशीलता का आरोप लगाया और कहा कि आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और करों में बढ़ोतरी ने आम लोगों को संकट में डाल दिया है।

उन्होंने तमिलनाडु की वर्तमान स्थिति को शासन का एक 'काला अध्याय' बताया। साथ ही उन्होंने अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं, स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों और जनता, विशेषकर महिलाओं से 14 नवंबर के विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेने और 'न्याय, सुरक्षा और जवाबदेही के लिए सामूहिक आवाज उठाने' का आग्रह किया।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की कमर तोड़ने वाला एक्शन, सुरक्षाबलों ने छापे के बाद हिरासत में लिए कई संदिग्ध

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में बुधवार को कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। सोपोर पुलिस और सुरक्षाबलों ने संयुक्त रूप से इस अभियान में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से जुड़े व्यक्तियों और परिसरों पर छापे मारे।

जिलेभर में आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों के खिलाफ सोपोर, जैंगीर और रफियाबाद क्षेत्रों में 25 से ज्यादा स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। ये छापे विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर आधारित थे, जिनसे संकेत मिला था कि जेईआई से जुड़े संदिग्ध लोग अलग-अलग मोर्चों पर अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं।

अभियानों के दौरान सुरक्षाबलों को कई अहम दस्तावेज और अन्य चीजें बरामद हुई हैं। कुछ लोगों से गैरकानूनी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता के बारे में पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ये तलाशी अभियान सोपोर पुलिस की आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने और उसके वैचारिक व सैन्य तंत्र को ध्वस्त करने की चल रही निवारक रणनीति का



हिस्सा हैं।

इसके अलावा, बुधवार को कुलगाम में भी प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों की टीमों ने एक साथ 200 से ज्यादा जगहों पर छापे मारे।

जमीनी स्तर पर आतंकी तंत्र और उसके समर्थन ढांचे को ध्वस्त करने के निरंतर प्रयासों के तहत, जेल सदस्यों और उनके सहयोगियों के घरों और परिसरों पर छापेमारी की गई।

जानकारी के अनुसार, पिछले चार दिनों के दौरान जिले के अलग-अलग इलाकों में 400 से अधिक जगहों पर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 लोगों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कुछ लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

छापेमारी के दौरान, आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण ज़ब्त किए गए। इसके अलावा, कई जमात-ए-इस्लामी सदस्यों से पूछताछ की गई। कुलगाम पुलिस ने कहा कि वह आतंकवाद और उसके प्रति अपनी 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर अडिग है और यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी तत्व को जिले में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था को भंग करने की अनुमति न दी जाए।

# तमिलनाडु के चार जिलों में हो सकती है भारी बारिश, निचले इलाकों के निवासी रहें सतर्क

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चार दक्षिणी जिलों में बुधवार को भारी बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दक्षिणी तटीय इलाकों में खासकर तिरुनेलवेली के पहाड़ी हिस्सों में जोरदार बारिश की संभावना जताई है।

चेन्नई के क्षेत्रीय मौसम केंद्र ने बताया कि दक्षिण-पूर्व अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र बारिश का मुख्य कारण है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि तिरुनेलवेली के पश्चिमी घाट क्षेत्र के कुछ हिस्सों में शाम के समय बिजली की गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ तेज बारिश हो सकती है। चेन्नई के क्षेत्रीय मौसम केंद्र ने कहा कि दक्षिण-पूर्व अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र तमिलनाडु के दक्षिणी इलाकों को प्रभावित कर रहा है। इससे तिरुनेलवेली, रामनाथपुरम, थूथुकुडी और कन्याकुमारी जिलों में एक-दो जगहों पर आज भारी बारिश हो सकती है।

चेन्नई में आसमान आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है और देर दोपहर या रात के दौरान कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

विभाग ने बताया कि अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है।

पिछले हफ्ते के उलट, तमिलनाडु के तट या आसपास के समुद्र में मछुआरों के लिए कोई चेतावनी नहीं है। हवा मध्यम रहेगी और समुद्र ज्यादातर शांत रहेगा। फिर भी मछुआरों को आने वाले दिनों के ताजा मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखने की सलाह दी गई है, क्योंकि बंगाल की खाड़ी में मौसम की स्थिति बदल सकती है।

आईएमडी ने बताया कि पूर्वी हवाओं की वजह से सप्ताह के बीच तक दक्षिणी जिलों में कभी-कभी हल्की बारिश हो सकती है। अधिकारियों ने निचले इलाकों के निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। हल्की या तेज भारी बारिश से संवेदनशील इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है।

# तमिलनाडु मंदिर गार्ड हत्याकांड : पुलिस मुठभेड़ में संदिग्ध के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**चेन्नई,।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में दो मंदिर गार्ड की हत्या में शामिल मुख्य संदिग्ध को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने संदिग्ध का पीछा किया तो उसने हमला करने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली गई।

माना जा रहा है कि इस व्यक्ति ने जिले के राजापलायम के पास एक मंदिर में रात के वक्त तैनात दो गार्ड की हत्या कर दी। यह घटना अरुलमिगु नचदाई वैरावर स्वामी मंदिर में हुई, जिसके मालिक सेथुर सैम हैं और जिसका प्रबंधन हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग द्वारा किया जाता है।

राजपलायम के पास एक परिसर में स्थित इस मंदिर की रात में सुरक्षा 50 वर्षीय पेचिमुथु और 65 वर्षीय शंकरपांडियन करते थे। सुबह लगभग 6.45 बजे, सुबह की पाली के प्रहरी मदासामी ने मंदिर परिसर में दोनों व्यक्तियों को मृत पाया, जिनकी गर्दन, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटें थीं।

सीसीटीवी कैमरे टूटे हुए पाए गए और डीवीआर यूनिट गायब थी, जो सबूत मिटाने की स्पष्ट कोशिश का संकेत देता है। दानपेटी टूटी हुई थी और पास में बिखरी हुई नकदी मिली।

नमूने एकत्र करने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंचे, जबकि हमलावरों का पता लगाने के लिए स्नीफर डॉग को तैनात किया गया। पुलिस को संदेह था कि हमलावर नकदी और कीमती सामान चुराने के इरादे से मंदिर में घुसे थे, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उनका सामना किया, जिसके बाद यह नृशंस हत्या हुई।

गहन तलाशी के बाद, पुलिस ने मुख्य संदिग्ध नागराज का पता लगा लिया, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह इस दोहरे हत्याकांड में शामिल है।

जब अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया, तो उसने कथित तौर पर उन पर हमला किया और भागने की कोशिश की। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो आरोपी के पैर में लगी, और फिर उसे हिरासत में ले लिया गया। घायल आरोपी को तुरंत पुलिस सुरक्षा में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

हत्या और डकैती के प्रयास सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। विरुधुनगर जिला पुलिस ने गश्त तेज कर दी है और इलाके के सभी मंदिरों में रात में कड़ी सुरक्षा की घोषणा की है।

# 'उनका दिल सच जानता है', एग्जिट पोल नकारने पर विपक्ष को केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय का जवाब

**पटना।** केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्ष की तरफ से एग्जिट पोल के नतीजों को नकारने पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि उनका (विपक्षी दल) दिल सच जानता है, लेकिन वे अभी इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को एग्जिट पोल के नतीजों की सराहना करते हुए इसे एनडीए सरकार पर जनता की मुहर बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और काम के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन के प्रभाव को देखते हुए, अनुमान से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया।

आईएएनएस-मैट्रिज एग्जिट पोल पर केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, 'जैसा कि एग्जिट पोल में दिखाया गया है, जनता की आवाज एनडीए सरकार के प्रति समर्थन को साफ़ तौर पर दर्शाती है। मुझे लगता है कि एनडीए दो-तिहाई से भी ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और उनके काम के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन, युवा कल्याण, महिला कल्याण, गरीबों और किसानों के लिए की गई पहलों का



असर चुनाव नतीजों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों के रूप में देखा जा रहा है। '

विपक्ष की ओर से एग्जिट पोल को नकारने पर केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, 'उनका दिल सच जानता है, लेकिन वे अभी इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। बस एक-दो दिन की बात है, वे मान जाएंगे। जनता ने उन्हें समझा दिया है और उन्हें भी एहसास है कि उनकी हार निश्चित है। '

बिहार विधानसभा चुनाव के दोनों चरणों का मतदान संपन्न होने के बाद एग्जिट पोल सामने आए। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को हुआ, जबकि दूसरे चरण का मतदान मंगलवार को संपन्न हुआ। इस बार राज्य में विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान हुआ है।

आईएएनएस-मैटराइज के अलावा लगभग सभी एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत दिया गया है। आईएएनएस-मैटराइज एग्जिट पोल के मुताबिक, बिहार की 243 सीटों में से एनडीए को 147-167 सीटें मिलने का अनुमान है, वहीं महागठबंधन को 70-90 सीटें आ सकती हैं।

# बिहार में एनडीए दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगा: नित्यानंद राय

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की 243 सीटों पर दो चरणों में मतदान संपन्न होने के बाद आईएएनएस मैटराइज सर्वे पर केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दावा किया है कि एनडीए दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगा।

बिहार विधानसभा चुनाव की 122 सीटों पर 11 नवंबर को दूसरे और अंतिम चरण का मतदान संपन्न हुआ। 11 नवंबर की शाम एग्जिट पोल सामने आए। एग्जिट पोल में एनडीए सरकार की वापसी कराई गई है, जबकि महागठबंधन बहुमत से दूर है। हालांकि यह एग्जिट पोल सिर्फ एक अनुमान है, इसे परिणाम के तौर पर नहीं देखा जा सकता है। 14 नवंबर को बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर परिणाम घोषित किया जाएगा।

एग्जिट पोल को लेकर पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि लोगों की आवाज एनडीए सरकार के लिए स्पष्ट समर्थन को दर्शाती है, जैसा कि एग्जिट पोल में दिखाया गया है।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एनडीए के दो-तिहाई से भी अधिक बहुमत के साथ सरकार बनाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने युवा कल्याण, महिला कल्याण, गरीबों और किसानों के लिए काम किया है।

जनता एनडीए के विकास कार्यों को पसंद करती है। इस चुनाव में हमें देखने को मिला है। रिकॉर्ड स्तर पर मतदान हुआ है। खासतौर पर महिलाओं ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

विपक्ष द्वारा एग्जिट पोल को नकारने पर उन्होंने कहा कि उनका दिल सच जानता है, लेकिन वे अभी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। बस एक-दो दिन की बात है, वे मान जाएंगे। जनता ने उन्हें समझा दिया है और उन्हें भी एहसास है कि उनकी हार निश्चित है।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल भले ही अनुमान हो, लेकिन सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ा जाता है। बिहार में महागठबंधन का सूपड़ा साफ है। 14 नवंबर को पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी।

# ऑपरेशन बुलियन ब्लेज: मुंबई में डीआरआई ने रेड मारकर जब्त किया 15 करोड़ रुपए का सोना, 11 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने एक बड़े सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 'ऑपरेशन बुलियन ब्लेज' के तहत की गई इस कार्रवाई में टीम ने 11.88 किलो सोना और 8.72 किलो चांदी जब्त की है।

बरामद सोने की कीमत लगभग 15.05 करोड़ रुपए और चांदी की कीमत 13.17 लाख रुपए आंकी गई है। इस पूरे मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें इस पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड भी शामिल है।

डीआरआई को खुफिया सूचना मिली थी कि मुंबई में कुछ स्थानों पर सोने की अवैध तस्करी और उसे पिघलाने का काम चल रहा है। इस सूचना के आधार पर 10 नवंबर को अधिकारियों ने चार अलग-अलग जगहों पर एक साथ छापेमारी की, जिनमें अवैध सोना गलाने की दो भट्टियों और दो अपंजीकृत दुकानों पर कार्रवाई शामिल है।

छापेमारी के दौरान दोनों भट्टियां पूरी तरह चालू हालत में मिलीं। वहां पर तस्करी किए गए सोने को पिघलाकर सोने की सिल्लियों में बदला जा रहा था। डीआरआई ने चारों ऑपरेटरों को हिरासत



में लिया और 6.35 किलो सोना बरामद कर लिया।

इसके बाद टीम ने मास्टरमाइंड द्वारा इस्तेमाल की जा रही दो दुकानों पर भी छापे मारे, जहां तस्करी का सोना प्राप्त किया जाता था और पिघलाने के बाद उसे स्थानीय बाजार में बेचा जाता था। इनमें से एक दुकान से अधिकारियों को अतिरिक्त 5.53 किलो सोना मिला।

जांच में सामने आया कि यह गिरोह बड़े पैमाने पर विदेशी सोने की तस्करी कर उसे भारत में पिघलाकर बेच रहा था। मास्टरमाइंड इस सिंडिकेट को अपने पिता, एक मैनेजर, चार गलाने वाले मजदूरों, एक एकाउंटेंट और तीन डिलीवरी बॉय के साथ मिलकर चला रहा था। एकाउंटेंट का काम तस्करी किए गए सोने का हिसाब रखना था, जबकि डिलीवरी बॉय बाजार में सिल्लियां पहुंचाते थे।

सभी आरोपियों को मुंबई के जेएमएफसी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह एक संगठित और सुनियोजित तस्करी नेटवर्क था, जो भारत की गोल्ड इंपोर्ट नीति का उल्लंघन करते हुए सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा था।डीआरआई ने कहा कि वह ऐसे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोने की अवैध तस्करी न केवल बाजार व्यवस्था को बिगाड़ती है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और वित्तीय स्थिरता के लिए भी खतरा बनती है।

# आतंकवाद के खिलाफ कुलगाम और शोपियां में बड़ी कार्रवाई, 200 से अधिक ठिकानों पर छापे

**श्रीनगर।** आतंकवाद के खिलाफ जम्मू-कश्मीर में कार्रवाई तेज है। बुधवार को कुलगाम और शोपियां जैसे इलाकों में पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य पाकिस्तान से सक्रिय जम्मू-कश्मीर के मूल निवासियों (जेकेएनओपी) के रिश्तेदारों की संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाना, संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाना और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी करना है।

कुलगाम में प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ एक्शन हुआ है। इस बड़ी कार्रवाई में कुलगाम पुलिस ने जिले भर में 200 से अधिक जेईआई ठिकानों पर छापे मारे। पुलिस ने घरों की तलाशी ली है।

वहीं, पुलिस ने शोपियां जिले में जमात-ए-इस्लामी के सदस्यों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) समेत संदिग्ध राष्ट्र-विरोधी तत्वों को निशाना बनाकर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। पुलिस ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।

इससे पहले, शोपियां में चेकिंग के दौरान सैकड़ों वाहनों के चालान किए गए। शोपियां पुलिस ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पूरे जिले में तलाशी और वाहन जांच तेज कर दी है। उल्लंघन और स्वामित्व हस्तांतरण न करने के आरोप में सैकड़ों लोगों का चालान किया गया। 'पिछले दिनों रामबन और बांदीपोरा में भी आतंकवादियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाए गए। बांदीपोरा पुलिस ने आतंकी और विध्वंसक गतिविधियों के तंत्र को ध्वस्त करने के एक बड़े अभियान में पाकिस्तान और पीओके से सक्रिय जम्मू-कश्मीर के नागरिकों पर कार्रवाई की।

पुलिस ने नियमों का पालन सुनिश्चित करने और सिम कार्ड के दुरुपयोग को रोकने के लिए जिले भर में सिम कार्ड विक्रेताओं का सत्यापन किया। विक्रेताओं को उचित केवाईसी प्रक्रियाओं का पालन करने और सटीक रिकॉर्ड रखने के लिए जागरूक किया गया।

रामबन जिले में पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और एसओजी इकाइयों की संयुक्त टीमों ने ड्यूटी मजिस्ट्रेटों के साथ मिलकर जिलेभर के अलग-अलग संवेदनशील इलाकों में अभियान चलाया। अभियानों के दौरान सुरक्षाबलों ने रामबन के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के रिश्तेदारों और ज्ञात सहयोगियों के घरों की तलाशी ली।

# भांग के श्रृंगार में सजे बाबा महाकाल, भस्म आरती में उमड़े हजारों श्रद्धालु

**उज्जैन।** मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि बुधवार को सुबह तड़के उज्जैन बाबा महाकाल के दरबार में भक्तों को बाबा के दिव्य दर्शन देखने को मिले।

बुधवार सुबह भस्म आरती के दौरान श्रद्धालु बाबा की एक झलक पाने के लिए बेकरार थे। वे रात से ही लंबी कतारों में लगे थे, लेकिन हर कोई बाबा की झलक का इंतजार कर रहा था।

वहीं, सुबह 4 बजे से ही भक्तों को दर्शन देने के लिए बाबा महाकाल के कपट खुले। इस बार का बाबा का श्रृंगार कुछ खास था क्योंकि इस बार श्रृंगार के दौरान उनके मस्तक पर चमकता त्रिपुंड, बीच में त्रिनेत्र और पूरा शरीर पवित्र भांग से सजा हुआ था, जिसे देख लग रहा था कि जैसे स्वयं भोलेनाथ आ गए हों। उनकी आंखों में चमक देखने को मिल रही थी।

इसके बाद पूरे मंदिर परिसर में 'जय श्री महाकाल', 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे गूंज रहे थे। इस वातावरण से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। बाबा की भस्म आरती के बाद भी भक्तों के दर्शन का सिलसिला जारी रहा।

उज्जैन महाकाल मंदिर में पूरे दिन 6 बार आरती होती है, जिसमें भस्म आरती सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। वहीं इसे देखने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं और ब्रह्म मुहूर्त में बाबा की आरती का आनंद उठाते हैं।

बाबा महाकाल पर चढ़ाई जाने वाली कपिला गया के गोबर से बने कंडे और



पीपल, पलाश, बड़, अमलतास और बेर के पेड़ की लकड़ियों को जलाकर तैयार की जाने वाली भस्म को एक सूती कपड़े में बांधा जाता है और उसे शिवलिंग पर बिखेरा जाता है। मान्यता है कि महाकाल के दर्शन करने के बाद जूना महाकाल के दर्शन जरूर करने चाहिए।

भस्म आरती करीब दो घंटे तक की जाती है। इस दौरान वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया जाता है। साथ ही, आरती के दौरान ही महाकाल का श्रृंगार भी किया जाता है।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 11/12/2025 9:36 PM Page 1



## चोरी की तीन मोटरसाइकिल व एक अध कटी साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** बुधवार को थाना पाकबड़ा क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया गया! वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अभियान चलाय जा रहे! इस अभियान मे चोरी जैसी घटनाओं को रोका जा सके! पाकबड़ा पुलिस ने दो मोटर साईकल चोरो पर कार्रवाई की गई! चोरो के पास से तीन मोटरसाइकिल व एक अधकटी मोटर साईकिल बरामद की गई ।पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को




गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुछ पार्ट्स इंजन आदी बरामद किए है। क्षेत्राधिकारी हाईवे के नेतृत्व में क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया! गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रदीप यादव पुत्र रूपचंद यादव एजाज मोहम्मद पुत्र अली असगर के रूप में हुई है, जो काशीपुर उत्तराखंड व रुद्रपुर उधम सिंह नगर उत्तराखंड के निवासी हैं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे चोरी की मोटरसाइकिलों को विभिन्न स्थानों से चुराकर उनके इंजन और कुछ पुर्जे निकालकर बेचते थे ।पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तो के पास से चोरी करने ओर बाइक काटने के उपकरण भी बरामद किए है! पुलिस ने दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया है।

# पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के तीसरे दिन भी आयोजित की प्रतियोगिताएं

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** बुधवार को हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के तीसरे दिन का आयोजन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया। हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत तीसरे दिन भी विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया।इन खेलों के अंतर्गत टग ऑफ वार, कबड्डी, खो खो,बैलेंसिंग रेस, सिंपल रेस ,सैक रेस जैसे मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक खेलों का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कबड्डी में



रेड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय एवं ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहा साथ ही टग आफ वार छात्र प्रतियोगिता में रेड हाउस प्रथम एवं छात्राओं प्रतियोगिता में भी रेड हाउस प्रथम स्थान पर रहा इसके साथ बैलेंसिंग रेस में कक्षा 8 की छात्रा अक्षा ने प्रथम कक्षा 7 अ की छात्रा वजीहा ने द्वितीय एवं कक्षा 7 में की छात्रा अरबा मुमताज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में हुई छात्र सैक रेस में कक्षा 6 के छात्र माविया बदर ने प्रथम स्थान एवं कक्षा 7 अ छात्र फैज ने द्वितीय स्थान एवं कक्षा 8 के छात्र सादान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसके साथ ही छात्राओं के बीच हुई सैक रेस के अंतर्गत कक्षा 7 ब की छात्रा असना ने प्रथम स्थान, कक्षा 6 की छात्रा कनिष्का ने द्वितीय स्थान एवं कक्षा 6 की ही छात्र हंसिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय में छात्रों के बीच हुई बैलेंसिंग रेस में कक्षा 7 ब छात्र केशव कुमार ने प्रथम स्थान एवं कक्षा 7 के छात्र जीशान ने द्वितीय स्थान एवं हसान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । छात्र-छात्राओं के बीच हुई साधारण रेस में कक्षा 6 की छात्रा हंसिका ने प्रथम, हमदा ने द्वितीय एवं कनिष्का ने तृतीय स्थान और कक्षा 8 के छात्र जीशान ने प्रथम,फैजान ने द्वितीय एवं अनस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह ने सभी क्रीडा प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका खेलों के प्रति मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने सभी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की सीढ़ी है अतः हमें प्रयास करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए और हमें अपने आत्मविश्वास को निरंतर बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा आयोजित खेलों को सफल बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## समाचार

## बाइक सवार को टक्कर मारने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना क्षेत्र में 9 नवंबर को बाइक सवार को टक्कर मार कर घायल करने के मामले में आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम फूलपुर मिठनपुर निवासी गंगाराम सिंह पुत्र हेमसिंह 9 नवंबर को सुबह करीब 11.00 बजे ग्राम भीकनपुर को गए थे। किसान कन्या इंटर कॉलेज के सामने मुरादाबाद की ओर से आ रही दूसरी बाइक के चालक ने तेज गति से बाइक चलाकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी जिसमें गंगा राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। उन्हें उपचार के लिए कॉसमॉस अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल के पुत्र रोहित की तहरीर के आधार पर थाना छजलैट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## दहेज की मांग को लेकर तलाक देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** तहसील क्षेत्र में दहेज में 5 लाख रुपए नकदी और बुलेट बाइक की मांग को लेकर तीन तलाक देने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना थाना छजलैट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करली है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम सलावा खेड़ा निवासी नसरीन पुत्री शमीम की शादी जनपद संभल के के थाना असमोली के ग्राम कमालपुर निवासी शराफत के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही विवाहिता के पति शराफत, जेठ नजाकत, देवर रफी, सास मुनाजरी, नन्द सारवा व रहीमीन, ताहिर नंदोई, नन्द जैनब, जरीना दूसरी पत्नी आदि ने 5 लाख रूपए नकद और बुलेट बाइक की मांग करने लगे। जब विवाहिता के मायके वालों ने असमर्थता जताई तो तीन तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। 8 नवंबर को 3.00 बजे विवाहिता के मायके में आकर आरोपियों ने उसे जान से करने का प्रयास किया और अभद्रता की। तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर दिया। पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो वह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपने मायके वालों के साथ मिला और पूरी बात बताई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने छजलैट थाना पुलिस को अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## दहेज में एक लाख रुपये और कार की मांग को लेकर विवाहिता से की मारपीट

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** दहेज में एक मारुति कार और 1 लाख रुपए की नकदी की मांग को लेकर विभाजित को मारपीट कर घर से निकालने के मामले में थाना छजलैट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करली है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ा मीरपुर निवासी एकता की शादी थाना मंझोला के लकड़ी फाजलपुर में 1 जुलाई 2018 को कुलदीप पुत्र छत्रपाल के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। विवाहिता के मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दहेज भी दिया था परंतु उसका पति कुलदीप, सास संतोष, ससुर छत्रपाल दिए हुए दहेज से खुश नहीं थे और दहेज में एक मारुति कार एवं एक लाख रूपए नकद लाने की मांग कर रहे थे। जब विवाहिता की मां ने असमर्थता जताई तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 15 अप्रैल में 2025 को उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता के एक पुत्री भी है, उसे भी घर पर नहीं रखा। 2 नवंबर 2025 को समय 5.00 बजे विवाहिता का पति कुलदीप उसके मायके पहुंचा और उसकी माता के साथ गाली गलौंज की एवं एकता को भी लात घूंसो और बेल्टों से मारा पीटा। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर दी तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया तो मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मुकदमा पंजीकृत करने के निर्देश दिए। छजलैट पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## दयानंद डिग्री कॉलेज में महिला टेबल टेनिस के आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** विदित हो कि दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के तत्वाधान में महिला टेबल टेनिस अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के कुशल निर्देशन में आयोजित की गई। जिसमें कुल 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद एवं एस एम कॉलेज चंदौसी के बीच खेला गया जिसमें दयानन्द ने चंदौसी को 3 -1 से बढ़त बना के जीत हासिल की। ट्रायल के लिए हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद से कुमारी राधिका दिवाकर एवं गोकुल दास महाविद्यालय से कुमारी मनतशा ने



प्रतिभाग किया। दयानन्द से कुमारी श्रीका अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम को फाइनल मैच जिताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग श्री उमाकांत गुप्ता जी एवं विशिष्ट अतिथि संतोष रानी गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा टेबल टेनिस की सर्विस करा कर किया गया। प्रतियोगिता के यूनिवर्सिटी पर्यवेक्षक डॉ मनीष भट्ट एवं एक्सपर्ट श्री रफीक हुसैन रहे। आयोजक सचिव डॉ नीतू सिंह, अनीता फर्स्वाण, प्रोफेसर सन्तोष सिंह, डॉ कंचन सिंह का विशेष योगदान रहा। ऑफिसियल के रूप में डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव श्री योगेंद्र गौतम रहे। प्रो दीप कुमार श्रीवास्तव, चंद्रजीत कुमार यादव, श्रीमति शिवानी आदि टीम मैनेजर के रूप में मौजूद रहे प्रो रीना मित्तल, प्रोफेसर अर्चना राठौर, प्रो मनी बंसल, प्रो कंचन सिंह, प्रो सुजाता कुमारी सहित सभी प्रवक्ता बहने उपस्थित रहीं।

## न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर पोल खड़े कर कब्जे करने का प्रयास

● शिकायत के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचे निर्माण कार्य रुकवाया

**उत्तम भारत संवाददाता/ ठाकुरद्वारा।** अदालत के स्पष्ट आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए कमालपुरी रोड स्थित करोड़ों करोड़ों रुपए की कीमत की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा एक विवादित भूमि पर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया। शिकायती पत्र मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवाया। थाना डिलारी के गांव ग्राम श्योदासपुर निवासी यासीन पुत्र इसराइल ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर कहा कि उसकी गाटा संख्या 69, रकबा 1.64 एकड़ भूमि



उसकी पैतृक संपत्ति है। उक्त भूमि का विवाद पूर्व में न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय ने 7 फरवरी 2024 को भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया था। यासीन का आरोप है कि इसके बावजूद 12 नवंबर 2025 को विपक्षीगणों ने जबरन मौके पर पहुंचकर पॉल (खंभे) लगाकर उक्त भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्यायालय का आदेश दिखाते हुए कब्ज रोके जाने की मांग की। पीड़ित का कहना है कि यह भूमि करोड़ों रुपये कीमत की है और लंबे समय से इस पर कब्जे के अनेकों बार प्रयास किया जा चुके हैं। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद निर्माण कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि अदालत के आदेश की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति न्यायालय की मयार्दा का उल्लंघन न कर सके सके।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न

● सीयूजी नम्बर अनिवार्य रूप से रिसीव करें अधिकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मंडलायुक्त ने मंडल के विभिन्न जनपदों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा के दौरान सीएमओ बिजनौर के शिथिल पर्यवेक्षण और स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर सुविधाओं को विकसित कराने में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अपने तैनाती स्थल पर ही निवास करेंगे और सभी सीएमओ स्वास्थ्य से जुड़ी प्रत्येक योजना, कार्यक्रम और अभियान की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग करें। उन्होंने वीएचएसएनडी के उद्देश्यों को सख्ती से प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड सहित अन्य स्वास्थ्य जरूरतों पर इन वीएचएसएनडी सत्रों के दौरान खुलकर चर्चा हो ताकि महिलाएं और किशोरियां अपनी स्वास्थ्य जरूरतों के प्रति संवेदनशील हों।



झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पूरे मंडल में अभियान चलेगा। मंडलायुक्त ने कहा कि इन झोलाछाप लोगों द्वारा दी जाने वाली गैरजरूरी दवाओं की वजह से आमजन को काफी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए इन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। आयुर्वेद दवाओं के आधार पर उपचार करने वाले क्लिनिकों पर भी औचक रूप से टीमें पहुंचकर आयुर्वेद डॉक्टरों द्वारा दी जाने वाली दवाओं की जांच होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीयूजी नम्बर पर आने वाली फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव होनी चाहिए। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा इस संबंध में सख्त निर्देश दिए गए हैं इसलिए सीयूजी पर आने वाली फोन कॉल रिसीव न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। ग्राम्य दिवस के आयोजन को लेकर भी मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए और कहा कि इस दौरान विकास और राजस्व के साथ ही सभी प्रकार की शिकायतों और समस्याओं का चिन्हीकरण किया जायेगा। ग्राम्य दिवस में गांव की सार्वजनिक संपत्ति, सार्वजनिक भूमि और उनके उपयोग की वर्तमान स्थिति, कुपोषित बच्चे और शांति एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामले भी चिन्हित होंगे। उन्होंने धान खरीद प्रक्रिया को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कराने और नियमित रूप से मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्रों पर बाल मैत्री शौचालयों का निर्माण कराने और बच्चों की उपस्थिति दुरुस्त करने के लिए भी मंडलायुक्त ने निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने कहा कि मार्गों के किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण की वजह से यातायात व्यवस्था बाधित होती है इसलिए पूरे मंडल में अभियान चलाकर मार्ग के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया जाए साथ ही अतिक्रमण करने वालों पर नियमानुसार जुमार्ना सहित अन्य कार्रवाई भी होनी चाहिए। मुरादाबाद शहर से होकर बहने वाली रामगंगा नदी में इस वर्ष आई बाढ़ के आधार पर फ्लड जोन निर्धारित करते हुए नदी के तटीय क्षेत्र को सिंचाई विभाग और नगर निगम संयुक्त रूप से अतिक्रमणध अवैध कब्जा मुक्त कराए।

## दिल्ली में हुए बम धमाके के पीड़ितों की श्रद्धांजलि में मशाल जुलूस निकाला

**उत्तम भारत संवाददाता/ ठाकुरद्वारा।** दिल्ली में हुए बम धमाके में मारे गए निर्दोष नौजवानों की श्रद्धांजलि और केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए महिला कांग्रेस ने बुधवार को एक मशाल जुलूस निकाला। यह जुलूस अब्दुल्लापुर लेदा कैंप कार्यालय से निकला। इसका नेतृत्व महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष जेहरा बी ने किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देना और केंद्र सरकार




की सुरक्षा व्यवस्था में आई चूक की ओर ध्यान दिलाना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद, सोफिया खादीजा, सबाना, अरविंद चंद्रशेखर सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मशाल जलाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाकियू की पंचायत में कई गयी किसानों की समस्याओं पर चार्चा

**उत्तम भारत संवाददाता/ छजलैट।** भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत छजलैट ब्लॉक किसान भवन पर संपन्न हुई। किसानों की अगेती गन्ना प्रजाति को सामान्य प्रजाति में सर्वे किए जाने का विरोध तथा धान खरीदी नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। अगवानपुर मिलकर एजीएम गंभीर सिंह को मौके पर बुलाकर हिदायत दी गई । एजीएम ने किसानों का भरोसा दिलाया कि दोबारा सर्वे कराकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष छजलैट देवेंद्र सिंह



प्रधान जी के निधन के बाद खाली चल रहे पद पर चौधरी समरपाल सिंह निवासी शीमला व चौधरी नागेंद्र सिंह निवासी रमपुरा के नाम के प्रस्ताव पारित किए गए। दोनों प्रस्ताव जिला अध्यक्ष घनेन्द्र शर्मा के पास प्रेषित किए जाएंगे। अंतिम निर्णय जिला कमेंटी तय करेगी। पंचायत में राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुदेश मुखिया, नीटू पहलवान , युवा महानगर अध्यक्ष मोहित चीमा , सचिन चौधरी, वीरेंद्र सिंह, समरपाल सिंह नागेंद्र सिंह , सुशील मुखिया, राजेंद्र सिंह , कृष्ण पाल सिंह, राहुल चौधरी,बिक्रम सिंह, अरुण चौधरी,हरिचरन सिंह,अजय पाल सिंह,मिंटू चौधरी, हरिकेश सिंह,पूरन सिंह सैनी,सोनू सैनी,आदि किसान उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता वीर सिंह ढाका की तथा संचालन जिला महासचिव चौधरी यशपाल सिंह ने किया।

## अदालत के आदेश के बावजूद भूमाफियाओं ने महिला की जमीन पर कब्जे का प्रयास, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**उत्तम भारत संवाददाता/ ठाकुरद्वारा।** भूमाफियाओं द्वारा एक गरीब महिला की भूमि पर जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।नगर के मोहल्ला फतेहउल्लागंज निवासी भगवान देई पत्नी स्वर्गीय खुशहाली ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि वह मौजा फतेहउल्लागंज की गाटा संख्या 129, रकबा 0.5640 हेक्टेयर भूमि की मालिक हैं। उक्त भूमि पर कुछ दबंग भूमाफिया लंबे समय से कब्जा करने की नीयत से विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। भगवान देयी का कहना है कि इस विवाद को लेकर उन्होंने पहले सिविल न्यायालय मुरादाबाद में वाद दायर किया था, जिसके बाद न्यायालय ने विपक्षियों को भूमि पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने से मना किया था। न्यायालय के आदेश पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा भूमि पर तारबंदी कराई गई थी और उस कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखी गई थी। पीड़िता ने बताया कि इसके बावजूद दबंग विपक्षियों ने 11 नवंबर 2025 की रात उनकी तारबंदी को उखाड़कर फसल को नुकसान पहुंचाया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और कहा कि तेरी हत्या कर देंगे और जमीन पर कब्जा ले लेंगे। पीड़िता ने बताया कि वह गरीब और बेसहारा महिला हैं, उनके पति का देहांत हो चुका है और केवल दो पुत्रियाँ ही हैं। ऐसे में दबंग लोग उनकी असहायता का फायदा उठाकर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर डायल 112 पुलिस को मौके पर बुलाया गया, जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को संभाला। इससे पूर्व भी दबंग लोग तारबंदी तोड़ने और कब्जा करने का प्रयास कर चुके हैं। भगवान देई ने थाना प्रभारी ठाकुरद्वारा से शिकायत करते हुए मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर अदालत के आदेश की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति गरीबों की जमीन पर कब्जा करने की हिम्मत न जुटा सके।

## बाबा आमिल कामिल शाह चिश्ती रहमतुल्ला सालाना उर्स मेंले में प्रशासन ने नहीं लगने दी दुकाने

**उत्तम भारत संवाददाता/ ठाकुरद्वारा।** तहसील परिसर मे स्थित बाबा आमिल कामिल शाह चिश्ती रहमतुल्ला की मजार पर लगने वाले वार्षिक उर्स मेले की भूमि को प्रशासन ने सरकारी संपत्ति होने का हवाला देते हुए मेले में लगने वाले दुकानों को नहीं लगने दिया । जिससे अकीकत मन्दो व वह बाहर से आने वाली दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कमेटी के सदर साबिर खान व सरताज चेंगेजी व कमेटी के कार्यकताओं ने प्रशासन को हवाला दिया कि यह उर्स वर्षों से होता चला आ रहा है । बाबा के स्थान पर लोगों की आस्था है । उधर उप जिला अधिकारी प्रीति सिंह का तहसीलदार प्रवीण सिंह ने बताया कि किसी भी सरकारी संपत्ति पर



कोई धार्मिक कार्य किया जाना असंवैधानिक है । सरकारी भूमि पर कोई धार्मिक मेले का आयोजन नहीं होने दिया जाएगा । यह तहसील की भूमि है और नहीं कोई लाउडस्पीकर की अनुमति मिलेगी । उधर नगर पालिका ने यह कहकर एनओसी देने से इनकार कर दिया कि वह संपत्ति नगर पालिका की नहीं बल्कि तहसील परिसर की है । जिसको लेकर कमेटी के लोगो मे प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि यह उनकी धार्मिक भावनाओं के प्रति आघात है । उक्त स्थान पर सभी धर्म के लोग बरसों से आस्था रखते चले आए हैं । प्रत्येक बृहस्पतिवार को दूर दराज के अनुयायी आकर दुंआ करते हैं । उधर मजार के गद्दी नशीन अख्तर हुसैन ने बताया कि प्राचीन समय से उक्त स्थान पर वर्ष में एक बार मजार पर कव्वाली व मेले का आयोजन होता चला आ रहा है। लेकिन प्रशासन अधिकारियों के आदेश के बाद अनुयायियों में मायूसी छा गई है उधर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है ।

## अवैध फैक्ट्री निर्माण ध्वस्त, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की कार्रवाई

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, आई.ए.एस. के निर्देशन में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध निमार्णों तथा अनधिकृत विकास कार्यों के विरुद्ध निरंतर प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा जोन-3, सब-जोन-16 क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। जिसमें स्थान, गागन, जन्नतबाग ,स्वामी रफीक अहमद, निर्माण प्रकार फैक्ट्री निर्माण, क्षेत्रफल



लगभग 250 वर्गमीटर प्राधिकरण की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्थान पर बिना मानचित्र स्वीकृति के फैक्ट्री निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मौके पर पहुँचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए आवश्यक प्रवर्तन कार्रवाई की। साथ ही मुरादाबाद विकास प्राधिकरण पुनः सभी नागरिकों को सूचित करता है कि बिना मानचित्र स्वीकृति किसी भी प्रकार का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित एवं दंडनीय है। उन्होने ने जनहित में अपील नागरिक एवं भू-स्वामी किसी भी निर्माण कार्य से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र अनुमोदन अवश्य प्राप्त करें, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या हानि से बचा जा सके।



## कार्यालय ग्राम पंचायत लौंगी कलां
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत लौंगी कलां में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत महेशपाल के घर से विजेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 13.11.2025 से 28.11.2025 तक अपराहन 3.00 बजे पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जायेगी। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महेशपाल के घर से विजेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 260922/- | 5218/- | 500/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-लौंगी कलां**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/12/2025 8:03 PM Page 1



# आतंकी कनेक्शन यूपी से जुड़ा, सीएम योगी ने दिए सख्त आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ, दिल्ली में हुए धमाके के बाद जांच एजेंसियों की नजर अब उत्तर प्रदेश पर भी टिक गई है। आतंकी नेटवर्क के तार लखनऊ और लखीमपुर तक जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। अहमदाबाद से गिरफ्तार तीन संदिग्धों में एक लखीमपुर के निघासन इलाके का रहने वाला है, जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लखनऊ की रहने वाली महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों के बीच मिली कड़ियों ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। जांच एजेंसियों का मानना है कि हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों से आतंकी संगठनों ने अपनी जड़ें फैलाने की कोशिश की है। सीमावर्ती जिलों जैसे लखीमपुर, सिद्धार्थनगर और श्रावस्ती पर विशेष नजर रखी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इन इलाकों में कुछ कट्टरपंथी तत्व युवाओं को बरगलाकर ऑनलाइन माध्यम से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।



एटीएस ने अहमदाबाद से आईएसकेपी मॉड्यूल से जुड़े तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक आरोपी मोहम्मद सोहेल, लखीमपुर खीरी जिले के निघासन तहसील के सिंगाही थाना क्षेत्र के झाला गांव का रहने वाला है। सोहेल के परिवार के मुताबिक, वह तीन साल पहले मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे में जामिया दारुल उलूम अजीजिया नामक मदरसे में हाफिज की पढ़ाई करने गया था। सोहेल का परिवार गरीब है। पिता सलीम ट्रैक्टर मैकेनिक हैं। घर में मां रुखसाना, छोटे भाई वसीम और बड़े भाई की पत्नी रहती हैं। बड़ा भाई सुम्मी तमिलनाडु में कपड़ा फैक्ट्री में काम करता है। तीन साल पहले सोहेल के एक भाई की करंट लगने से मौत हो चुकी है।

दिल्ली धमाके के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण से घटना की जानकारी ली और पूरे प्रदेश को हाई अलर्ट पर रखने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों में संवेदनशील इलाकों की निगरानी बढ़ाई जाए, और पुलिस अधिकारी खुद फील्ड में रहकर जांच और पेट्रोलिंग करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीजीपी ने सभी जिलों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहकर बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण करने को कहा है ओर भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त और चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## तिरुपति में पांच साल तक बनते रहे मिलावटी घी के लड्डू, खर्च हुए थे 250 करोड़

### - एसआईटी ने किया खुलासा, लगभग 60 लाख किलो लड्डू सप्लाई किए गए



**चैन्नई (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी ने तिरुपति तिरुमला देवस्थानम (टीटीडी) में मिलने वाले लड्डू प्रसाद में मिलावटी घी की आपूर्ति का खुलासा किया। जांच में पता चला कि 2019 से 2024 तक लगभग 60 लाख किलोग्राम लड्डू सप्लाई किए गए, जिनकी कीमत 250 करोड़ रुपये से अधिक थी। उत्तराखंड की भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी ने कभी दूध या मक्खन खरीदे बिना पाम ऑइल और रासायनिक पदार्थ मिलाकर नकली घी तैयार किया। इसे भगवानपुर के पोमिल और विपिन जैन ने संचालित किया। 2022 में डेयरी ब्लैकलिस्ट होने के बावजूद दूसरी कंपनियों के माध्यम से सप्लाई जारी रही। जांच में यह भी सामने आया कि टीटीडी के तत्कालीन चेयरमैन वाईवी सुब्बा रेड्डी के पीए चिन्नाप्पन्ना को 50 लाख रुपये की रिश्वत दी गई थी। रिश्वत देने वाली कंपनी थी यूपी की एग्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड। घी सप्लाई में चार कंपनियां शामिल थीं। टेंडर हासिल करने के लिए कीमतों में हेरफेर और फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इस घोटाले ने धार्मिक प्रसाद की सुरक्षा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## हरियाणा सरकार ने भूतपूर्व अग्निवीरों को दी सौगात... ऊपरी आयु सीमा में छूट

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा सरकार ने राज्य के मूल निवासी भूतपूर्व अग्निवीरों को सैन्य सेवा पूरी करने के बाद सीधी भर्ती के दौरान ऊपरी आयु सीमा में छूट देने का निर्णय लिया है। भूतपूर्व अग्निवीरों को ग्रुप बी और ग्रुप सी के पदों पर सीधी भर्ती के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। भूतपूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के सदस्यों को आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट मिलेगी। सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 17 जून को, भारत सरकार ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया, जिसके तहत गृह मंत्रालय (एमएचए) को सशस्त्र बलों से चार साल के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों के करियर की प्रगति के समन्वय और सुविधा प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गृह मंत्रालय नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य करेगा और विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के साथ निकट समन्वय में काम करेगा। यह निर्णय भूतपूर्व अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा, केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा लागू करने की मांग पर केंद्र को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान की प्रस्तावना कहती है कि सभी नागरिक राजनीतिक और सामाजिक समानता के हकदार और उस यह हक मिलाना चाहिए हैं। इस देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक कौन है? महिलाएं हैं। यह (आंकड़ा) करीब 48 प्रतिशत के करीब है। यह (अधिनियम) महिलाओं की राजनीतिक समानता के बारे में है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसतरह के नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप करने को लेकर अदालतों की सीमाएं होती है। सुप्रीम कोर्ट ने असम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अंतिम रूप देने की मांग वाली याचिकाओं पर एनआरसी समन्वयक को नोटिस दे दिया है। ये याचिकाएं जमीयत उलेमा-ए-हिंद और ऑल असम माइनॉरिटीज स्टूडेट्स यूनियन की ओर से दायर की गई थी, जिसमें केंद्र को अंतिम एनआरसी के बाद की लंबित वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश की मांग की गई है।

## अमृतपाल सिंह की नज़रबंदी को चुनौती देने वाली याचिका को सुनने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने अमृतपाल सिंह की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत अपनी नज़रबंदी को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इंकार किया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा। पीठ ने उच्च न्यायालय से छह सप्ताह के भीतर सिंह की याचिका पर निर्णय लेने को कहा, ताकि मामले का जल्द निपटारा हो सके। सिंह के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल करीब दो साल से नजरबंदी में हैं और नजरबंदी का आधार एक ऐसी प्राथमिकी पर आधारित है जिसमें आरोपपत्र दायर हो चुका है और मुकदमा शुरू हो गया है। उन्होंने कोर्ट में तर्क देते हुए सोनम वांगचुक के मामले का भी हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि वांगचुक का मामला इसलिए अलग था क्योंकि उन्हें एक राज्य से दूसरे राज्य में निर्वासित किया गया था। बात दें कि अमृतपाल सिंह ने जेल में रहते हुए खडूर साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था। वह वर्तमान में एनएसए के तहत कथित अपराधों के लिए डिब्रूगढ़ जिले की जेल में बंद हैं। बात दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका को सीधे सुनने के बजाय, उन्हें पहले उच्च न्यायालय में जाने का निर्देश दिया है, साथ ही उच्च न्यायालय को मामले का जल्द निपटारा करने के लिए समय सीमा भी दी है।

## नोएडा सेक्टर-105 में महिला का सिर व कलाई कटे शव मिलने से हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। नोएडा के सेक्टर-105 इलाके में 6 नवंबर को एक महिला का सिर और दोनों कलाई कटे शव नाले में पाया गया। शव नग्न था और आसपास के क्षेत्र में महिला की पहचान का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शव के पैर में पाए गए बिछुए की फोटो के आधार पर जनता से महिला की पहचान के संबंध में जानकारी देने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, ग्राम सोरखा निवासी ने थाना सेक्टर-39 को सूचना दी कि नाले में किसी महिला का शव तैर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा किया। शुरुआती जांच में हत्या का मामला साफ दिखाई दिया। महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष और कद करीब 5 फीट 1 इंच बताया जा रहा है। थाना सेक्टर-39 में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच अधिकारियों को सौंपी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और लापता महिलाओं की रिपोर्ट से मिलान किया जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि यदि किसी को महिला की पहचान के संबंध में जानकारी हो, तो तुरंत थाना सेक्टर-39 से संपर्क करें। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## साइबर आरोपियों ने बुजुर्ग से 16.82 लाख रुपये की ठगी की

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में हुई एक धोखाधड़ी (ठगी) की घटना से संबंधित है। ठाणे के वर्तक नगर इलाके का एक 50 वर्षीय कारोबारी (बुजुर्ग)। आरोपियों ने नारियल के व्यापार में भारी मुनाफे का झांसा देकर और पार्टनरशिप का प्रस्ताव रखकर पीड़ित से निवेश करवाया। साइबर आरोपियों ने बुजुर्ग से 16.82 लाख रुपये की ठगी की है। साइबर ठगी का यह काम सितंबर से दिसंबर 2024 के बीच किया गया। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले में चार आरोपी शामिल बताए जा रहे है। आरोपियों ने भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में पीड़ित को 1.59 लाख की आंशिक रकम दी। जब पीड़ित ने बाकी पैसे और मुनाफे की मांग की, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और बाद में भुगतान से साफइंकार किया। पीड़ित ने वर्तक नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 406 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत मामला दर्ज किया है। तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश जारी है।

## दिल्ली में धमाका करने वालों को पकड़े जाने पर दी जाए फांसी: धीरेंद्र शास्त्री

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बागेश्वर धाम के आचार्य और कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना पर प्रतिक्रिया दी। हरियाणा के पलवल में पदयात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि जब भी धमाके हुए, उसे कहीं ना कहीं एक कट्टरपंथी मजहबी विचारधारा के लोगों ने किया। हमेशा भारत को, भारत माता को, सनातन को टारगेट किया। उन्होंने कहा कि कल जो हुआ वह घोर निंदनीय और अमानवीय है। भगवान से प्रार्थना है कि जिनका शरीर पूरा हुआ उन्हें वे अपने चरणों में स्थान दें। हम उन्हें शोक संवेदना व्यक्त करते हैं।



धीरेंद्र शास्त्री ने अपील की कि कट्टर मजहबी पंथ की विचारधारा की सोच पर लगाम लगाने के लिए अब सनातनियों को एक होना पड़ेगा। तुम कितना भी भारतीयों को डरा दो, सनातनियों को डरा दो। ना हम डरेंगे और ना हम झुकेंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में जब तक भारतीयों की एकता नहीं हो जाती है तब तक हम पदयात्रा करते रहेंगे। शास्त्री ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि पकड़े जाने वालों को फांसी दी जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा सुचारू रूप से चल रही है और निर्बाध रूप से जारी रहेगी। हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही हैं। हम सभी भक्तों से अपील करते हैं कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

बता दें दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका हुआ। ह्युंडई आई20 कार ट्रैफिक सिग्नल पर रुकते ही उसमें धमाका हो गया, जिससे 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हैं। धमाके इतना जबरदस्त था कि आसपास की तीन-चार गाड़ियां और ऑटो रिक्शा आग की लपटों में घिर गए। खिड़कियां टूट गईं और धुंआ चारों ओर फैल गया। घटनास्थल लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास की है, जहां पर्यटक और स्थानीय लोग शाम के समय व्यस्त रहते हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि दूर तक महसूस हुई और लोग भागते हुए गिर पड़े। दिल्ली पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया, जबकि फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने मामला यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत दर्ज किया है। एनआईए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और स्पेशल सेल की टीमें जांच में जुड़ गई हैं।

## दिल्ली धमाके पर बोले प्रशांत किशोर- चुनाव के समय ऐसी घटनाएं होती रहती हैं

**पटना (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंगलवार सुबह ज़ोर देकर कहा कि बिहार में मतदान राज्य के मुद्दों पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद राज्य में बढ़ाए गए सुरक्षा उपायों को कम करके आंका। उन्होंने कहा, चुनावों के दौरान ऐसी घटनाएं कभी-कभार होती हैं। बिहार के लोगों को इससे घबराने की जरूरत नहीं है। यह बिहार का चुनाव है। मतदान बिहार के मुद्दों पर आधारित होना चाहिए। सुरक्षा के लिए, बिहार और देश की जनता ने संसद और सरकार को चुना है। सरकार जो भी जरूरी कदम उठाएगी, वह उठाएगी। उन्होंने मतदाताओं से आज पहले चरण के रिकॉर्ड को तोड़ने और बिहार में शिक्षा और रोज़गार प्रदान करने वाली एक नई व्यवस्था बनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि उसी व्यवस्था के लिए वोट



देकर गलती करने का मतलब होगा पांच साल उस भ्रष्टाचार के साथ बिताना जो आपको परेशान करता है। इस विस्फोट में 8 लोग मारे गए थे। प्रशांत किशोर ने जोर देकर कहा कि सुरक्षा का जिम्मा चुनी हुई सरकार संभाल रही है और आश्वासन दिया कि सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान जारी है। अगले पांच साल उसी व्यवस्था के साथ बिताएंगे जो आपको परेशान करती है, उसी भ्रष्टाचार के साथ जो आपको परेशान करता है। मैं आज वोट देने जा रहा हूं। दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर, आज सुबह शुरू हुए विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। भागलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर तैनात सुरक्षाकर्मी, जहां कांग्रेस के अजीत शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रोहित पांडे के बीच सीधा मुकाबला होगा। प्रशांत किशोर ने कहा, मैं बिहार के लोगों से आज पिछले चरण के रिकॉर्ड मतदान को तोड़ने की अपील करता हूं। बिहार में बदलाव के लिए वोट करें। अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें। पहले चरण से भी ज़्यादा संख्या में वोट करें ताकि 14 नवंबर को बिहार में एक नई व्यवस्था बने। एक ऐसी व्यवस्था जो आपके बच्चों को शिक्षा और रोजगार दे।

## दिल्ली विस्फोट के बाद हाई अलर्ट पर मुंबई, पुलिस ने महत्वपूर्ण स्थानों पर गहन जाँच की

मुंबई (एजेंसी)। सोमवार शाम नई दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के बाद मुंबई में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुंबई पुलिस ने तुरंत अपने सभी सिस्टम को तैयार कर लिया है और महत्वपूर्ण स्थानों पर गहन जाँच शुरू कर दी है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को हमेशा से ही आतंकवादी हमलों का निशाना माना जाता रहा है। इसलिए, दिल्ली विस्फोट के बाद मुंबई में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। आपको बता दें कि सोमवार शाम करीब 6.45 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट इतना तीव्र था कि आसपास का इलाका दहल गया और तीन अन्य वाहनों में आग लग गई। दिल्ली विस्फोट की सूचना मिलते ही मुंबई में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चर्चगेट, दादर, बांद्रा टर्मिनस जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर बम निरोधक टीमों के साथ दंगा नियंत्रण दल तैनात किए गए हैं। यहाँ यात्रियों के बैग और वाहनों की गहन जाँच की जा रही है। सीएसएमटी इलाका अब पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। शहर के धार्मिक स्थलों, बाज़ारों, होटलों, मॉल और अन्य भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस की पैनी नज़र है। मुंबई पुलिस की विशेष शाखा ने अलग-अलग इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और लगातार गश्त कर रही है। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही, संवेदनशील इलाकों में क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) को तैयार रखा गया है। मुंबई पुलिस ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि अगर उन्हें ट्रेन, बस स्टैंड, बाज़ार या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी संदिग्ध वस्तु, बैग या व्यक्ति दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उनसे पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 100 या स्थानीय पुलिस स्टेशन पर संपर्क करने की अपील की गई है। पुलिस ने कहा, आपकी सतर्कता ही हमारी ताकत है।

## निठारी कांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी मामलें में भी किया बरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश को झकझोर देने वाले निठारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को आखिरकार सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कोली से जुड़े अंतिम बचे मामले में भी उसकी सजा रद्द कर दी। अदालत ने कहा कि जब बाकी सभी मामलों में उसे बरी किया जा चुका है, तो समान साक्ष्यों के आधार पर इस एक मामले में सजा बरकरार रखना न्यायसंगत नहीं होगा। कोर्ट के इस फैसले के बाद कोली अब जेल से बाहर आ सकेगा, बशर्ते किसी अन्य मामले में वह वांछित न हो।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने कोली की क्युरेटिव याचिका स्वीकार करते हुए उसे सभी आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने 15 फरवरी 2011 के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कोली की सजा बरकरार रखी थी। साथ



ही, 28 अक्टूबर 2014 का वह निर्णय भी रद्द कर दिया गया, जिसमें उसकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी गई थी।

पीठ ने कहा कि यदि अन्य मामलों में समान साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को निर्दोष पाया गया है, तो इस एक मामले में सजा देना न्याय की दृष्टि से असंगत होगा। जस्टिस विक्रम नाथ ने आदेश सुनाते हुए कहा, कोली को सभी आरोपों से मुक्त किया जाता है। यदि वह किसी अन्य मुकदमे में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। सुरेंद्र कोली ने अपनी क्युरेटिव याचिका में यह तर्क दिया था कि जिन सबूतों के आधार पर उसे इस मामले में दोषी ठहराया गया था, वही सबूत अन्य मामलों में अविश्वसनीय माने गए थे और उन पर उसे पहले ही बरी किया जा चुका है।

गौरतलब है कि निठारी कांड में नोएडा के निठारी गांव से कई बच्चों और महिलाओं के लापता होने, हत्या और उनके अवशेष बरामद होने के बाद पूरे देश में सनसनी फैल गई थी। इस मामले में कोली और उसके मालिक मोनिंदर सिंह पंधेर पर कई मामलों में मुकदमे चले थे। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2025 में ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा था, जिसमें दोनों आरोपियों को 14 मामलों में बरी कर दिया गया था। अब अंतिम मामला भी समाप्त होने के साथ ही सुरेंद्र कोली की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है।

## मित्र शक्ति-2025: भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**जयपुर (एजेंसी)।** बेलगावी,(ईएमएस)। भारत और श्रीलंका के बीच 11वां संयुक्त सैन्य अभ्यास ÷मित्र शक्ति-2025÷ आज कर्नाटक के बेलगावी स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में शुरू हो गया। 10 से 23 नवंबर तक चलने वाले इस अभ्यास में भारत से राजपूत रेजिमेंट के 170 सैनिक और श्रीलंका से गजाबा रेजिमेंट के 135 जवान हिस्सा ले रहे हैं। दोनों वायुसेनाओं से 30 अधिकारी-कर्मी जुड़े हैं। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अध्याय 7 के तहत सब-कन्वेंशनल ऑपरेशंस, खासकर आतंकवाद-रोधी कार्रवाइयों में समन्वय बढ़ाना है। सैनिक छापेमारी, सर्च एंड डेस्ट्रॉय मिशन, हेलिबोर्न ऑपरेशन का अभ्यास करेंगे। आर्मी मार्शल आर्ट्स, कॉम्बैट रिफ्लेक्स शूटिंग और योग भी शामिल हैं।

श्रीलंका की गजाबा रेजिमेंट अनुराधापुरा के निकट सालियापुरा में स्थित है। 1980 में 100 एकड़ पर शुरू हुई यह इकाई राजराटा राइफल्स और विजयबाहु इन्फेंट्री की पहली बटालियनों के विलय से 1982 में बनी। शुरू में 30 सैनिकों से आरंभ होकर यह श्रीलंका की सबसे बहादुर रेजिमेंट बनी, जिसने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की राजपूत रेजिमेंट 1778 में स्थापित सबसे पुरानी पैदल सेना इकाई है। ÷वीर भोग्या वसुंधरा÷ इसका आदर्श वाक्य है। 1947, 1965, 1971 के युद्धों और कारगिल संघर्ष में इसने अद्वितीय शौर्य दिखाया। कठोर अनुशासन, प्रशिक्षण और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत राजपूत सैनिक रेगिस्तान से हिमालय तक हर चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। इस बार अभ्यास में ड्रोन, काउंटर-यूएएस सिस्टम का संचालन, हेलिपैड सुरक्षा, घायल निकासी और आपात समन्वय पर जोर है। आधुनिक तकनीकें दोनों सेनाओं की क्षमता बढ़ाएंगी। मित्र शक्ति से सैन्य सामंजस्य, रणनीति साझेदारी और अनुभव आदान-प्रदान मजबूत होगा। आतंकवाद- रोधी दक्षता बढ़ेगी, आत्मविश्वास मजबूत होगा। यह अभ्यास भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देगा, पड़ोसी देशों के बीच विश्वास और मित्रता को सुदृढ़ करेगा।

## सराफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में भाई दूज के दिन भी गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने की कीमत में आज लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 4,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 4,690 रुपये प्रति 10 ग्राम तक टूट गया है। वहीं, चांदी आज 4 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में हुई इस कमी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,25,880 रुपये से लेकर 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,15,390 रुपये से लेकर 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर



पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,26,030 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,25,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,15,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,25,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,15,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,26,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,15,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,25,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,15,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


## आवश्यक सूचना

### तलाश गस्ती अज्ञात शव

कृपया सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.11.2025 को ईदगाहा परिसर के अन्दर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया है, जिसका हुलिया

निम्नवत है-: ऑख नाक कान औसत रंग गेहुओं इकहरा पतला

दुबला जिस्म तथा कद करीब 5.4 इंच हैं कपडे भूरे रंग का उनी स्वेटर व ग्रे रंग का लोअर चेहरे पर हल्की दाहडी है सीने पर बाई ओर ममता लिखा है। देखने से अस्वस्थ्य प्रतीत होता है। यदि किसी व्यक्ति को इनकी जानकारी होती हैं तो निम्न नम्बरोपर सूचना देने का कष्ट करे।



1. क्षेत्राधिकारी कटघर 9454401541
2. थानाध्यक्ष गलशहीद 9454404039
3. चौकी प्रभारी सम्भल चौराहा 8077096417

(उ0नि0 देवेन्द्र सिंह)
थाना गलशहीद, मुरादाबाद।